सूर्योदय 5:23 सूर्यास्त 7:16

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 26 अधि |
| धर्मशाला | 28 न्यू | 35 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,721 |
| निफ्टी | 24,853 |
| सोना 95,516 | चांदी 97,654 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



राहुल गांधी ने विदेश मंत्री जयशंकर से पूछे 3 सवाल

पृष्ठ 13 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 24 मई 2025 | 11 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 145, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

### आज का मैच

पंजाब vs दिल्ली

समय: रात 7:30 बजे (जयपुर)

## न्यूज शॉर्ट्स

### ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स पर केंद्र दे जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से एक जनहित याचिका पर जवाब मांगा है, जिसमें सभी ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी ऐप्लिकेशनों को विनियमित करने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह नोटिस केए पॉल द्वारा दायर याचिका पर जारी किया, जिन्होंने दावा किया कि कई बच्चों ने ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए में लिप्त होने के कारण आत्महत्या की है। याचिकाकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि कई ऑनलाइन इन्फ्लुएंसर, अभिनेता और क्रिकेटर इन एप्स का प्रचार कर रहे हैं, जिससे बच्चे सट्टेबाजी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### आधी रात को कांपी नेपाल की धरती

**काठमांडू।** भारत के पड़ोसी और हिमालयी देश नेपाल की धरती भूकंप की वजह से कांप उठी। दरअसल,



वीरवार और शुक्रवार की मध्य रात्रि को नेपाल में 4.3 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। लोग आधी रात को आधी नींद में ही घरों से भागने लगे। भूकंप की जानकारी, राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने दी। वहीं, इंडोनेशिया में भी 5.9 की तीव्रता का भूकंप आया है। इसकी जानकारी जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) ने दी। हालांकि किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### यूपी में तूफान से 60 लोगों की मौत

**लखनऊ।** यूपी में पिछले दो दिनों में आंधी-बारिश ने खूब तबाही मचाई। प्रदेश में कहीं दीवार गिरी, कहीं पेड़ गिरे और कहीं बिजली के खंभे। प्रदेश के 21 जिलों में आई आपदा की चपेट में आकर कुल 60 लोगों की मौत हो गई। कई जगहों पर बिजली के खंभे भी उखड़ गए, जिससे काफी समय तक बिजली प्रभावित रही। बुलंदशहर में 89 किमी प्रति घंटे तो मेरठ में 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवाएं चलीं। आगरा, अलीगढ़ के साथ प्रदेश के अन्य पूर्वी इलाकों में भी 50 से 80 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चलीं। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- विमल नेगी केस की सीबीआई जांच सत्य की जीत: बिंदल पेज 3
- चक्की मा‍जरा में अवैध खनन जोरों पर, विभाग बेखबर -पेज 4
- शिमला को अग्रणी जिला बनाने पर कार्य करें अधिकारी -पेज 6
- ब्लास्टिंग के बजाय बारिश को बता दिया नुकसान का कारण -पेज 9
- जिला परिषद के निर्वाचन क्षेत्रों की अधिसूचना प्रकाशित -पेज 12

# सीबीआई करेगी विमल नेगी मौत की जांच

## प्रदेश हाईकोर्ट ने नेगी की पत्नी की याचिका पर दिया आदेश

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के मुख्य अभियंता-सह-महाप्रबंधक विमल नेगी की रहस्यमयी मौत की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का आदेश दिया है। यह आदेश उनकी पत्नी किरण नेगी द्वारा दायर रिट याचिका को स्वीकार करने के बाद दिया गया है। अदालत में फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल ने कहा कि शिमला के एसपी संजीव गांधी के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा की जा रही जांच में विसंगतियां हैं और यह भरोसा जगाने में विफल रही है।



विमल नेगी की फाइल फोटो

अदालत ने कहा कि डीजीपी अतुल वर्मा द्वारा प्रस्तुत हलफनामे और एसआईटी द्वारा प्रस्तुत स्थिति रिपोर्ट में गंभीर खामियां सामने आई हैं और जांच की निष्पक्षता पर संदेह पैदा हुए हैं। अदालत ने कहा, 'एसआईटी द्वारा की जा रही जांच सही दिशा में नहीं बढ़ रही है। डीजीपी द्वारा हलफनामे सहित अदालत के समक्ष पेश की गई सामग्री से पता चलता है कि जांच मृतक के परिवार द्वारा उठाई गई प्रमुख चिंताओं को दूर करने में विफल रही है। उनकी शंकाएं निराधार नहीं हैं और एक स्वतंत्र एजेंसी द्वारा निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।

अदालत ने निर्देश दिया कि सीबीआई को इस शर्त के साथ जांच का जिम्मा संभालना चाहिए कि हिमाचल प्रदेश कैडर का कोई भी अधिकारी जांच टीम का हिस्सा न हो। पारदर्शिता सुनिश्चित करने और जांच प्रक्रिया में जनता का विश्वास बहाल करने के लिए यह कदम जरूरी है।

**हिमाचल कैडर का कोई भी अधिकारी जांच टीम में नहीं होगा शामिल**

गौर रहे कि राज्य की ओर से पेश हुए एडवोकेट जनरल अनूप रतन और किरण नेगी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता आरके बावा के बीच तीन घंटे तक चली विस्तृत बहस के बाद 21 मई को फैसला सुनाने के लिए सुरक्षित रख लिया गया था। याचिका में स्थानीय पुलिस द्वारा पक्षपातपूर्ण और अप्रभावी जांच का हवाला देते हुए अदालत से हस्तक्षेप की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान एक नाटकीय मोड़ आया, जिसमें पुलिस महानिदेशक और अतिरिक्त मुख्य सचिव, जिन्हें याचिकाकर्ता ने पक्षकार बनाया था, ने एडवोकेट जनरल के कार्यालय के माध्यम से अपना पक्ष रखने से मना कर दिया। उन्होंने सीधे अदालत में असहमतिपूर्ण स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिससे चल रही एसआईटी जांच की ईमानदारी और दिशा के बारे में कई असहज सवाल उठे।

### न्याय से समझौता नहीं किया जा सकता

**इस** आदेश के साथ उच्च न्यायालय ने न केवल राज्य पुलिस की जांच की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया है, बल्कि यह कड़ा संदेश भी दिया है कि न्याय से समझौता नहीं किया जा सकता। सीबीआई अब हिमाचल प्रदेश में हाल के समय के सबसे विवादास्पद और राजनीतिक रूप से संवेदनशील मामलों में से एक की स्वतंत्र जांच शुरू करेगी।

### फैसले का नेता प्रतिपक्ष जयराम ने किया स्वागत

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने उच्च न्यायालय द्वारा विमल नेगी की पत्नी किरण नेगी की याचिका को स्वीकार करते हुए पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई को सौंपने के फैसले का स्वागत किया है।



उन्होंने कहा कि अब इस मामले की निष्पक्ष जांच हो सकेगी और विमल नेगी और उनके परिवार को न्याय मिलेगा। उनकी मृत्यु में जो भी दोषी हैं, उन्हें सजा मिलेगी और उनकी मृत्यु का राज भी बाहर आएगा। भारतीय जनता पार्टी स्वर्गीय विमल नेगी के परिवार के साथ है।

### मंत्री नेगी बोले- सीबीआई को सुप्रीम कोर्ट कह चुका है तोता

**शिमला।** विमल नेगी की संदिग्ध मौत मामले की जांच सीबीआई को सौंपने पर प्रतिक्रिया देते हुए राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने बड़ा बयान दिया है। नेगी ने सीबीआई की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा किया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए जगत सिंह नेगी ने कहा कि हाईकोर्ट ने अपने विवेक पर फैसला सुनाया है, सही ही होगा, लेकिन सीबीआई की जांच पर अपने आप में ही प्रश्नचिन्ह है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में हुए गुड़िया कांड का उदाहरण देते हुए कहा कि उस मामले में भी भाजपा ने खूब हल्ला किया था। मामले की जांच सीबीआई ने की थी, लेकिन जांच में क्या निकला। मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट सीबीआई को तोता बता चुका है और पिछले 11 सालों में एजेंसी की स्थिति और भी खराब हुई है। जगत सिंह नेगी ने बताया कि विमल नेगी मामले में एसआईटी निष्पक्ष जांच कर रही थी। उन्होंने कहा कि अभी उन्होंने हाईकोर्ट के फैसले को नहीं देखा है, जिसमें हाइकोर्ट ने किन कारणों में जांच को सीबीआई को सौंपने का फैसला किया है। मंत्री ने यह भी कहा कि पुलिस, एसआईटी और एसीएस राजस्व विभाग पूरी पारदर्शिता के साथ मामले की जांच कर रहे थे। (अनंत ज्ञान)



**कहा, सीबीआई जांच अपने आप में ही प्रश्नचिन्ह**

### संजौली मस्जिद में जुमे की नमाज पर बवाल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला के संजौली में शुक्रवार को उस वक्त माहौल तनावपूर्ण हो गया, जब विवादित मस्जिद में मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज अदा करने पहुंचे। दोपहर बाद करीब एक बजे जब विशेष समुदाय के लोग संजौली मस्जिद में नमाज करने पहुंचे, तो यहां पहले से मौजूद देवभूमि संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने नमाज पर आपत्ति जताई। इसके बाद कुछ देर के लिए माहौल गरमा गया। संघर्ष समिति के सह संयोजक विजय शर्मा ने कहा, पुलिस हिंदू संगठनों को हनुमान चालीसा का पाठ करने की अनुमति नहीं दे सकती, तो अवैध मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करने की अनुमति भी नहीं दी जानी चाहिए। वहीं, संजौली मस्जिद मामले में शुक्रवार को सेशन कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत में कैविएट पर बहस हुई। कोर्ट ने 26 मई को होने वाली अगली सुनवाई के लिए मस्जिद कमेटी और नगर निगम शिमला को समन भेजने को कहा। अब अगली सुनवाई में ही वक्फ बोर्ड की याचिका पर फैसला संभव है।

**मस्जिद मामले में 26 को होगी अगली सुनवाई**

### बीएसएफ अलंकरण समारोह में बोले अमित शाह

## बीएसएफ जवानों ने गोली का जवाब गोले से दिया

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमा सुरक्षा बल के अलंकरण समारोह में कहा कि पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी की दुनिया में सराहना हो रही है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बीएसएफ ने गोली का जवाब गोले से दिया।



आतंकियों को उनके अंजाम तक पहुंचाया। ऑपरेशन सिंदूर में सीमा सुरक्षा बल ने शानदार काम किया। हमने पाकिस्तान में आतंकी अड्डों को तबाह किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि यह ऑपरेशन पाकिस्तान के आतंकवादी हमलों का जवाब था, खासकर पहलगाम में हुए निर्दोष नागरिकों के हत्याकांड के बाद। अमित शाह ने कहा, 'पहलगाम में आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों को उनके परिवारों के सामने उनके धर्म के आधार पर मार दिया था और ऑपरेशन सिंदूर उसी हमले का जवाब था। पूरी दुनिया भारतीय सशस्त्रबलों की बहादुरी की सराहना कर रही है।'

उन्होंने कहा कि जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने, तब उरी में हमारे सैनिकों पर जानलेवा हमला हुआ। इसके बाद ही हमने सर्जिकल स्ट्राइक का फैसला लिया और आतंकियों के ठिकानों पर हमला किया। (अनंत ज्ञान)

### मॉस्को में ड्रोन हमले से बाल बाल बचे भारतीय सांसद

**एजेंसी, मॉस्को।** भारत के सांसदों का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल, जो ऑपरेशन सिंदूर के तहत रूस पहुंचा था, मॉस्को एयरपोर्ट पर ड्रोन हमले की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। इस प्रतिनिधिमंडल में डीएमके सांसद कनिमोझी, समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय, आरजेडी के प्रेमचंद गुप्ता, कैप्टन ब्रिजेश, अशोक कुमार मित्तल और भारत के पूर्व राजनयिक मंजीव सिंह पुरी शामिल हैं। यह प्रतिनिधिमंडल उस समय खतरे में पड़ गया, जब उनका विमान मॉस्को एयरपोर्ट पर लैंडिंग के लिए तैयार था। उसी समय यूक्रेन की ओर से मॉस्को पर कथित ड्रोन हमला हुआ, जिससे हवाई अड्डे की सुरक्षा व्यवस्था में खलबली मच गई। हमले के बाद मॉस्को एयरपोर्ट पर अफरातफरी का माहौल बन गया और वहां की हवाई यातायात व्यवस्था को कुछ समय के लिए स्थगित करना पड़ा। सांसदों वाला विमान कई घंटों तक आसमान में चक्कर लगाता रहा, क्योंकि उसे लैंडिंग की अनुमति नहीं मिल रही थी। आखिरकार सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के बाद विमान को सुरक्षित रूप से एयरपोर्ट पर उतारा गया। (अनंत ज्ञान)

### मोहम्मद यूनुस जल्द दे सकते हैं इस्तीफा

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं। बीबीसी की बांग्ला सेवा ने वीरवार आधी रात को छात्रों के नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी के प्रमुख एनहिद इस्लाम के हवाले से यह खबर दी। इसमें कहा गया कि यूनुस को लगता है कि राजनीतिक दलों के बीच सहमति नहीं बन पाने के कारण काम करना मुश्किल हो रहा है। नाहिद इस्लाम ने मीडिया समूह से कहा, 'हम सुबह से मो. यूनुस के इस्तीफे की खबर सुन रहे हैं। इसलिए मैं उस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए उनसे मिलने गया था। उन्होंने यही कहा कि वह इस बारे में सोच रहे हैं। उन्हें लगता है कि स्थिति ऐसी है कि इसमें वह काम नहीं कर सकते।' (अनंत ज्ञान)

## गढ़चिरौली में सीआरपीएफ ने चार नक्सलियों को किया ढेर

एजेंसी, मुंबई

महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित गढ़चिरौली जिले में शुक्रवार को एक संयुक्त अभियान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और पुलिस की विशेष कमांडो इकाई सी-60 ने मुठभेड़ के दौरान चार नक्सलियों को मार गिराया। बताया जा रहा है कि सीआरपीएफ के 300 जवानों की टीम ने जंगल के बीच नक्सलियों को घेरकर मारा है। बड़ी संख्या में हथियार बरामद किए गए हैं।

मामला कवांडे और नेलगुंडा इलाके का है। मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह गुंडा इलाके में नक्सलियों ने जवानों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। लगभग 2 घंटे से रुक-रुककर गोलीबारी जारी रही। सर्चिंग के दौरान 4 नक्सलियों के शव, एक सेल्फ लोडिंग राइफल, एक 303 राइफल और एक भरमार बंदूक बरामद की गई। (अनंत ज्ञान)

### सुकमा में एक नक्सली को मार गिराया

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के किस्टाराम इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में जवानों ने एक नक्सली को मार गिराया है। सर्च अभियान जारी है। सुकमा पुलिस ने कहा, 'सुकमा जिले के किस्टाराम इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच पिछल कल 22 मई से ही रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान जारी है।'

## सीएम ने वित्त मंत्री से उठाया उधार सीमा में छूट का मामला

### तुर्किये से आयातित सेब मामले पर भी किया विचार-विमर्श

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट की। मुख्यमंत्री ने राज्य से संबंधित विभिन्न बजटीय और वित्तीय मामलों से उन्हें अवगत करवाया व तुर्किये से आयातित सेब के मामले पर भी बात की। उन्होंने हिमाचल सहित देश के सेब उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिए सेब पर आयात शुल्क में एक सर्वव्यापी वृद्धि के लिए भी आग्रह किया।



नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट करते सीएम सुक्खू।

मुख्यमंत्री ने वित्त मंत्री से हिमाचल और अन्य विशेष श्रेणी राज्यों की उधार सीमा को कम से कम दो प्रतिशत बढ़ाने का अनुरोध भी किया। वहीं, राजकोषीय प्रबंधन में सुधार के लिए राज्य सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों और कई वित्तीय बाधाओं के बावजूद वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में भी जानकारी दी।

### हिमाचल के लिए अधिक निधि जारी करने की मांग

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया से भी भेंट की। इस दौरान राज्य सरकार के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति में आयोग के समक्ष प्रस्तुति दी और राज्य की ओर से एक अतिरिक्त ज्ञापन भी सौंपा। मुख्यमंत्री ने राज्य के लिए निधि आवंटन बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश के पहाड़ी राज्य भौगोलिक दृष्टि से विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हैं, इसलिए उन्हें उनका उचित हक मिलना चाहिए। प्रदेश ने पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए राज्य द्वारा दी जा रही सेवाओं के लिए ग्रीन बोनस की मांग भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कमी के कारण राज्य को नुकसान हुआ है और इसके लिए राज्य को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हिमाचल प्रदेश के लिए राजस्व घाटा अनुदान को बढ़ाया जाना चाहिए, न कि धीरे-धीरे समाप्त किया जाए। डॉ. पनगढ़िया ने आश्वासन दिया कि आयोग राज्य के आग्रह पर विचार करेगा।

## वाराणसी के मुस्लिम इलाकों में 12 दिन घूमी थी ज्योति

एजेंसी, वाराणसी

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में अरेस्ट ज्योति मल्होत्रा वाराणसी के मुस्लिम इलाकों में 12 दिन घूमी थी।



यहां वह मुस्लिम लोगों से अस्सलाम वालेकुम कहकर मिलती थी। साल 2022 में ज्योति काशी में 3 दिन एक गेस्ट हाउस में ठहरी। उसके यू-ट्यूब चैनल पर श्री काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार सहित अलग-अलग स्थानों के 12 वीडियो अपलोड हैं। काशी भ्रमण से जुड़े वीडियो और शॉर्ट वीडियो पांच महीने से दो साल पुराने हैं। इनमें दिल्ली से वाराणसी व वाराणसी से दिल्ली की बस, ट्रेन की यात्रा और काशी के सभी प्रमुख स्थानों से संबंधित वीडियो शामिल हैं। हालांकि विश्वनाथ धाम से संबंधित वीडियो में वह सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करते हुए नहीं दिखी है। पुलिस ने उसे जहां मोबाइल फोन और कैमरे के साथ रोक दिया था, वहीं वह रुक गई थी। जांच एजेंसियां काशी में भी जांच कर रही हैं। लोकल इंटेलिजेंस यूनिट पता कर रही है कि ज्योति कहां-कहां गई थी और उसने कैसी सूचनाएं जुटाईं। (अनंत ज्ञान)

### हार्वर्ड विवि में विदेशी छात्रों के प्रवेश पर रोक

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की विदेशी स्टूडेंट्स को एडमिशन देने की योग्यता रद्द कर दी है। अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने गुरुवार देर रात होमलैंड सुरक्षा विभाग को हार्वर्ड के स्टूडेंट एंड एक्सचेंज विजिटर प्रोग्राम का सर्टिफिकेशन तत्काल प्रभाव से रद्द करने का आदेश दिया। विदेशी स्टूडेंट्स को एडमिशन देने की योग्यता वापस पाने के लिए हार्वर्ड को 72 घंटों में मौजूदा बाहरी स्टूडेंट्स की जानकारी देनी होगी। अभी यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे सभी विदेशी छात्रों को दूसरे संस्थानों में ट्रांसफर लेने के लिए कहा गया है, नहीं तो उन्हें देश छोड़ना पड़ सकता है। (अनंत ज्ञान)

## छात्रों के सुसाइड पर राजस्थान सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई कड़ी फटकार

### सरकार से पूछा- कोटा में ही आत्महत्या क्यों कर रहे स्टूडेंट्स ?

एजेंसी, नई दिल्ली

स्टूडेंट्स सुसाइड मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान कोटा में हो रहे स्टूडेंट्स सुसाइड के मामलों को भी गंभीर बताया और राजस्थान सरकार को फटकार लगाई।



सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की बेंच ने कहा, 'कोटा में इस साल अब तक 14 स्टूडेंट्स सुसाइड कर चुके हैं। आप एक राज्य के तौर पर इसे लेकर क्या कर रहे हैं? स्टूडेंट्स कोटा में ही क्यों आत्महत्या कर रहे हैं? एक राज्य के तौर पर क्या आपने इस पर कोई विचार नहीं किया।' सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी कोटा में छात्रा का शव मिलने और आईआईटी खड़गपुर के छात्र के सुसाइड मामले की सुनवाई के दौरान की। कोर्ट ने राजस्थान सरकार से मामले में जवाब मांगा है। (अनंत ज्ञान)

### कोई संस्था महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मातृत्व अवकाश से जुड़ा एक अहम फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि मातृत्व अवकाश मातृत्व लाभ का एक अभिन्न अंग है और महिलाओं के प्रजनन अधिकारों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि कोई भी संस्था किसी महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती। यह ऐतिहासिक आदेश तमिलनाडु की एक महिला सरकारी शिक्षिका की ओर से दायर याचिका पर आया। महिला को दूसरी शादी से हुए बच्चे के जन्म के बाद मातृत्व अवकाश देने से मना कर दिया गया था। अपनी याचिका में महिला ने कहा कि उसे मातृत्व अवकाश देने से इस आधार पर मना कर दिया गया कि उसकी पहली शादी से दो बच्चे हैं। तमिलनाडु में नियम है कि मातृत्व लाभ केवल पहले दो बच्चों को ही मिलेगा। याचिकाकर्ता ने कहा कि उसने अपनी पहली शादी से हुए दो बच्चों के लिए कोई मातृत्व अवकाश या लाभ नहीं लिया है। वह दूसरी शादी के बाद ही सरकारी सेवा में आई है।

### हिमाचल के आठ एचएएस अफसर बने आईएएस

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा के आठ ऑफिसर प्रमोट होकर आईएएस बन गए हैं। संघ लोक सेवा आयोग की टीम ने दो महीने पहले ही हिमाचल के 8 एचएएस अफसरों की शिमला के पीटरहॉफ में इंडक्शन की थी। प्रमोट किए गए अधिकारियों में डॉ. मधू चौधरी, मनोज कुमार, प्रभा राजीव, सतीश कुमार शर्मा, आशीष कुमार कोहली, जितेंद्र सांजटा, वीरेंद्र शर्मा व हेमिस नेगी शामिल हैं। हिमाचल में आईएएस कैडर की सेंक्शन स्ट्रैंथ 152 है। राज्य में अभी 114 के करीब आईएएस सेवारत हैं। 15 से ज्यादा आईएएस केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चल रहे हैं। 8 एचएएस की प्रमोशन के बाद राज्य में 122 आईएएस हो जाएंगे। केंद्रीय कार्मिक विभाग ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।

**मौसम** हिमाचल प्रदेश के कई भागों में लगातार सात दिन बारिश के आसार

## 7 जिलों में आज अंधड़-ओलावृष्टि का अलर्ट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश के कई भागों में एक सप्ताह तक लगातार बारिश होने का पूर्वानुमान है। वहीं, सात जिलों के लिए 24 मई को अंधड़ चलने व ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, 28 मई तक मौसम लगातार खराब बना रहेगा। इस दौरान ज्यादातर इलाकों में बारिश, तूफान, आसमानी बिजली गिरने और ओलावृष्टि का पूर्वानुमान है।

**50 से 60 किमी प्रति घंटे की गति से चलेंगी हवाएं**

24, 25 और 26 मई के दौरान राज्य के मध्य पर्वतीय और निचले-मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है, जबकि 27 से 29 मई के दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। 24 से 27 मई के दौरान कई भागों में अंधड़ चलने का येलो अलर्ट है। 24 मई को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन व सिरमौर जिले में अंधड़-ओलावृष्टि का अलर्ट है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।



### कहां-कितना दर्ज किया न्यूनतम तापमान

**शिमला** में न्यूनतम तापमान 15.2, सुंदरनगर 20.6, भुंतर 17.4, कल्पा 11.8, धर्मशाला 19.6, ऊना 20.5, नाहन 19.9, केलांग 8.7, पालमपुर 18.0, सोलन 18.2, मनाली 14.5, कांगड़ा 21.6, मंडी 21.3, बिलासपुर 21.2, हमीरपुर 20.6, डलहौजी 15.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

### अधिकतम तापमान में आएगा बदलाव

**अगले** 24 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। उसके बाद अगले 3-4 दिनों के दौरान धीरे-धीरे 3-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। अगले 3-4 दिनों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने की संभावना है।

## न्यूज ब्रीफ

### 27 तक ई-केवाईसी करवाएं धनेटा के बिजली उपभोक्ता

**संजय कुमार, अनंत ज्ञान, धनेटा।** विद्युत उपमंडल धनेटा के सहायक अभियंता सुशील कुमार ने अभी तक ई-केवाईसी न करवाने वाले क्षेत्र के बिजली कनेक्शन धारकों से 27 मई तक अपनी ई-केवाईसी करवाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि ये कनेक्शन धारक किसी भी कार्य दिवस को सुबह 10 से सायं 5 बजे तक विद्युत उपमंडल कार्यालय में आकर अपनी ई-केवाईसी करवा सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड, आधार से लिंक्ड मोबाइल नंबर, राशन कार्ड और बिजली का बिल अवश्य साथ लाएं।

### आवास योजना के लिए पात्र करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एडीसी एवं नगर निगम हमीरपुर के आयुक्त अभिषेक गर्ग ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत मकान बनाने के लिए शहर के पात्र लोगों से ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है। अभिषेक गर्ग ने बताया कि शहर में रहने वाले ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लोग प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 का लाभ लेने के लिए पात्र हैं। इन लोगों को मकान निर्माण के लिए शहरी विकास विभाग के माध्यम से अढ़ाई लाख रुपए की राशि मिलेगी। उन्होंने बताया कि आवेदक नगर निगम क्षेत्र हमीरपुर का स्थायी निवासी होना चाहिए तथा उसके परिवार की सालाना आय 3 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। इच्छुक लोग वेब पोर्टल पीएमएवाई एमआईएस.जीओवी.इन पर स्वयं या लोकमित्र केंद्र में जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आवेदक एवं उसके परिजनों के आधार नंबर, आवेदक के बैंक खाते का विवरण, आय प्रमाण पत्र और जमीन का पर्चा-ततीमा आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए नगर निगम हमीरपुर के कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है।

### बच्चों को काइंडनेस चैलेंज के तहत दिया दैनिक टिप

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर में मासिक कार्यक्रम ग्रेट काइंडनेस चैलेंज मनाया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन कक्षा पहली से कक्षा आठवीं तक के छात्रों को दैनिक काइंडनेस टिप दिया जा रहा है, जिसकी प्रतिक्रिया अध्यापक और अभिभावक फोटो और वीडियो के माध्यम से साझा कर रहे हैं। विद्यालय प्राचार्य शशि बाला ने अभिभावकों की प्रतिक्रिया को अध्यापकों के साथ साझा करते हुए कहा कि शिक्षा और संस्कार से ही छात्रों का सर्वांगीण विकास संभव है। कार्यक्रम समन्वयक विनता राणा एवं अध्यापक वर्ग को सफल कार्यक्रम के लिए सराहना की।

### गोशालाओं की अनुदान राशि बढ़ाने पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान, नादौन।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने गोवंश के पालन पोषण व चारे के लिए गोशालाओं को दिए जाने वाले अनुदान की राशि में सालाना रिकार्ड 6000 रुपए प्रति गोवंश बढ़ोतरी कर जहां गोशालाओं की पीड़ा को समझा है, वहीं गोमाता के प्रति सच्ची आस्था भी जताई है। यह बात गोसेवा समिति नादौन के अध्यक्ष बलवीर चौधरी ने कही। राशि बढ़ने से गोशालाओं व कऊ सेंचुरियों को चलाने में काफी सुविधा व राहत मिलेगी। बलवीर चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री न केवल हर वर्ग के हित में सोच रहे हैं बल्कि बेजुबान गोवंश की भलाई के लिए भी सराहनीय कार्य कर रहे हैं। अब गौशालाओं के संचालकों को गोशालाएं चलाने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### कांगू स्कूल में आज होगी छात्रों की स्वास्थ्य जांच

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांगू में क्राइम कंट्रोल एंड सोशल रिफॉर्म संस्था के सौजन्य से एक स्वास्थ्य जागरूकता एवं परामर्श शिविर का आयोजन 24 मई को किया जा रहा है। इस शिविर में कक्षा छठी से बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। इस शिविर में राजकीय अस्पताल से एक महिला चिकित्सक सहित दो डॉक्टर विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच करेंगे। साथ ही, प्रशिक्षित टेक्नीशियन सभी विद्यार्थियों के रक्त समूह की जांच भी की जाएगी। इसके अतिरिक्त, पुलिस विभाग से हरीश गुलेरिया (एचपीएस) डिप्टी एसपी (एलआर) हमीरपुर, वर्तमान में एसडीपीओ नादौन में तैनात हैं, विद्यार्थियों को नशा निवारण विषय पर संबोधित करेंगे। संस्था के अध्यक्ष अनिल गुलेरिया ने कहा कि यदि देश का भविष्य अर्थात हमारे विद्यार्थी स्वस्थ होंगे, तभी हमारा देश भी स्वस्थ और सशक्त बन सकेगा।

### बेटियां फाउंडेशन ने सम्मानित किए मेधावी छात्र

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोअर हरेटा में एनजीओ बेटियां फाउंडेशन द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेविका संतोष वनियाल बेटियां फाउंडेशन के जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार जिला को-ऑर्डिनेटर नीलम कुमारी ने शिरकत की। इस अवसर पर संस्था की ओर से मेधावी बच्चों को स्मृति चिन्ह व मेडल देकर सम्मानित किया गया। गरीब बच्चों के लिए बेटियां फाउंडेशन के सौजन्य से पुस्तकें भी आवंटित की गई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संतोष ने बेटियां फाउंडेशन के कार्यों का उल्लेख किया। संतोष कुमार ने बेटियां फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योत्सना जैन मैनेजिंग डायरेक्टर प्रांजल जैन के मार्गदर्शन पर बेटियों के लिए उनके दृष्टिकोण के बारे में भी अवगत करवाया। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्रधानाचार्य प्रवीण कुमार, अनिल कुमार, रामेश्वर रांगड़ा ने बेटियां फाउंडेशन के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की। बेटियां फाउंडेशन द्वारा बच्चों को स्मृति चिन्ह व मेडल व किताबें भी बांटी गईं। इस मौके पर अन्य सदस्य राजकुमार, सीमा, मीना, माया देवी, विवेक कुमार, बीके पाल, अनिल कुमार, सुभाष चंद, देशराज, अविनाश ठाकुर, कृष्ण कुमार आदि भी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए प्रदेश की टीम रवाना

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान, जाहू।** 25 से 31 मई तक मध्य प्रदेश के अलपाइन अकादमी इंदौर में होने वाली लड़के व लड़कियों की राष्ट्रीय सब जूनियर व्यावहारिक नेटबॉल और फास्ट फाइव व मिक्स वर्ग की प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का दल शुक्रवार को रवाना हुआ। हिमाचल प्रदेश नेटबॉल संघ के महासचिव अशोक आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि तीनों राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं 25 से 31 मई तक खेली जाएंगी। इनमें 25 से 28 मई तक व्यावहारिक नेटबॉल खेल की प्रतियोगिताएं होंगी। इसी तरह 28 से 30 मई तक फास्ट फाइव की प्रतियोगिता व 29 से 31 मई तक मिक्स नेटबॉल की प्रतियोगिताएं होंगी। उन्होंने बताया कि टीमों के कोच नितिन राठौर व कमान अंशुल कौशल व कोमल को बनाया गया है। हिमाचल प्रदेश नेटबॉल संघ के प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर का कहना है कि प्रदेश के खिलाड़ी तीनों इवेंट में अच्छा प्रदर्शन करके हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

### राणा ने उच्च न्यायालय के आदेश का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** इंजीनियर विमल नेगी आत्महत्या प्रकरण में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा सीबीआई जांच के आदेश को पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने स्वागत योग्य और न्याय की दिशा में बड़ा कदम बताया है। उन्होंने कहा कि विमल नेगी परिवार के साथ साथ प्रदेश की जनता और कई सामाजिक संगठनों की लंबे समय से यही मांग थी कि इस संवेदनशील मामले की निष्पक्ष जांच के लिए इसे केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपा जाए, लेकिन राज्य सरकार शुरू से ही संदिग्ध भूमिका निभाती रही और इस गंभीर मामले को दबाने में जुटी रही। राणा ने कहा कि अब जब यह जांच सीबीआई के हाथ में आई है तो छोटे से लेकर बड़े मगरमच्छ तक शिकंजे में आएंगे और 'दूध का दूध, पानी का पानी' होकर रहेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि अब पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा और पूरे प्रदेश में एक स्पष्ट संदेश जाएगा कि कानून से कोई ऊपर नहीं है।

### यातायात कर्मचारी को मारी टक्कर, आई चोटें

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस थाना नादौन के तहत लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला सामने आया है। इसी लापरवाही के कारण वाहन चालक ने ड्यूटी पर तैनात आरक्षी को टक्कर मार दी, जिसमें कर्मचारी को काफी चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार वीरवार शाम के समय थाना नादौन जिला हमीरपुर में आरक्षी गुलशन थाना नादौन की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार गाड़ी एचपी 55 डी-0600 के चालक राजन नागर पुत्र प्रवीण कुमार निवासी गांव नादौन तेज रफ्तारी व लापरवाही से अपनी गाड़ी को चलाते हुए रंगस के पास ट्रैफिक ड्यूटी में तैनात आरक्षी सुमन कुमार को जोर की टक्कर मार दी। इस कारण उसके सिर, पीठ व टांग में चोटें आई हैं। पुलिस थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया कि आरक्षी सुमन कुमार को मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में उपचाराधीन है तथा मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### दो छात्राएं इंस्पायर मानक अवॉर्ड के लिए चयनित

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के मदर्स प्राइड पब्लिक स्कूल मलोटी की दो छात्राओं श्रेयसी भारद्वाज और प्रीति कौशल का चयन साइंस एवं टेक्नोलॉजी विभाग भारत सरकार द्वारा इंस्पायर मानक अवॉर्ड के लिए किया गया है। इन दोनों छात्राओं को 10-10 हजार रुपए की छात्रवृत्ति साइंस एवं टेक्नोलॉजी विभाग भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई है। ये 10000 की प्रोत्साहन राशि भारत सरकार द्वारा विद्यार्थियों को इसलिए दी जाती है ताकि चयनित विद्यार्थी अपने मॉडल पर काम कर सकें। विद्यार्थी भी इस राशि से मॉडल को बनाते हैं। इस उपलब्धि पर स्कूल के एमडी प्रदीप सिंह और प्रिंसिपल प्रवीन कौशल ने दोनों छात्राओं एवं अध्यापकों को शुभकामनाएं दीं।

# शिक्षा विभाग की ट्रांसफर पॉलिसी पर उठे सवाल

## टीजीटी कला शिक्षक का एक माह में दो बार ही कर दिया तबादला

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** शिक्षा विभाग की ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर सवाल उठना शुरू हो गए हैं। शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों को अंतिम माह में भी तबादले हो रहे हैं। किसी विभाग में कर्मचारी की नौकरी के अंतिम पड़ाव में हो तो उन्हें घर के पास खाली जगहों पर तैनात किया जाता है, ताकि सेवानिवृत्त होने तक अपनी नौकरी आसानी से कर सकें। प्रदेश सरकार में जितने भी कर्मचारी या अधिकारी हैं, वे अपनी नौकरी के कार्यकाल में विभिन्न जगहों पर तबादला होने के बाद सेवानिवृत्ति के अंतिम माह में घर के पास नौकरी करना चाहते हैं, लेकिन शिक्षा विभाग में इसके विपरीत है।

बता दें हमीरपुर जिले के एक हाई स्कूल में तैनात टीजीटी कला शिक्षक की सेवानिवृत्ति को मात्र 8 माह शेष हैं, मगर उसके दो बार तबादला आदेश एक माह में ही आ चुके हैं। बिझड़ी और सुजानपुर खंड में भी ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें सेवानिवृत्ति के कगार पर



**सेवानिवृत्ति को कुछ माह शेष फिर भी कर रहे तबादला**

कार्यरत शिक्षकों के तबादले दूरदराज के इलाकों में किए गए हैं। ट्रांसफर पॉलिसी में साफ लिखा है कि सेवानिवृत्ति के कगार पर बैठे शिक्षकों की ट्रांसफर घर के समीपी स्टेशन में करने की कोशिश की जाए और सेवा के आखिरी 2 साल उनको यह लाभ दिया जाए।

शिक्षा निदेशालय भी आदेश करते हुए शर्त लिख देता है कि यह देख लिया जाए कि शिक्षक की नौकरी 2 साल से अधिक शेष है, मगर इसके बावजूद इन आदेशों को लागू करने हेतु स्कूली मुखियाओं को दबाव का सामना करना पड़ता है, ऐसे में ट्रांसफर आदेश करने से पहले निदेशालय में यह चैक कर लेना चाहिए कि अमुक शिक्षक की सेवानिवृत्ति कब है और ऐसे आदेश जारी ही नहीं करने चाहिएं ताकि शिक्षकों को बड़ी असुविधा का सामना न करना पड़े।

यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री से की है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष देशराज कालिया और महासचिव विजय हीर सहित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संगीता शर्मा, रीता बल्याणी, रीता भारद्वाज, अंजु बाला, कमला चौधरी, स्टेट डेलीगेट्स संजय ठाकुर, सुरेश कुमार, जिला प्रधान संजय वर्मा, अजय कुमार, विजेश अत्री, विजय बरवाल, सुभाष भारती, राकेश चौधरी, पवन धीमान, कुलबीर सिंह, रिग्जिन संदप, यशपाल सिंह, जरनैल सिंह, मोहिंद्र ठाकुर, रमेश अत्री, अमित छाबड़ा ने कहा कि हद से ज्यादा तबादले नहीं किए जाएं और तबादलों की प्रक्रिया को अति जटिल और अति दबावपूर्ण नहीं बनाया जाए ।

तबादला आदेशों को लागू करते हुए रिलीविंग ज्वाइनिंग में राजनीतिक हस्तक्षेप रोका जाए। ज्वाइन करने आए शिक्षकों को ज्वाइन नहीं किया जाना और चार दिन बार आदेश रद्द करवाना भी जिला हमीरपुर का ही मामला है। इसके अलावा बिझड़ी खंड में टीजीटी तबादलों का नया रिकॉर्ड बन चुका है, ऐसे में तबादलों की प्रक्रिया को रोकने पर विचार किया जाए।

### भर्ती पदोन्नति से रिक्त पदों को करें समायोजित : संघ

**टीजीटी** कला संघ ने कहा कि बीआरसीसी भर्ती से और टीजीटी से प्रवक्ता और हेडमास्टर पदोन्नति सूचियां शीघ्र फाइनल करते हुए ट्रांसफर शिक्षकों का समायोजन रिक्त हो रहे पदों पर किया जाए। टीजीटी शिक्षकों का समायोजन प्रवक्ता पदों पर नहीं किया जाए और पुन: नियुक्ति की बनाए नई भर्ती पर फोकस किया जाए।

# भोरंज-भरेड़ी में निकली तिरंगा यात्रा फौजियों ने जगाया देशभक्ति का जोश

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भारतीय सेना द्वारा हाल ही में सफलतापूर्वक संचालित सिंदूर ऑपरेशन की गौरवपूर्ण उपलब्धि का जश्न भोरंज विधानसभा क्षेत्र में देशभक्ति के उल्लास और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी भोरंज मंडल द्वारा भोरंज व भरेड़ी में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

इस विशाल यात्रा में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिक, पूर्व सैनिक और सेवारत फौजी भाइयों ने भाग लिया। तिरंगे से सजे मार्गों से होकर गुज़रती इस यात्रा ने पूरे क्षेत्र को देश प्रेम से सराबोर कर दिया। यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय, वंदे मातरम्, जय हिंद जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। यात्रा का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा सेना को सम्मान देने के साथ-साथ युवाओं को देशसेवा के लिए प्रेरित करने का प्रयास भी है।

पूर्व विधायक कमलेश कुमारी ने कहा कि हम अपने वीर सैनिकों को नमन करते हैं। वहीं, पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान ने कहा कि सैनिक देश की आन-बान और शान हैं। कार्यक्रम में भाजपा के सभी मंडल पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, और आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जोर-शोर से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

# राष्ट्रीय बाल पुरस्कारों के लिए 31 जुलाई तक मांगे ऑनलाइन आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

साहसिक कार्यों, खेलों, कला एवं संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और समाज सेवा सहित 6 महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से इस वर्ष भी प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कारों के लिए 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, शिक्षा विभाग और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अगर उन्हें प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कारों के लिए जिला में किसी योग्य बच्चे का पता चलता है तो तुरंत उसके नाम की संस्तुति राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवाड्र्स.जीओवी.इन पर अवश्य भेजें।

उपायुक्त ने सभी जिला वासियों से भी अपील की है कि अगर उनके क्षेत्र में किसी भी बच्चे ने साहसिक कार्यों, खेलों, कला एवं संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य किया है तो उससे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन करवाएं।

# हमीरपुर शिफ्ट किया जाए शिक्षा निदेशालय

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के हिमाचल प्रदेश इकाई के राज्य संयोजक राजेश कुमार ने कहा कि हिमाचल सरकार का प्राथमिक व उच्च शिक्षा निदेशालयों को मर्ज करना एक सराहनीय कदम है।

मुख्यमंत्री से निवेदन है कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा निदेशालय को हमीरपुर स्थानांतरित कर राजनीतिक परिपक्वता का उदाहरण पेश करें। यह मांग विभिन्न कर्मचारी संगठन भी बार-बार उठा रहे हैं। उनकी इस प्रमुख मांग पर अंतिम मुहर लगाएं, ताकि सभी लोगों को इसका ज्यादा से ज्यादा फायदा हो।

# किसान ने एक-एक किलो का प्याज उगाया



एक-एक किलो के प्याज के साथ सतीश।

**अनंत ज्ञान, गलोड़**

नादौन ब्लॉक की पिछड़ी पंचायत कश्मीर के किसान सतीश कुमार उर्फ निक्कू ने अपने खेतों में एक एक किलो के प्याज उगाकर खेतीबाड़ी के क्षेत्र में इस इलाके में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सतीश कुमार का परिवार शुरू से ही खेतीबाड़ी करता आ रहा है और गांव के लोगों को भी ये खेतीबाड़ी की तरफ प्रेरित करते रहते हैं।

मान खड्ड के किनारे सतीश कुमार ने इस बार प्याज का नया बीज बोया था, जिसे सतीश कुमार नादौन से खरीद कर लाए थे। उन्हें यह विश्वास नहीं था कि इस बार प्याज की इतनी बंपर फसल होगी और एक एक किलो के प्याज भी उगेंगे। इस बार सतीश कुमार को एक क्विंटल के करीब प्याज हुआ है। हालांकि इस प्याज की डिमांड होटलों रेस्तरां में ज्यादा होती है और अपने लोकल घरों में छोटा प्याज ही लोग लेना पसंद करते हैं। सतीश कुमार इस पिछड़ी पंचायत में मौजूदा वार्ड पंच भी हैं।

सतीश कुमार ने बताया कि अगली बार वह बड़े स्तर पर प्याज की फसल बीजाई करेंगे। इस मामले पर नादौन कृषि विभाग से विषय वस्तु विशेषज्ञ अरविंद चहल ने बताया कि हिमाचल के गर्म इलाकों में भी अब इस तरह के बड़े-बड़े प्याज किसानों ने उगाने शुरू किए हैं। ये हलके गुलाबी लाल रंग के होते हैं। इन में पुष्प दंडिका प्रतिरोध क्षमता होती है। तीन से चार माह में ये खेतों में तैयार हो जाता है।

# रेहड़ी-फड़ी को एक सप्ताह में हटाने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

**अवैध रूप से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर होगी कार्रवाई**

सुजानपुर प्रशासन सफाई व्यवस्था व अतिक्रमण को लेकर के गंभीर हो गया है। एक सप्ताह के भीतर जहां गंदी नाली के ऊपर लग रही रेहड़ी-फड़ी को हटा कर जगह खाली करनी होगी, वहीं अतिक्रमण व अवैध रूप से लग रही रेहड़ी-फड़ी के खिलाफ भी कायदे कानून के तहत कठोर कार्रवाई कमल में लाई जाएगी।

नगर परिषद सुजानपुर को कार्रवाई करने के तुरंत बाद उपमंडल अधिकारी कार्यालय को कार्रवाई की रिपोर्ट भी प्रस्तुत करनी पड़ेगी। उपमंडल अधिकारी नागरिक विकास शुक्ला ने बाकायदा नगर परिषद सुजानपुर को निर्देश पारित कर दिए हैं। सुजानपुर बस स्टैंड के किनारे पक्की दुकानों का निर्माण कर किराये पर आवंटित कर रखा है, वहीं उसी स्थान के आगे चैगान के मुख्य प्रवेश द्वार तक जहां पक्की दुकानों का निर्माण किया गया है, वहीं रेडी-फड़ी मार्केट भी लगी हुई है, लेकिन हालात यह है कि जहां गंदी नाली के ऊपर बिक रही सामान से बीमारी का भी खतरा बना रहता है।

यही नहीं रेहड़ियां बिना अनुमति से ही सजी हुई हैं तथा सड़क के आगे दुकानदारी की जा रही है। हालांकि सड़क के कायाकल्प को लेकर कुछ वर्ष पहले जानकारी के मुताबिक लोक निर्माण विभाग द्वारा सात लाख के करीब धनराशि खर्च की गई थी तथा बाकायदा से लोक निर्माण विभाग द्वारा पत्र के माध्यम से नगर परिषद सुजानपुर को नाली के ऊपर रेहडी-फड़ी न लगाने को लिखकर पत्र लिखा था, लेकिन माना जाता है कि उच्च पहुंच के चलते मामला ठंडा बस्ते में पड़ गया। अब लंबे समय बाद एक बार फिर शहर की सुंदरता बनाए रखने व अतिक्रमण अवैध रूप से लग रहे रेहड़ी तथा मनमर्जी से रोकी जगह को लेकर के उपमंडल अधिकारी नागरिक ने कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

जहां नगर परिषद को एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई करनी होगी, वहीं 10 दिन के भीतर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी नगर परिषद द्वारा उपमंडल अधिकारी नागरिक को प्रस्तुत करनी पड़ेगी नहीं। अब नगर परिषद की महिमा कहां तक सफल होगी इसी बात को लेकर के चर्चा का विषय बना हुआ है। उपमंडल अधिकारी नागरिक विकास शुक्ला ने जनता से भी सहयोग की अपील की है।

# स्त्री, बाल व मेडिसिन विशेषज्ञों की जल्द होगी नियुक्ति : कै. रणजीत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

विधायक कै. रणजीत सिंह ने आयुष विभाग द्वारा चैरी में आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विधायक का चैरी में पहुंचने पर जिला आयुष चिकित्सक अधिकारी डॉ. वृजनंदन भूषण, चिकित्सक वर्ग व स्थानीय जनता द्वारा विधायक का जोरों से स्वागत हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान धन्वंतरि जी के आगे दीप प्रज्जवलित कर की। विधायक ने अपने संबोधन में आयुष विभाग की डिस्पेंसरी के चिकित्सक व स्टाफ की बहुत सराहना की। विधायक ने कहा कि आजकल बीमारियां लगने का मुख्य कारण यह भी है कि आजकल लोगों ने खेती करना छोड़ दिया है और सब्जियों के ऊपर रासायनिक पदार्थ का इस्तेमाल हो रहा है, जिससे बीमारियां भी बढ़ रही हैं। विधायक ने जनता से प्राकृतिक खेती करने का आह्वान किया, साथ ही साथ विधायक ने कहा कि सुजानपुर सिविल अस्पताल तो बोल दिया, लेकिन कागजों में सिविल अस्पताल न बन पाया। जब मैं विधायक बना तो मैंने कागज तैयार करवाए और सिविल अस्पताल में विशेषज्ञों कि नियुक्ति करवाई। आज सिविल अस्पताल में 3-3 विशेषज्ञ सिविल अस्पताल सुजानपुर में सेवाएं दे रहे हैं और जल्द ही 3 और विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे, जिसमे मेडिसन, स्त्री रोग व बाल विशेषज्ञ सेवाएं देंगे। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने जनता की समस्याओं को भी सुना।

# हाईकोर्ट ने लगाई सरकार को फटकार : भाजपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** विमल नेगी हत्याकांड में पुलिस की जांच से असंतुष्ट होकर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने मामले की जांच अब सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया है। इस फैसले के बाद राजनीतिक हलकों में भी हलचल मच गई है। जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि पुलिस की जांच में जिस प्रकार से लापरवाही बरती जा रही थी, उसे देखते हुए हाईकोर्ट का यह फैसला उचित और स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि अब उम्मीद की जा सकती है कि दोषियों को सजा मिलेगी और पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा। हाईकोर्ट के इस फैसले को आम जनता और भाजपा ने भी गंभीरता से लिया है और पुलिस प्रशासन पर सवाल खड़े किए हैं। अब सभी की निगाहें सीबीआई की जांच पर टिकी हैं।

# बिजली बोर्ड के कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वालों पर की जाए कार्रवाई : यूनियन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

विद्युत मंडल पांवटा के अधीन उपमंडल पुरुबाला के अधीन अनुभाग बधानी में 22मई को गांव मेख्वाजा में उपभोक्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से की गई शिकायत को लेकर गांव में छानबीन के लिए कनिष्ठ अभियंता व फील्ड तकनीकी कर्मचारी मौके पर पहुंचे, वहां पर जांच करने के बाद उपभोक्ताओं द्वारा चोरी करने का मामला सामने आया।

बिजली बोर्ड के कर्मचारी कार्रवाई कर ही रहे थे कि कुछ उपभोक्ताओं व गांववासियों के द्वारा बिजली बोर्ड कर्मचारियों के साथ मारपीट व गाली-गलौज किया गया। इस मारपीट की शिकायत कर्मचारियों अधिकारियों द्वारा पुलिस थाना पुरुबाला के अधीन पुलिस चौकी सिंहपुरा में दर्ज करवाई गई, मगर एक दिन का समय बीत जाने के बाद भी दोषियों को नहीं पकड़ा गया है।

प्रदेश बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन पुलिस प्रशासन से मांग करती है कि अति शीघ्र दोषियों को पकड़ा जाए और उनके के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। विद्युत बोर्ड यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर दत्त ने कहा कि इस मारपीट के विषय पर कड़ा संज्ञान लिया जाए।

# सहायक आचार्य डॉ. राजेश को मिला राष्ट्रीय शिक्षा रत्न पुरस्कार

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** डीडीएम साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन कल्लर के सहायक आचार्य डॉ. राजेश वर्मा को राष्ट्रीय शिक्षा रत्न पुरस्कार 2025 मिला है जिससे कॉलेज में खुशी का महौल है। डॉ. राजेश वर्मा को यह पुरस्कार शैक्षिक नवाचार विद्यार्थियों में वैज्ञानिक व संरचनात्मक दृष्टिकोण के विकास महाविद्यालय के मौलिक व भौतिक स्तर को ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए उत्कृष्ट योगदान हेतु यह पुरस्कार प्रदान किया गया।




शिक्षा रत्न पुरस्कार प्राप्त करते हुए डीडीएम साई कॉलेज के सहायक आचार्य डॉ. राजेश वर्मा।

यह पुरस्कार उन्हें पृथ्वी अभ्युदय एजुकेटर एसोसिएशन इंडिया (पाई) द्वारा एमिटी विश्वविद्यालय चंडीगढ़ मोहाली में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि राजस्थान के पूर्व सांसद स्वामी सुविधानंद सरस्वती, पंजाब के पूर्व डीजीपी राजेंद्र सिंह, एमिटी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर पुनीत शर्मा, पैरामिलिट्री फोर्सेस के पूर्व डीआईजी पी के शर्मा, यूनिवर्सिटी दीन प्रोफेसर मोहम्मद आरिफ, डिप्टी डायरेक्टर सोमनाथ धीमान ऊना और पाई के अध्यक्ष डॉ. हर्षवर्धन सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया। शिक्षा रत्न पुरस्कार प्राप्त करके लौटे डॉ. राजेश वर्मा का कॉलेज प्रशासन व स्टाफ ने जोरदार स्वागत किया। कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी राजेश कपिल, प्रधानाचार्य डॉ. ओम प्रकाश भारद्वाज ने वर्मा को बधाई दी है।

डॉ राजेश वर्मा ज्वालामुखी से संबंध रखते हैं और बचपन से ही प्रतिभा के धनी है। दो बार लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड, नेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड और कई प्रकार के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं।

**जानकारी** — कामगार कल्याण बोर्ड ने एक वर्ष में श्रमिकों को दिए 20.39 करोड़ के लाभ : नरदेव

# कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ने की योजनाओं की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने शुक्रवार को यहां बोर्ड के मुख्यालय में बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों और सभी जिलों के श्रमिक कल्याण अधिकारियों के साथ बैठक करके बोर्ड की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की।

इस अवसर पर उन्होंने सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पंजीकृत कामगारों की ई-केवाईसी की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करें, ताकि बोर्ड की सभी 14 योजनाओं का लाभ केवल पात्र लोगों तक ही पहुंच सके और अपात्र लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने बताया कि अभी



नरदेव सिंह का स्वागत करते गणमान्य।

तक हुई करीब 42 हजार श्रमिकों की ई-केवाईसी के दौरान लगभग 1989 अपात्र लोगों का पता चला है। इन लोगों ने गलत हथकंडे अपनाकर बोर्ड की योजनाओं का लाभ उठाने का प्रयास किया है।

नरदेव सिंह कंवर ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान बोर्ड ने 10,545 श्रमिकों को 20.39 करोड़ रुपए से अधिक के वित्तीय लाभ प्रदान किए हैं। इनमें 5252 श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा के लिए 15.50 करोड़ रुपए, 247 श्रमिकों को 30.79 लाख रुपए की चिकित्सा सहायता, 178 श्रमिकों की मृत्यु पर 38.68 लाख रुपए, 2267 श्रमिकों की वृद्धावस्था पेंशन के लिए 49.87 लाख, 51 श्रमिकों की विधवा पेंशन के लिए 3.46 लाख, 23 श्रमिकों की हॉस्टल सुविधा के लिए 4.47 लाख, 48 विशेष बच्चों को 9.80 लाख, 76 बच्चियों के जन्म पर 38.76 लाख, 604 श्रमिकों को 1.87 करोड़ रुपये की मातृत्व एवं पितृत्व सहायता राशि, 1748 युवाओं की शादी पर 90.06 लाख, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 26 श्रमिकों को 27.96 लाख रुपए और 25 श्रमिकों को दिव्यांगता पेंशन के रूप में 17 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी गई है। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान नरदेव सिंह कंवर ने बताया कि उन्होंने बोर्ड की सभी योजनाओं और अन्य मुद्दों पर अधिकारियों के साथ व्यापक चर्चा की है।

सभी जिलों की रिपोर्ट पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के मुख्यमंत्री के संकल्प को पूरा करने के लिए सभी श्रमिक कल्याण अधिकारी अच्छा कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी और बोर्ड की अन्य गतिविधियों को गति प्रदान करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को विभिन्न जिलों का दौरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों के लिए डेढ़ लाख तक कैशलेस इलाज की सुविधा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**अधिकारियों को दिए योजना का प्रचार करने के निर्देश**

सड़क दुर्घटनाओं के शिकार लोगों का तुरंत उपचार सुनिश्चित करने के लिए सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के सहयोग से एक विशेष व्यवस्था की है। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क दुर्घटनाओं के शिकार लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत कवर करने का प्रावधान किया है।

ऐसे लोगों का अब आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों में डेढ़ लाख रुपए तक कैशलेस इलाज हो सकता है। सड़क दुर्घटना में घायल होने पर सात दिन के भीतर इस सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। प्रदेश में भी यह योजना लागू की गई है। उपायुक्त ने परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य सचिव एवं लोनिवि के अधिशाषी अभियंता दीपक कपिल ने जिले में सड़क सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एएसपी राजेश कुमार और सड़क सुरक्षा से संबंधित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# शहीद नवीन कुमार सैन्य सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन

**अजय पाल/राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर/डरोह।** कारगिल के द्रास सैक्टर में भू-स्खलन की चपेट में आकर शहीद हुए जिला कांगड़ा की थुरल पंचायत के हलूं थप्परा गांव निवासी अग्निवीर जवान नवीन कुमार को उनके पैतृक गांव में सैनिक सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। उनका अंतिम संस्कार न्यूगल खड्ड के तट पर पूरे सैन्य रीति-रिवाजों के साथ किया गया, जहां उनके चचेरे भाई अंशु ने उन्हें मुखाग्नि दी।

शहीद नवीन कुमार की पार्थिव देह तिरंगे में लिपटी हुई जब उनके पैतृक गांव हलूं में शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे पहुंची तो पूरे क्षेत्र में मातम छा गया। हर कोई शहीद के घर की ओर निकल पड़ा। इस दौरान गांव के हर व्यक्ति की आंखें नम थीं और पूरा क्षेत्र नवीन कुमार अमर रहे और भारत माता की जय जैसे नारों से गूंज उठा। जैसे ही शहीद की पार्थिव देह को घर लाया गया तो मौके पर चीखो-पुकार मच गई। बेटे की पार्थिव देह को तिरंगे में लिपटा देख मां, दादा-दादी, बहन, अन्य परिजन व गांववासी फूट-फूट कर रोने लगे। मां जहां अपने शहीद बेटे के शव से लिपट हुई थी तो वहीं शहीद की बहन बार-बार बेसुध होकर गिर रही थी। इस गनमीन माहौल को देख हर किसी की आंख से आंसू छलक रहे थे।



न्यूगल खड्ड के पट पर शहीद नवीन कुमार की चिता पर पुष्पचक्र अर्पित करते सैनिक।

शहीद को श्रद्धांजलि देने के लिए सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और सेना के जवान उपस्थित रहे। इसके बाद शहीद की पार्थिव देह को पैतृक श्मशानघाट ले जाया गया, जहां भारतीय सेना की 13 जैक राइफल्स के सूबेदार धर्मचंद, सूबेदार माहित कुमार, नायब सूबेदार सुनील गुलेरिया सहित सेना के जवानों ने सैन्य परंपरा के अनुसार शहीद को सलामी दी। स्थानीय प्रशासन की ओर से तहसीलदार थुरल राजेश सडयाल, डीएसपी लोकेंद्र नेगी, एसएचओ गुरदेव सिंह मौके पर उपस्थित रहे। इस मौके पर सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार ने भी फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। परमार ने नवीन कुमार की शहादत को नमन करते हुए कहा कि हिमाचल की माटी ने एक और वीर सपूत खो दिया है, जिसकी बहादुरी और बलिदान को सदैव याद रखा जाएगा। श्रद्धांजलि देते हुए शुक्रवार को थुरल व्यापारियों ने भी अपनी दुकानों को बंद रखा।

## शादी की चाहत रह गई अधूरी

**शहादत** से कुछ घंटे पहले नवीन कुमार ने अपनी मां आयोध्या देवी से फोन पर बात की थी। उन्होंने कहा था, मां, मैं सितंबर में छुट्टी लेकर आऊंगा। मेरे लिए लड़की देख लेना, शादी की तारीख भी पक्की कर लेना। नहीं तो आपको अकेले रहना पड़ेगा, लेकिन किसे पता था कि यह उनकी आखिरी बातचीत होगी। नवीन कुमार दो साल पहले भारतीय सेना की जम्मू-कश्मीर राइफल यूनिट में भर्ती हुए थे। देशसेवा का जज्बा उन्हें अपने पिता से विरासत में मिला था। उनके पिता 13 जैक राइफल में हवलदार पद से सेवानिवृत्त हुए थे, लेकिन पांच साल पहले कैंसर के कारण उनका निधन हो गया था। नवीन अपने परिवार में अकेले बेटे थे। उनकी एक बहन शिवानी है, जिसकी शादी एक साल पहले हुई थी। शहीद नवीन कुमार अपने पीछे मां आयोध्या देवी, दादा भूमि राम और दादी चंपा देवी को छोड़ गए हैं।



नवीन कुमार को देख बिलखती दादी।



अपने हाथों में तिंरगा थामे नवीन कुमार की मां।

# सीएम ने मरणोपरांत कीर्ति चक्र एवं शौर्य चक्र से सम्मानित वीर सपूतों को दी श्रद्धांजलि





**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश के वीर सपूतों को मरणोपरांत कीर्ति चक्र और शौर्य चक्र से सम्मानित किया जाना प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दिल्ली में प्रदेश के ऊना जिला के घरवासड़ा गांव के भारतीय थल सेना के गनर नायक दिलावर खान को मरणोपरांत कीर्ति चक्र तथा किन्नौर जिला के तरांडा गांव के हवलदार रोहित कुमार नेगी को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को मिला यह सम्मान जवानों के अदम्य साहस, समर्पण और देश भक्ति की भावना का प्रतीक है। इन वीर नायकों के बलिदान के फलस्वरूप हिमाचल को वीर भूमि के नाम से जाना जाता है। यह सम्मान प्रदेश के वीर जवानों के अदम्य साहस को प्रदर्शित कर रहा है।

इतिहास में यह स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है कि देश की रक्षा के लिए शत्रुओं से लोहा लेने में प्रदेश के जवान हमेशा ही आगे रहे हैं। इन वीर जवानों की शहादत प्रदेशवासियों के साथ-साथ पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह प्रत्येक प्रदेशवासी के लिए सम्मान और भावुकता का क्षण है।

# हिमाचल में भारत निर्वाचन आयोग के 18 नवाचारों पर कार्य शुरू : नंदिता

## 6 प्रमुख श्रेणियों में किया विभाजित, मतदान केंद्र पर सिर्फ 1200 मतदाता ही कर सकेंगे मतदान

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नंदिता गुप्ता ने शुक्रवार को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, समावेशी और प्रभावी बनाने हेतु शुरू की गई नई पहलों को हिमाचल में भी प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इन पहलों को छह प्रमुख श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिनमें मतदाता, राजनीतिक दल, प्रक्रियागत सुधार, कानूनी प्रावधान, चुनाव कार्मिक और निर्वाचन आयोग के प्रशासनिक सुधार शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि मतदाताओं के हितों को सर्वोपरि रखते हुए एक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की सीमा निर्धारित की गई है, जिससे कतारों और भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। बहुमंजिला इमारतों एवं घनी कॉलोनियों में अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा मृत्यु पंजीकरण की जानकारी अब सीधे रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया के डाटाबेस से प्राप्त कर मतदाता सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया तेज की जाएगी।



उन्होंने कि कानूनी प्रावधानों की पहल के तहत 28 प्रमुख हितधारकों की पहचान की गई है, जिनमें मतदाता, चुनाव अधिकारी, राजनीतिक दल, प्रत्याशी आदि शामिल हैं। इन हितधारकों के लिए आरपी अधिनियम, नियमों और आयोग के निर्देशों के अनुसार प्रशिक्षण सामग्री तैयार की जा रही है। निर्वाचन कार्मिकों के सशक्तिकरण के लिए बीएलओ को मानक फोटो पहचान पत्र प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के प्रशासनिक सुधारों के तहत आयोग कार्यालयों में बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू की गई है। ई-ऑफिस प्रणाली को लागू करते हुए कागज रहित कार्यप्रणाली की दिशा में कदम बढ़ाए गए है। सीईओ के साथ नियमित बैठकें आयोजित की जा रही हैं, ताकि जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की निगरानी हो सके। मतदाता सूचना पर्चियों को अधिक स्पष्ट एवं उपयोग अनुकूल बनाया गया है। अब पर्ची में क्रम संख्या और भाग संख्या प्रमुखता से प्रदर्शित होगी।

### निर्वाचन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और उत्तरदाई होगी

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी नंदिता गुप्ता ने कहा कि यह सभी पहलं निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी एवं आधुनिक बनाने में सहायक सिद्ध होगी। हिमाचल प्रदेश इस दिशा में अग्रणी राज्य बनने के लिए संकल्पित है।

### निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त व्यवस्था के लिए दी मंजूरी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधाओं के मद्देनजर दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। आयोग के उपनिदेशक पी पवन की ओर से जारी प्रेस बयान के अनुसार अब मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में मतदाताओं के मोबाइल फोन को जमा करने के लिए प्रबंध किए जाएंगे। मतदान केंद्र के भीतर मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। आयोग के एक अन्य निर्णय के अनुसार अब उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधि मतदान केंद्रों के प्रवेश द्वार से 100 मीटर की दूरी पर वोटर इनफार्मेशन स्लिप के वितरण के लिए बूथ स्थापित कर सकते हैं। मतदान के दिन किन्हीं कारणों से वोटर इनफार्मेशन स्लिप साथ न लाने वाले मतदाताओं के लिए यह निर्णय काफी सुविधाजनक साबित होगा। मतदाताओं की सुविधा के लिए आयोग ने ये निर्णय लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 और निर्वाचन संचालन नियम-1961 के विभिन्न प्रावधानों के तहत ही लिए हैं।

# विमल नेगी केस की सीबीआई जांच के आदेश, सत्य की जीत : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा है कि विमल कुमार नेगी की रहस्यमयी मृत्यु ने पूरे हिमाचल प्रदेश में एक ऐसा माहौल बना दिया है, कि प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार कटघरे में खड़ी हुई। विमल नेगी की मृत्यु के तुरंत बाद पूरे प्रदेश के अंदर हाहाकार की स्थिति उत्पन्न हो गई। जगह-जगह कैंडल मार्च हुए और पूरे हिमाचल प्रदेश से एक निष्पक्ष जांच की मांग की गई।



डॉ. बिंदल ने कहा कि विमल नेगी की पत्नी, उनके परिवारजनो और किन्नौर जिला ने सामुहिक रूप से कहा कि विमल नेगी एक ईमानदारी अधिकारी थे और इनकी अब तक की नौकरी में उनके ऊपर कोई दाग नहीं था। ऐसे में उनका रहस्मय तरीके से गायब हो जाना और उनकी देह का भाखड़ा बांध में मिलना, ये सारी चीजें कुछ और ही ईशारा कर रही थीं और इसको लेकर सीबीआई जांच की मांग बलवती हुई।

उन्होंने कहा कि सीबीआई से जांच होनी चाहिए, ये जनता ने भी कहा, परंतु मुख्यमंत्री सुक्खू ने सीबीआई जांच की मांग को नकार दिया और एसआईटी बनाई। इसके अंदर एक और बात जो हैरान करने वाली है कि आईएएस रैंक के अधिकारी इस मामले में शंका के दायरे में आये आईएएस अधिकारियों की जांच करेंगे तो ऐसे में परिणाम क्या होगा? यह सब ओर चर्चा का विषय थी।

उन्होंने कहा कि विमल नेगी की पत्नी को हिमाचल प्रदेश के उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा और उच्च न्यायालय ने इस केस की सीबीआई जांच के आदेश पारित किए हैं। यह जहां एक तरफ सत्य की जीत दिखाई देती है वहीं दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार जो मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में चल रही है, के ऊपर सीधा-सीधा आक्षेप है।

# अनुराग ने हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान की बदहाली पर मुख्यमंत्री सुक्खू पर साधा निशाना

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** हमीरपुर सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि 22 मई को जिला सिरमौर के माजरा में जाना हुआ और बड़ी मेहनत के साथ हिमाचल के लिए हॉकी का एस्ट्रोटर्फ मैदान बनाकर दिया था।



अपेक्षा यह थी कि इस मैदान पर अभ्यास करके हिमाचल के बच्चे देश और दुनिया में आगे बढ़ेंगे, परंतु बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि लगभग 6-7 करोड़ की लागत से बनाए हुए एस्ट्रोटर्फ को वर्तमान कांग्रेस सरकार न पानी दे सकी और न ही बिजली का कनेक्शन लगा सकी।

**बोले- न पानी दे सके और न ही बिजली**

उन्होंने कहा कि एक बिजली का कनेक्शन मात्र लगाने से पानी की व्यवस्था हो सकती है, पर बिजली का कनेक्शन भी न लगाना हिमाचल के होनहार बच्चो के प्रति वर्तमान कांग्रेस सरकार की दुर्भावना को दर्शाता है। बिना पानी के एस्ट्रोटर्फ भी खराब हो रहा है। अनुराग ने कहा कि कांग्रेस सरकार खिलाड़ियों के लिए एस्ट्रोटर्फ नहीं लगा सकती परंतु केंद्र सरकार द्वारा लगाए गए एस्ट्रोटर्फ की देखभाल न करके सरकार ने अपनी बेरुखी का खुला प्रदर्शन किया है जो निंदनीय है।

# विमल नेगी केस सीबीआई को सौंपने का निर्णय स्वागतयोग्य : नरेश चौहान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल प्रदेश ऊर्जा निगम लिमिटेड के इंजीनियर-इन-चीफ स्वर्गीय विमल नेगी के निधन के मामले की जांच उच्च न्यायालय द्वारा सीबीआई को सौंपे जाने के निर्णय को स्वीकार करती है। उन्होंने कहा कि यह एक संवेदनशील मामला है और सरकार आरम्भ से ही इस पूरे मामले में पारदर्शिता, निष्पक्षता और न्याय सुनिश्चित करने के लिए गंभीरता से प्रयासरत रही है।



उन्होंनेजारी बयान में कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री सुक्खू ने स्वयं पीड़ित परिवार से संपर्क किया और उनकी मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल पदों से हटाने के निर्देश दिए और जांच के लिए एसआईटी का गठन किया। इसके पश्चात परिवार द्वारा एफआईआर दर्ज करने और अधिकारियों को निलंबित करने जैसी सभी मांगों को भी सरकार ने प्राथमिकता से स्वीकार किया।

उन्होंने कहा कि स्वर्गीय विमल नेगी के परिवार को यदि यह प्रतीत होता है कि किसी पहलू की जांच छूट गई है, तो निश्चित तौर से सीबीआई इस मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच करेगी। ताकि न्याय सुनिश्चित किया जा सके।

# अब मिलेगा विमल नेगी को न्याय और भ्रष्टाचारी जाएंगे जेल: जयराम

**अनिल शर्मा, मंडी**

हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत मामले में जांच सीबीआई को सौंपने पर उच्च न्यायालय के फैसले का नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने स्वागत किया है। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद जयराम ने मंडी के बालीचौकी में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि विमल नेगी मौत मामले में वह पहले दिन से ही सीबीआई जांच की मांग कर रहे थे और इस मांग को उन्होंने विधानसभा पटल पर भी रखा था, लेकिन सूबे की सरकार परिवार पर सीबीआई जांच न करवाने का लगातार दबाव बना रही थी।

**बोले, हम पहले दिन से ही इस मामले में कर रहे थे सीबीआई जांच की मांग**



आखिर में जब विमल नेगी परिवार को न्याय नहीं मिला और सबूतों से छेड़छाड़ करने की बात सामने आई तो मजबूरन परिवार के हाईकोर्ट में सीबीआई जांच की मांग उठाई। जयराम ने सीएम से सवाल करते हुए कि जब परिवार भी सीबीआई जांच की मांग कर रहा था तो उन्होंने ने भी सीबीआई जांच मांग कर क्या गलत किया, सुक्खू इस बात को बताएं। जांच को प्रभावित करने की कई बार नाकाम कोशिशें होती रही, लेकिन आज हाईकोर्ट का फैसला स्वागत करने योग्य है।

जयराम ने आरोप लगाते हुए कहा कि विमल नेगी संदिग्ध मौत मामले को आत्महत्या से नहीं बल्कि हत्या के नजरिये से भी देखा जाना जरूरी है, क्योंकि जिन प्रोजेक्टों से जुड़ा यह मामला है, वहां से बहुत बड़े भ्रष्टाचार की बू आ रही है और नेताओं सहित बड़े-बड़े अधिकारियों के ऊपर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लग रहे हैं। शिमला जिला और ऊना के पेखुवाला सोलर प्रोजेक्ट में अरबों रुपए के घोटालों को दबाने का प्रयास हुआ है। ये संगठित भ्रष्टाचार का मामला है। इसमें नेता भी शामिल हैं।

हाई कोर्ट के फैसले से यह स्पष्ट हो गया कि विमल नेगी की प्रताड़ना के आरोप सत्य हैं। अब विमल नेगी के परिवार को न्याय मिलकर रहेगा और सब भ्रष्टाचारी सलाखों के पीछे होंगे। पूरा मामला न्यायालय में बेनकाब हुआ उसके बाद उसके खिलाफ एफआईआर हुई और अपनी खाल बचाने के लिए शिमला के पुलिस अधीक्षक ने उसे वीरवार को सस्पेंड किया। इस बात की जांच क्यों नहीं हो रही है की पेन ड्राइव फॉर्मेट करने के लिए उसे किसने कहा और उसे कौन बचा रहा है?

हैरानी इस बात की है कि न्यायालय में पूरा सरकारी अमला एसपी को बचाने में और डीजीपी के ऊपर आरोप लगाने में क्यों व्यस्त था? इससे पूर्व उन्होंने बालीचौकी बाजार में निकली भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा में भाग लिया और कहा कि पूरा देश आज सेना के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि विमल नेगी की मृत्यु में जो भी दोषी हैं उन्हें सजा मिलेगी और उनके मृत्यु का राज भी बाहर आएगा।

# तकनीकी विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा की आंसर-की जारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एचपीसीईटी-2025) की आंसर-की जारी की है। परीक्षा में बैठे अभ्यर्थी तकनीकी विवि की वेबसाइट पर उत्तर कुंजी देख सकते हैं। बता दें कि तकनीकी विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा प्रदेश के दस जिलों के 16 केंद्रों पर 17 मई को हुई थी। प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 10517 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिसमें से 9302 अभ्यर्थी परीक्षा देने आए थे। तकनीकी विवि के परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने सभी विषयों की उत्तर कुंजी जारी कर दी है। उत्तर कुंजी को लेकर किसी अभ्यर्थी की कोई आपत्ति है, तो 27 मई सायं पांच बजे तक सूचित करें।

# विभिन्न वर्गों व मोर्चों के पदाधिकारी राज्यपाल से मिले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के एक शिष्टमंडल ने आज यहां राजभवन में मार्चा के प्रदेशाध्यक्ष श्री हीरामणि भारद्वाज के नेतृत्व में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की।



उन्होंने राज्यपाल को मांगपत्र देकर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को ऐतिहासिक रिज पर स्थापित करने, प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में पांचवीं कक्षा से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के समाज सुधारकों की जीवनी पढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने आंध्र प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना एवं कर्नाटका राज्यों द्वारा बनाए गए 'राज्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निधि (योजना, आबंटन एवं वित्तीय संसाधनों का उपयोग) अधिनियम के अनुरूप हिमाचल प्रदेश में भी अधिनियम बनाना जिसके लिए संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने 'हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निधि (योजना, आबंटन और वित्तीय संसाधनों का उपयोग) अधिनियम' का प्रारूप प्रस्तुत किया। मोर्चा ने प्रधानमंत्री द्वारा देश में जातिगत जनगणना करवाने के फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# आजादी के 77 साल बाद भी सड़क से अछूता है गलाह-सरैया गांव

**अनंत ज्ञान, शिमला (सुन्नी)**

हिमाचल का एक ऐसा गांव जिसमें भारत के नक्शे की झलक देखी जा सकती है। यह क्षेत्र शिमला ग्रामीण के तहत तहसील सुन्नी के धरोगड़ा पंचायत के गांव गलाह में पड़ता है। प्राकृतिक सौंदर्य से लबरेज गलाह-सरैया गांव में सेब की पैदावार सुन्नी क्षेत्र में सब से अधिक होती है।

दुर्भाग्य है कि यह गांव आजादी के 77 साल बाद भी सड़क सुविधा से अछूता है। यह गांव शिमला ग्रामीण के विधायक विक्रमादित्य सिंह के विधानसभा क्षेत्र में आता है। जब शिमला ग्रामीण विधानसभा से स्वर्गीय वीरभद्र सिंह विधायक और मुख्यमंत्री रहते इस गांव आए थे, तब विक्रमादित्य सिंह भी उनके साथ थे, तो उन्होंने इस गांव को गोद लेने की बात कही थी। तब लोगों को सड़क से जुड़ने की उम्मीद जगी थी, पर विक्रमादित्य सिंह के प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री बनने के बावजूद स्थानीय लोग सड़क की बाट जोह रहे हैं।



गलाह-सरैया गांव का दृश्य।

सड़क सुविधा नहीं होने से सेब सीजन में यहां के बागवानों का सेब आधे ज्यादा घर पर ही सड़ जाता। गांव से हिमरी पंचायत तक फारेस्ट रोड है, जिसकी खस्ताहालत के कारण छोटे वाहन भी नहीं चल पाते। गलाह-सरैया की समस्त जनता ने लोक निर्माण मंत्री से आग्रह किया कि जल्द से जल्द सड़क की कनेक्टिविटी से जोड़ा जाए। साथ ही स्थानीय लोगों ने मंत्री से गांव को पर्यटक की दृष्टि से डवलप करने मांग भी बुलंद की है।

**खुशखबरी** पक्काभरो-कोहली की बन रही डीपीआर, पीडब्ल्यूडी ने भेजा एनएचएआई को एस्टीमेट

# कोहली-भगेड़ सड़क होगी चकाचक, अक्तूबर में शुरू होगा कोहली-रानीताल हाईवे

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले से होकर निकलने वाले रानीताल-कोहली टू-लेन पर इसी साल अक्तूबर माह में सफर तो सुहाना हो ही जाएगा, लेकिन इससे भी ज्यादा खास बात यह है कि कोहली से आगे भगेड़ तक सड़क भी और चकाचक होगी। इस पर सिंगल लेयर डालने का काम चालू हो चुका है, अक्तूबर माह के आसपास इस पर दूसरी लेयर भी डाल दी जाएगी, यानी यह रोड़ भी टारिंग की डबल लेयर से यातायात के लिए और बेहतर हो जाएगा।




कोहली-पक्काभरो खस्ता हाल सड़क पर पड़े गड्ढे।

यही नहीं, पक्का भरो से कोहली तक सड़क की हालत भी और बेहतर हो जाएगी इसका एस्टीमेट पीडब्ल्यूडी ने नेशनल हाईवे आफ अथॉरिटी को थमा दिया है। टू-लेन पर सफर शुरू होते ही इस सड़क के बेहतर निर्माण का कसारा फंड पीडब्ल्यूडी को ट्रांसफर हो जाएगा, वही इसकी देख-रेख करेगी। यानी टू-लेन से जुड़ने वाले यह सारे मुख्य रोड़ और बेहतर हो जाएंगे। फिलहाल पक्का भरो कोहली सड़क की हालत इन दोनों ठीक नहीं चल रही है इस पर बहुत गड्ढे बने हुए हैं, लेकिन कुछ ही दिनों में इसे 'ट्रैफिक वर्दी कंडीशन' में लाने के लिए पैच वर्क का काम शुरू हो जाएगा। मगर इस पर असली काम अक्तूबर माह के आसपास होगा, जो इस सड़क को भी चकाचक कर देगा।

दंगड़ी से पक्का भरो सड़क हाईवे के चालू होते ही नेशनल हाईवे 70 अटारी-मनाली टू-लेन हाईवे का पार्ट बनेगा। फिलहाल यह सड़क अभी नेशनल हाईवे 70 और नेशनल हाईवे 88 दोनों के तहत पड़ती है।

### क्या कहते हैं प्रोजेक्ट डायरेक्टर मीणा

**एनएचएआई** के हमीरपुर स्थित प्रोजेक्ट डायरेक्टर विक्रम मीणा का कहना है कि रानीताल-कोहली हाईवे अक्तूबर माह में चालू हो जाएगा। इससे आगे घुमारवीं तक नेशनल हाईवे को भी और बेहतर बनाया जाएगा। इस पर टारिंग की दो लेयर बिछाई जाएंगी। पहली लेयर बिछाने का काम जारी है, दूसरी हाईवे के शुरू होते ही बिछा दी जाएगी। हमीरपुर को जोड़ने वाले अन्य सड़कों की हालत भी सुधारी जाएगी पीडब्ल्यूडी ने एस्टीमेट एनएचएआई को सौंप दिया है। फंड अक्तूबर से पहले हैंडओवर हो जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### बिना सूचना बिजली लाइनों के आसपास न काटें पेड़

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** विद्युत मंडल नगरोटा बगवां ने उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि वे विभाग को बिना पूर्व सूचना दिए बिजली लाइनों के आसपास के पेड़ों की कटाई न किया करें, क्योंकि कई बार बिजली की तारें टूट जाती हैं जिससे अन्य उपभोक्ताओं को बिजली की समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे मामले कई बार सामने आ चुके हैं, जिससे विभाग को पूरा दिन लाइनों को दुरुस्त करने में निकल जाता है। मंडल के वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता ने कहा कि जानमाल या अन्य किसी भी नुकसान के लिए उपभोक्ता स्वयं जिम्मेदार होंगे तथा विभाग उनके खिलाफ कार्रवाई कर सकता है। अतः उपभोक्ता मंडल कार्यालय में जाकर पत्राचार से विभाग को सूचित करें तथा तय दिनांक को लाइन स्टाफ की उपस्थिति में कार्य को करवाएं। इसके अलावा जिन उपभोक्ताओं ने अभी भी अपना बिजली बिल आधार कार्ड या राशन कार्ड से लिंक नहीं करवाया है वे मंडल कार्यालय में आकर लिंक करवा सकते हैं।

### कौशिक राणा ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा की उत्तीर्ण



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर उपमंडल के जय भारत पब्लिक स्कूल हारसी के कौशिक राणा पुत्र एडी राणा ने छठी कक्षा के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर इलाके का नाम रोशन किया है। गांव राणानगर (प्लेटा) के बाशिंदे कौशिक के दादा जसवंत सिंह राणा (पूर्व जिला परिषद) रहे हैं। यह उपलब्धि माता-पिता और जय भारत पब्लिक स्कूल के टीचिंग स्टाफ के लिए गर्व का क्षण है।

### उत्तम चंद तीसरी बार बने महाशा सभा के प्रधान



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** आज सतगुरु श्री नाभादास सेवा समिति एवं महाशा सभा ब्लॉक नगरोटा बगवां की पहली मासिक बैठक गांधी ग्राउंड के पास हरी भवन में सलाहकार अमरनाथ तथा सलाहकार रमेश चंद की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान उत्तम चंद को लगातार तीसरी बार महाशा सभा का प्रधान चुन लिया गया तथा कुलदीप चंद को संचालक चुना गया। जीत सिंह को उपप्रधान तथा राजेश कुमार को सचिव, विशाल कुमार को सहायक सचिव संजीव कुमार को कोषाध्यक्ष तथा बृजलाल को सहायक कोषाध्यक्ष विजय कुमार को प्रेस सचिव तथा संजीव कुमार को सहायक प्रेस सचिव तथा सतपाल कुमार को सदस्य चुना गया। इन सभी सदस्य निर्विरोध चुने गए तथा किसी ने भी कोई आपत्ति जाहिर नहीं की। सभा के सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि हम तन मन धन के साथ इस सभा के अंदर काम करेंगे और इसको आगे बढ़ाएंगे। अब सभा की अगली बैठक 12 जून को रखी गई है। इस बैठक में सलाहकार अमरनाथ तथा सलाहकार रमेश चंद, कुलदीप चंद, उत्तम चंद, जीत सिंह, राजेश कुमार, संजीव कुमार, बृज लाल, सतपाल कुमार, विजय कुमार, संजीव कुमार विशाल कुमार आदि सदस्य उपस्थित थे।

### कुलबीर बने ढाटी सांबा छिंज मेला समिति के प्रधान



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** ढाटी सांबा छिंज मेला समिति की बैठक मेला मैदान में समिति प्रधान कुलबीर सिंह राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में गत माह अप्रैल में हुए मेले के आयोजन के प्रति किए गए प्रबंधन पर मेले के प्रधान कुलबीर सिंह राणा तथा सचिव अमर सिंह राणा ने सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। तदोपरांत सचिव अमर सिंह राणा ने मेले पर हुए आय और व्यय का ब्यौरा समिति के सामने रखा। जिसे समिति ने सर्वसम्मति के साथ पास कर दिया। कुलबीर सिंह राणा प्रधान,अमर सिंह राणा मेला समिति के सचिव बने रहेंगे।

# भवारना में निकाली तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान टीम, पालमपुर/भवारना**

देश के प्रधानमंत्री मोदी की सोच व भारतीय सेना के शौर्य से पाकिस्तान के खिलाफ सफल हुए अप्रेशन सिंदूर को लेकर भाजपा नेताओं, पूर्व सैनिकों, विभिन्न एनजीओ व व्यापार मंडल, महिलाओं, युवाओं सहित समस्त वर्ग द्वारा पालमपुर उपमंडल के भवारना में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

इस दौरान सभी ने भारतीय सेना के शौर्य को लेकर नारे लगाए, तथा पाकिस्तान के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। इस मौके पर बैजनाथ विधानसभा के पूर्व विद्यायक मुलख राज प्रमी भी उपस्थिति रहे।

भाजपा नेता विपिन सिंह परमार ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से भारत की सेना, जिसने वीरता के साथ पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध लड़ा और पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया उस सेना का सम्मान किया जा रहा है। पहलगाम में धर्म पूछ कर निर्दोष लोगों को गोली मारी गई। ऑपरेशन में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी जा रही है।



तिरंगा यात्रा के दौरान भाजपा नेता व अन्य लोग।

## देशभक्ति के नारों से गूंजा योल



**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल।** भाजपा मंडल धर्मशाला ग्रामीण ने शुक्रवार को 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत सेना के सम्मान में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यह यात्रा योल बाजार स्थित शाम 5:00 बजे गेयरी पुल से प्रारंभ होकर पीरू सिंह चौक तक बड़े जोश और उत्साह के साथ निकाली गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं स्थानीय विधायक सुधीर शर्मा, मंडल अध्यक्ष भुवनेश्वर चौधरी, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सहित मंडल के सभी प्रमुख पदाधिकारी तथा सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मंडल अध्यक्ष भुवनेश्वर चौधरी ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा देश के प्रति समर्पण और भारतीयता की भावना को और प्रबल करती है।

## आध्या का सैनिक स्कूल में हुआ चयन

**सालबीया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** राजकीय हाई स्कूल चामुखा की छठी कक्षा की छात्रा आध्या ने सैनिक स्कूल में चयनित होकर न सिर्फ अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, बल्कि समाज की रूढ़ मानसिकता को भी करारा जवाब दिया है।



आध्या की उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि बेटियां अगर अवसर और समर्थन पाएं तो हर मुकाम हासिल कर सकती हैं। गांव की सामान्य पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने वाली आध्या ने अपने कठिन परिश्रम और परिवार के सहयोग से वह कर दिखाया जो बहुत कम छात्र कर पाते हैं। आध्या की मां, अराधना, स्वयं शिक्षिका हैं। पिता अशोक कुमार व्यवसायी हैं। प्रधानाचार्या मीनू डोगरा सहित समस्त स्टाफ ने आध्या को बधाई दी।

# चक्की माजरा में अवैध खनन जोरों पर, माइनिंग विभाग व पुलिस बेखबर

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**



**इंदौरा।** चक्की माजरा में इन दिनों अवैध खनन जोरों से चल रहा है। क्रशर कारोबारी अपनी राजनीतिक पैठ, और माइनिंग विभाग के भ्रष्टाचारी कर्मचारी की मिलीभगत से दिन रात बेखौफ होकर धरती का सीना छलनी कर रहे हैं। विभाग के कर्मचारियों की छत्रछाया में या फिर यूं कह लीजिए कि उनकी संलिप्तता से क्रशर कारोबारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि यह भूमाफियां दिन के उजाले में भी चक्की दरिया के साथ-साथ माजरा गांव की खेती योग्य उपजाऊ जमीनों को धड़ल्ले से उखाड़ कर चांदी कूट रहे हैं।

ऐसा नहीं है की माजरा क्षेत्र में तैनात माइनिंग विभाग के कर्मचारी इंस्पेक्टर तथा गार्ड आदि कोई कार्रवाई नहीं करते बल्कि वह तो लगातार इस एरिया में गश्त करते रहते हैं परंतु बड़े मगरमच्छों पर हाथ डालने की बजाए ट्रैक्टर-ट्रालियों के चालान कर उच्च अधिकारियों की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रहे हैं। यह बात हैरानीजनक है ओर किसी बहुत बड़े भ्रष्टाचार की तरफ इशारा करती है कि ऐसा क्यों है कि पिछले कुछ समय से ट्रैक्टर-ट्रालियों के चालान तो धड़ाधड़ हो रहे हैं परंतु किसी भी क्रशर कारोबारियों की तरफ ढेडी नजर भी देख पाने की हिम्मत इन कर्मचारियों में नहीं है।

राजनीतिक पैठ रखने वाले कुछ क्रशर कारोबारी एक्स फॉर्म का गोरखधंधा भी इस क्षेत्र में कर रहे हैं परंतु इन बड़े कारोबारी पर कोई भी कार्रवाई करने की बजाय माइनिंग विभाग के कर्मचारी गरीब मेहनतकश ट्रैक्टर ट्रालियों वालों के चालान काटकर अपनी ड्यूटी को बखूबी निभा रहे।

# भारती विद्यापीठ स्कूल के 16 बच्चों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा की पास



सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा पास करने वाले बच्चे अध्यापकों के साथ।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** भारती विद्यापीठ स्कूल बैजनाथ के 16 होनहार विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर सफलता प्राप्त की है।

स्कूल के छात्र मुकुल, वैभव, मयंक, पर्व, आयुष, अंशुमन कपूर, विहान, शिवांश, अंशुल, तनिश, नक्श, आशवी, अनन्या, शायना, कशिश और लक्ष्या ने यह परीक्षा अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण की है। स्कूल के निदेशक नवनीत डोगरा ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उनके अनुसार यह सफलता न केवल विद्यार्थियों की मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि विद्यालय के समर्पित शिक्षकों और माता-पिता के सहयोग का भी प्रतिफल है।

# अध्यापकों के तबादले का जताया विरोध

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान**

**नूरपुर।** शिक्षा खंड नूरपुर के अंतर्गत गवर्नमेंट हाई स्कूल बदूही में मुख्य अध्यापक सहित अन्य दो अध्यापकों के तबादले को लेकर स्थानीय लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर है।

इसके चलते आज शुक्रवार को स्कूल की एसएमसी कमेटी सहित दर्जनों की संख्या में स्थानीय लोगों ने स्कूल में पहुंच कर अध्यापकों के तबादले को लेकर विरोध जताया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सभी अध्यापक बच्चों को बहुत ही बढ़िया पढ़ाते हैं तथा इस बार जहां पूरे हिमाचल में परीक्षा परिणाम सही नहीं रहा तो वहीं इस स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है।

ऐसे में शिक्षकों के अचानक हुए तबादले को लेकर लोग अचंभित हैं, जबकि स्कूल में अभी इन अध्यापकों का कार्यकाल भी पूरा नहीं हुआ है। एसएमसी प्रधान रीता देवी ने बताया कि स्कूल के माहौल व परीक्षा परिणाम को देखते हुए एक साथ तीन अध्यापकों का तबादला कर देना हमारी समझ से परे है। उन्होंने सरकार व शिक्षा विभाग से आग्रह करते हुए कहा कि सभी के तबादलों को रद्द कर इसी स्कूल में रखा जाए।



अध्यापकों के तबादले का विरोध जताते स्थानीय लोग।

स्कूल में पहुंचे ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस स्कूल के प्रति अध्यापक का रिस्पांस बहुत ही बढ़िया रहा है। उन्होंने बताया कि जब से यह मुख्य अध्यापक स्कूल में आए हैं तब से स्कूल का काया पलट हो रहा है तथा परीक्षा परिणाम भी बहुत बढ़िया आ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि हमारे स्कूल की कुल भूमि 22 कनाल के आसपास है, लेकिन मौजूदा समय में स्कूल के अंडर मात्र 10 कनाल ही भूमि है तथा जब से स्कूल की भूमि को पूरा करने की प्रक्रिया शुरू हुई है तब से मुख्य अध्यापक के प्रति षड्यंत्र रचे जा रहे हैं और अध्यापकों का तबादला भी इसी षड्यंत्र का एक हिस्सा है।

स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि इन अध्यापकों का तबादला रोका नहीं गया तो सभी मिलकर कोई बड़ा कदम उठाने पर मजबूर होंगे तथा उनके द्वारा आगामी चुनावों का भी बहिष्कार किया जाएगा।

## कुंदली हार में आज से होगा दो दिवसीय विशाल दंगल

**शिबम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर।** देहरा उपमंडल के कुंदली हार गांव में 24 और 25 मई को दो दिवसीय जिला स्तरीय विशाल दंगल का आयोजन होने जा रहा है। कुंदली हार मेले के अंतर्गत आयोजित इस दंगल में देशभर से नामी गिरामी पहलवान हिस्सा लेंगे, जो इस बार मेले का मुख्य आकर्षण रहेंगे।

दंगल के पहले दिन, 24 मई को आयोजित छोटे स्तर के मुकाबलों में बतौर मुख्यातिथि सोहण मनसा अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक शर्मा शिरकत करेंगे। वहीं, 25 मई को मेले के समापन समारोह में देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहेंगी और विजेता पहलवानों को पुरस्कार प्रदान करेंगी।

मेला कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने बताया कि इस बार दंगल में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हिमाचल के कई मशहूर पहलवान अपनी कुश्ती की कला का प्रदर्शन करेंगे।





# खरीफ मौसम के फलों व सब्जियों में फल मक्खी कीट का प्रकोप व प्रबंधन

**छोटे कीट तैयार होने से हर साल किसानों को होता है आर्थिक नुकसान**

**फल** मक्खी न केवल हिमाचल प्रदेश अपितु पूरे भारत वर्ष में फलों व सब्जियों का एक प्रमुख कीट है इस कीट के प्रकोप के कारण फलों के अंदर छोटे छोटे कीट तैयार हो जाते हैं और फल खाने योग्य नहीं रह जाते हैं, जिसकी वजह से हर साल किसानों का आर्थिक नुकसान होता है। यह कीट खरीफ मौसम (मार्च से सितम्बर) में पाया जाता है। मादा मक्खियां फलों, फूलों व पौधों के अग्र भागों में अंडे देती हैं जिससे लार्वा (मैगट) निकलकर फलों के अंदर पनपते हैं व क्षति पहुंचाते हैं। हम अकसर फल मक्खी ग्रसित फलों को खेतों में ही फेंक देते हैं।इन सड़े गले फलों में मक्खी के अंडे या सुंडियां होती हैं जो इनमें पनपती रहती हैं व प्यूपा अवस्था में आने पर वहीं पर मिट्टी में प्रवेश कर जाती हैं और जब इन्हें अनुकूल वातावरण मिलता है यह फिर मक्खी रूप में विकसित होकर फलों में अंडे देती है। इस प्रकार हमारे खेतों में फल मक्खी की संख्या हर साल बढ़ती रहती है। और इसका नियंत्रण करना एक गंभीर समस्या बन जाती है । कुछ हद तक पालम ट्रैप से फल मक्खी के प्रकोप को काम किया जा सकता है फल मक्खी के नर लगभग 200 मीटर की दूरी से इस ट्रैप की और खिंचे चले आते हैं। पालम ट्रैप खाली प्लास्टिक की बोतलों से बनाए जा सकते हैं। इनमें एक ऐसी गन्ध डाली जाती है जो नर मक्खियों को आकर्षित करती है । इसी गंध को जब एक प्लाई बोर्ड के टुकड़े में लगाकर बोतल में रखा जाता है तो उस क्षेत्र में उपस्थित नर मक्खियां बोतल की तरफ आकर्षित होती हैं तथा छिद्रयुक्त बोतल में घुसकर मर जाती हैं। यदि इस तकनीक को पूरे क्षेत्र के लोग अपनाएं तो बिना कीटनाशकों के छिड़काव से भी फल मक्खी पर काफी हद तक नियन्त्रण पाया जा सकता है। इस तकनीक को अपनाने से फल मक्खी के प्रकोप में 60 से 70 प्रतिशत तक कमी पाई गई है । इस विधि से फल मक्खी के नियंत्रण में बहुत कम लागत आती है व साथ ही मेहनत भी कम लगती है।





### रासायनिक प्रबंधन

**फलों** के भीतर मौजूद होने के कारण इस कीट के प्रबंधन के लिए छिड़के गए कीटनाशकों का या तो इन सुंडियों पर ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ता है या फिर बरसात होने के कारण अधिकतर रसायन बह जाते हैं। अत्याधिक कीटनाशकों के छिड़काव से न केवल वातावरण प्रदूषित होता है अपितु फलों व सब्जियों में भी कीटनाशकों के विषैले अंश रह जाते हैं जो खाने योग्य नहीं होने के उपरांत बाजार में आसानी से बिकते हैं। इसलिए सही समय पर सही मात्रा में कीटनाशक रसायन का प्रयोग करें।

## फल मक्खी का जीवन चक्र

**ग्रीष्म** ऋतु के आगमन पर मार्च-अप्रैल में मक्खियां मिट्टी के अंदर पड़े कोष (प्यूपा) से बाहर निकल आती हैं। बरसात के महीनों में अधिक गर्मी एवं नमी के कारण इनकी संख्या काफी बढ़ जाती है। मई-जून के महीने में खीरे के फल उपलब्ध होने पर यह इन पर पलती हैं। बाद में घीया, कद्दू और टमाटर के फलों पर यह मक्खी अपने अंडे देती है। लाल-भूरे रंग की यह मक्खी 4 से 6 मिलीमीटर तक लम्बी होती है। इसके पंख चमकदार व पारदर्शी होते हैं जिन पर पीले-भूरे रंग की धारियां होती हैं। यह मक्खी फलों की तलाश में काफी दूर-दूर तक उड़ान भरने में सक्षम है। व्यस्क मक्खी 7-8 सप्ताह तक जीवित रहती है। मादा मक्खी कद्दू वर्गीय सब्जियों की टहनियों, फूलों व फलों में 60 से 100 तक अंडे देती हैं। घीया, कद्दू और खीरे के कोमल फल जिनकी सतह नर्म होती है, अंडे देने के लिए उपयुक्त पाए जाते हैं। मादा मक्खी के शरीर का पिछला भाग नुकीला होता है जिससे यह फलों में छेद करके अन्दर अंडे डालती है। अंडे अकेले या 4 से 12 तक के झुंडों में दिए जाते हैं। अंडे देने से पहले मक्खी गोंद जैसे पदार्थ से छेद को चारों ओर से लपेट देती है जिससे कि फलों का रस युवा सुंडियों को डुबोकर नष्ट न कर दें। अंडे देने के बाद मक्खी फिर गोंद से इनको ढकती है। यह पदार्थ शीघ्र ही ठोस रूप धारण कर अंडों को बाहरी शत्रुओं से रक्षा प्रदान करता है। दूसरे फलों जैसे आम, अमरूद, आड़ू, सन्तरा और किन्नू इत्यादि फलों में यह मक्खी तब अंडे देती है जब फल थोड़ा पकना शुरू करते हैं, व उनकी ऊपरी सतह थोड़ी नर्म होती है। इनके आक्रमण स्वरूप फल सड़-गल जाते हैं और बाज़ार में बेचने योग्य नहीं रहते। सुण्डियां प्रभावित फल में एक छेद करके बाहर निकल जाती है और मिट्टी में गिर जाती है। मिट्टी में उचित स्थान ढूंढने के बाद यह 4-5 सैंटीमीटर की गहराई तक पहुंच कर कोषावस्था (प्यूपा) में प्रवेश करती है। बरसात के दिनों में चक्र दो सप्ताह में पूरा हो जाता है जबकि सर्द ऋतु में यह 2-3 महीने में पूरा होता है।



**-प्रस्तुति : अजय पाल, पालमपुर।**

## फल मक्खी कीट का प्रबंधन

### पालम ट्रैप लगाकर फलमक्खी का प्रबंधन



**कद्दू** वर्गीय सब्जियों में फल मक्खी प्रबंधन के लिए फल मक्खी ट्रैप (25 ट्रैप प्रति हैक्टेयर या 1 ट्रैप प्रति कनाल की दर से) मार्च से सितम्बर माह तक खेतों में लगाएं।



**पालम** ट्रैप को फसल से 3-4 फ़ीट की ऊंचाई पर लगाया जाता है। गंधयुक्त प्लाई बोर्ड के गुटके को 25-30 दिन के अंतराल में बदलना चाहिए। फल मक्खी के लिए ट्रैप कृषि विभाग की राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला, पालमपुर तथा कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर में उपलब्ध है।

## खेतों के आसपास की सफाई से फल मक्खी प्रबंधन



**जहां** पर फसल उगाई जाती है वहां आसपास की सफाई की फल मक्खी नियंत्रण/प्रबंधन में अत्याधिक भूमिका है। इसलिए किसानों से आग्रह है कि वह मक्खी प्रभावित फलों को इकट्ठा करें व इन्हें आधा मीटर गहरा गड्ढा खोदकर मिट्टी के अंदर दबा दें। गांव के दूसरे किसानों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। ऐसा करने से हम अपने ही नहीं बल्कि आसपास के किसानों के खेतों में भी फल मक्खी की संख्या को कम कर सकते हैं।



**डॉक्टर कुलदीप धीमान**
कृषि उप निदेशक जिला कांगड़ा।

# सोलन को टमाटर आधारित फूड प्रोसेसिंग यूनिट का इंतजार

**सिटी** ऑफ रेड गोल्ड नाम से मशहूर सोलन को आज तक टमाटर पर आधारित टमाटर आधारित फूड प्रोसेसिंग यूनिट नहीं मिल पाया। प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक सोलन में टमाटर आधारित फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की वकालत कर चुके हैं पर चुनाव होते ही सारी घोषणाएं हवा हवाई हो जाती है। अमूमन हर चुनाव में किसान का वोट हासिल करने के लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट के सपने दिखाए जो सपने ही बन कर रह गए।

**-प्रस्तुति : आर मोहन चौहान, सोलन।**





### नहीं बनी योजना

सोलन में करीब दो दशक से टमाटर पर आधारित प्रोसेसिंग यूनिट की बाते हो रही है। पर आज तक न योजना बनी न जमीन का चयन हुआ।

**-कपिल मेहता, उन्नत किसान, सोलन।**

### तीन जिलों में अधिक पैदावार

**प्रदेश** के कुल टमाटर उत्पादन का 40 फीसद से अधिक टमाटर अकेले सोलन जिला में पैदा होता है। वहीं शिमला संसदीय क्षेत्र के जिला सिरमौर का योगदान कुल उत्पादन का करीब 30 फीसद है। यही वजह है कि कई वर्ष से टमाटर प्रोसेसिंग यूनिट की मांग इस संसदीय क्षेत्र में की जा रही है। हैरानी की बात है कि तीन दशक बीत गए, लेकिन यह मुद्दा वहीं का वहीं अटका है। जिला सोलन व सिरमौर के किसानों की आर्थिक रीढ़ माना जाने वाला लाल सोना यानी टमाटर आज भी मंडियों में बिकने तक ही सीमित है। कम उत्पादन पर तो किसानों को टमाटर का उचित मूल्य मिल जाता है, लेकिन जब एक साथ टमाटर की पैदावार होती है तो किसानों को लागत मूल्य से भी कम दाम में टमाटर बेचने पर विवश होना पड़ता है। करीब दो दशक से जिला में टमाटर पर आधारित फूड प्रोसेसिग यूनिट स्थापित करने की घोषणाओं को किसान सुनता आ रहा है, लेकिन आज तक इस यूनिट को लगाने के लिए किसी ने पहल नहीं की।

### जिले को न तो संयंत्र मिला और न ही टमाटर का समर्थन मूल्य तय हुआ

**टमाटर** उत्पादकों को अब भी टमाटर आधारित प्रोसेसिंग यूनिट का इंतजार है। जिला को न तो संयंत्र मिला और न ही टमाटर का समर्थन मूल्य तय हुआ। हालांकि लंबे समय से विभिन्न किसान संगठन इसकी मांग करते आ रहे हैं, लेकिन बात कभी आश्वासन से आगे नहीं बढ़ी। वर्तमान की राजनीतिक दलों ने इस दिशा में पहल करने की बात कह चुके हैं पर हकीकत ये है कि चुनाव के बाद इस विषय पर कभी सार्थक चर्चा तक नहीं होती। न सांसद और न ही स्थानीय मंत्रियों व विधायकों ने कभी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाने की जहमत समझी।

### किसानों को मिलना चाहिए प्रोसेसिंग यूनिट का लाभ



**सोलन**-सिरमौर के किसानों को टमाटर आधारित प्रोसेसिंग यूनिट का लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए किसान सभा से लेकर अन्य सामाजिक संगठनों के साथ मांग बुलंद की गई पर राजनीतिक पार्टियों को वोट लेने के समय ही प्रोसेसिंग यूनिट की याद आती है।

**-विकास ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता और किसान।**

## न्यूज ब्रीफ

### लड़की ने पंखे से लटककर दी जान

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** थाना शाहपुर के अंतर्गत शाहपुर नगर पंचायत के हाड़ा में 15 वर्षीय लड़की ने बीती रात पंखे से दुपट्टे का फंदा बना लटककर अपनी जान दे दी। मृतक 11वीं कक्षा की छात्रा थी। मृतका के पिता टांडा में नौकरी करते हैं तथा माता गृहणी हैं और एक भाई है। थाना प्रभारी शाहपुर करतार सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

### उपभोक्ता 31 तक करवाएं मीटरों की केवाईसी

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने कहा कि विद्युत उपमंडल डरोह के अन्तर्गत आने वाले उपभोक्ता अपने घरेलू विद्युत मीटरों की केवाईसी नहीं करवा पाए हैं वे 31 मई तक अपने विद्युत मीटरों की केवाईसी करवा लें, ताकि वे विद्युत मीटरों में मिलने वाली सबसिडी का लाभ उठा सकें। केवाईसी के लिए जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड, विद्युत बिल तथा मोबाइल फोन भी अपने साथ अवश्य लेकर आएं। आपका मोबाइल नंबर आधार कार्ड से लिंक होना चाहिए। अगर कोई उपभोक्ता केवाईसी करवाने में सहयोग नहीं करता है, तो वह भविष्य में विद्युत बिल में मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रह सकता है और इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### स्वाभिमान पार्टी बिहार में लड़ेगी चुनाव : अशोक




**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** स्वाभिमान पार्टी के प्रदेश संयोजक अशोक कुमार ने बताया कि आर्य समाज मंदिर मुजफ्फरपुर में हुई स्वाभिमान पार्टी की बैठक में स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलदेव राज सूद ने कहा कि पार्टी बिहार में अगले विधान सभा चुनाव भारत गठबंधन जो 100 से अधिक राजनीतिक दलों का संगठन है से मिलकर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि स्वाभिमान पार्टी विषमुक्त खेती, नशामुक्त समाज, भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति, सत्ता का विकेंद्रीकरण, आर्थिक न्याय, सस्ता एवं शीघ्र न्याय, सरकारी क्षेत्र में जबावदेही की स्थापना, जल ,जंगल ,जमीन की रक्षा तथा देश में संपूर्ण व्यवस्था परिवर्तन के एजेंडे पर काम कर रही है। बैठक में सर्वश्री, वेद प्रकाश, सत्य नारायण शर्मा,अमर नाथ गुप्ता, प्रमोद शाह, डॉ. विमलेश्वर, रामचंद्र पटवा, अमरनाथ गुप्ता, विजय कुमार ओझा, वेद कुमार शर्मा आदी ने भाग लिया।

### छात्राओं ने सैनिक स्कूल की परीक्षा की उत्तीर्ण






**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल, भाली की छात्राओं ने एक बार फिर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय की चार प्रतिभाशाली छात्राओं कृतिका बेटी बलबीर सिंह, कृतिका कपूर बेटी हरबंस सिंह, अंकिता बेटी अमी चंद,मिष्ठी शर्मा बेटी संदीप कुमार ने प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमपाल सिंह ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, 'हमारी बेटियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि कठिन परिश्रम, सही मार्गदर्शन और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल, भाली की यह ऐतिहासिक सफलता विद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासित वातावरण की प्रमाणिकता को दर्शाती है।

### मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त व्यवस्था के लिए दी मंजूरी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधाओं के मद्देनजर दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। आयोग के उपनिदेशक पी. पवन की ओर से प्राप्त एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अब मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में मतदाताओं के मोबाइल फोन को जमा करने के लिए प्रबंध किए जाएंगे। ये मोबाइल स्विच ऑफ मोड में ही जमा किए जाएंगे और इन्हें रखने के लिए बॉक्स या बैग का इस्तेमाल किया जा सकता है। मतदान केंद्र में प्रवेश से पहले मतदाता अपने मोबाइल फोन निर्धारित स्थान पर जमा करवा सकेगा। मतदान केंद्र के भीतर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। आयोग के एक अन्य निर्णय के अनुसार अब उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधि मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार से 100 मीटर की दूरी पर वोटर इनफॉरमेशन स्लिप के वितरण के लिए बूथ स्थापित कर सकते हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए आयोग ने ये दोनों महत्त्वपूर्ण निर्णय लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 और निर्वाचन संचालन नियम-1961 के विभिन्न प्रावधानों के तहत ही लिए हैं।

### कांगड़ा में 25 से होगी बास्केटबॉल प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** नगर परिषद मैदान कांगड़ा में 3/3 अंडर-23 बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 25 मई को किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ हिमाचल पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा बतौर मुख्यातिथि पहुंचकर करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन कांगड़ा और हिमाचल प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के सहयोग से किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुनीष शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश में पहली बार अंडर-23 लड़के और लड़कियों की बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रत्येक टीम में तीन-तीन खिलाड़ी होंगे और एक ही समय में बास्केटबॉल कोर्ट में दो मैच खेले जाएंगे।

### लोगों ने सुनी श्रीकृष्ण जन्म की कथा



**शिबम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर।** गांव नौशहरा का प्राचीन शिव-लक्ष्मी नारायण मंदिर इस समय आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत है। श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन जैसे ही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का शुभ क्षण आया, गांव भक्ति, भाव और उल्लास में डूब गया। कथा व्यास आचार्य भवानी शंकर जी के कंठ से जैसे ही श्रीकृष्ण जन्म की दिव्य कथा की झड़ी लगी, पूरा पंडाल आस्था के आलोक से जगमगा उठा। इस भव्य आयोजन में पूर्व विधायक होशियार सिंह की उपस्थिति ने आयोजन को नई गरिमा दी। नौशहरा ने दिखा दिया कि जब गांव की संस्कृति, भक्ति और एकता एकत्र होती है, तो वह केवल पर्व नहीं, एक प्रेरणा बन जाती है।

## विधायक मलेंद्र राजन ने पीर बाबा मदोली छिंज मेले का किया शुभारंभ

# ग्रेवाल के गानों पर झूमे लोग


पंजाब के प्रसिद्ध सूफी गायक कंवर ग्रेवाल प्रस्तुति पेश करते हुए व मौजूद गणमान्य लोग।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने आज पीर बाबा मदोली में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक छिंज मेले का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यातिथि के रूप में मेले में भाग लिया और छिंज प्रतियोगिता की शुरुआत की।

इस अवसर पर विधायक मलेंद्र राजन ने कहा कि इस प्रकार के छिंज मेले क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को संजोने तथा युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं। हमारी सांस्कृतिक पहचान और पारंपरिक खेलों को जीवित रखना हमारा सामूहिक दायित्व है। प्रदेश सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल एवं सांस्कृतिक आयोजनों को बढ़ावा मिले।

### विकास कार्यों हेतु 3.31 लाख देने की घोषणा

उन्होंने आयोजन समिति को अपनी ऐच्छिक निधि से 31 हजार की राशि छिंज प्रतियोगिता हेतु प्रदान करने की घोषणा की। छिंज स्थल के विकास कार्यों के लिए 3 लाख की विशेष सहायता देने की भी घोषणा की, जिससे स्थायी बुनियादी ढांचे का निर्माण हो सके। इस अवसर पर पंजाब के प्रसिद्ध सूफी गायक कंवर ग्रेवाल ने अपनी मधुर आवाज में प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर एसडीएम डॉ. सुरिंद्र ,डीएसपी संजीव, तहसीलदार अमनदीप, पोंग बांध निदेशक डॉ. विशाल, प्रधान दंगल कमेटी जयराम सिंह, उप-प्रधान हंस राज, कांग्रेस प्रवक्ता संसार सिंह, कांग्रेस नेता मनोज, नरेंद्र, सूरज चौधरी, बलबीर सिंह, सुशील शर्मा, नीरज कुमार सहित उपस्थित रहे।

## कार में सवार लोगों का पुलिस पर हमला

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** थाना इंदौरा के अंतर्गत वीरवार को हिमाचल पंजाब सीमा पर मिरथल में हुए गोली कांड के चलते जिसमें एक गैंगस्टर को गोली लगी थी उसके तहत स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट द्वारा जिसकी अगुवाई टीम के इंचार्ज सतेंद्र कर रहे थे। टांडा मोड़ पर काले रंग की स्विफ्ट कार को जब रोकने की कोशिश की गई तब कार के चालक द्वारा कार को भगाने तथा कुलचने कोशिश की । जिसके तहत कुछ पुलिसकर्मियों को चोटें भी आई तथा इस कार को सीआई यूनिट टीम द्वारा पीछा करने पर कुछ दूरी पर पीछा करने पर पकड़ लिया गया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान टोनी निवासी छन्नी बेली,विकास निवासी बहरामपुर राजू निवासी बहरामपुर जिला गुरदासपुर तथा कमलेश कुमारी निवासी बहरामपुर तथा सोनिया निवासी टांडा उड़मड जिला होशियारपुर को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। इन आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया था आज इन सभी को माननीय अदालत इंदौरा में पेश किया गया यहां उन्हें रिमांड पर भेज दिया गया है । डीएसपी संजीव यादव ने कहा कि गुंडागर्दी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# किशोरी लाल ने नवनिर्मित भवन और खेल मैदान का किया लोकार्पण

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**



**बैजनाथ।** विधानसभा क्षेत्र बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने आज यहां राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संसाल में 30 लाख की लागत से निर्मित साइंस ब्लाक तथा खेल मैदान का विधिवत रूप से लोकार्पण किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वह बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करने के लिए तत्पर हैं तथा विकास कार्यों को पूर्ण करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि संसाल, मडेढ तथा पंजाला गांव के लिए 1 करोड़ 65 लाख से पेयजल योजना का निर्माण करके जनता के लिए लोकार्पित कर दिया गया है। उन्होंने इस दौरान लोकनिर्माण विभाग तथा जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वर्तमान समय में चल रहे विभिन्न सड़कों तथा पेय जल से संबंधित कार्यों में तेजी लाएं ताकि बैजनाथ विधान सभा के गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे।

किशोरी लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दृढ़ संकल्पित है तथा पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों को बढ़ावा देकर बच्चों का शारीरिक और मानसिक मनोबल में वृद्धि होगी करने के लिए प्रयासरत है। इसी के दृष्टिगत हर विधानसभा क्षेत्र में एक राजीव गांधी मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने का निर्णय सरकार ने लिया है।

इस दौरान उन्होंने विद्यालय की ज्ञान ज्योति वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया तथा दसवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा रीत कौर को 2100 रुपए , द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कशिश को 1100 रुपए , तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र संदीप कुमार को 501 रुपए की नकद राशि तथा मेडल प्रदान करके सम्मानित किया। इसके उपरांत उन्होंने 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित परशुराम सामुदायिक भवन पपरोला का लोकार्पण किया।

# जिले की खाली सब्जी और फल मंडियों में दुकानों के लिए लगी बोली

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**



**कांगड़ा।** कृषि उपज मण्डी समिति, कांगड़ा के अंतर्गत स्थापित विनियमित उप मंडी, जयसिंहपुर, ज्वालाजी, जवाली, गुलेर और फतेहपूर में खाली दुकानों/बूथों का फलों व सब्जियों के थोक ब्यापार हेतु अध्यक्ष कृषि उपज मंडी समिति, कांगड़ा चौधरी नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित आवंटन उप समिति द्वारा जिला कांगड़ा की विभिन्न मंडियों में खाली दुकानों का आवंटन किया गया, जिसमें सर्व प्रथम विनियमित उप मंडी जयसिंहपुर में कुल 4 बूथों का में उप मंडी ज्वालाजी में कुल खाली पड़ी 6 दुकानों में से 3 दुकानों का आवंटन किया, विनियमित उप मंडी फतेहपूर में 1 दुकान व 1 बूथ का आवंटन कमशः 3000 और 2400 मासिक किराये पर और विनियमित उप मंडी ज्वाली में 2 दुकानों का आवंटन 2250 से 23836 मासिक किराये पर किया गया। विनियमित उप मंडी ज्वाली में एक दुकान के लिए दो आवेदक होने के कारण इसका आवंटन खुली बोली द्वारा 23,836 मासिक किराये पर आवंटित की गई।

# सिविल सेवा परीक्षा के लिए तीन केंद्र स्थापित

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), नई दिल्ली 25 मई 2025 को सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन करने जा रहा है। लिखित परीक्षा के लिए धर्मशाला में भी तीन परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। यह जानकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी सभागार में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। इस अवसर पर संघ लोक सेवा आयोग के अतिरिक्त सचिव पंकज हजारिका, अंडर सचिव सुभाशीष रॉय तथा दीप पंत विशेष रूप से उपस्थित रहे।


बैठक को संबोधित करते उपायुक्त हेमराज बैरवा।

बैठक में यूपीएससी अधिकारियों ने धर्मशाला में परीक्षा के आयोजन को लेकर जरूरी मार्गदर्शन किया और इसमें अधिकारियों ओर कर्मचारियों के दायित्वों की जानकारी दी।

उपायुक्त ने बताया कि परीक्षा के आयोजन के लिए राजकीय (छात्र) वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मशाला, राजकीय (छात्रा) वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मशाला तथा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धर्मशाला में परीक्षा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए अधिकारी तथा कर्मचारी नियुक्त किए जाएंगे। संघ लोक सेवा आयोग के अतिरिक्त सचिव पंकज हजारिका ने बताया कि 25 मई को परीक्षा का आयोजन दो सत्रों में किया जाएगा। पहला सत्र प्रातः 9.30 से 11.30 बजे तक तथा दूसरा सत्र 2.30 से 4.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। बैठक में संघ लोक सेवा आयोग के अंडर सचिव सुभाषीश रॉय ने भी परीक्षा के आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि इस परीक्षा में तीन परीक्षा केंद्रों पर 864 अभ्यर्थी भाग लेंगे। इस अवसर पर एडीएम शिल्पी बेक्टा, एसीटूडीसी सुभाष गौतम शिक्षा, तथा डाक विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## हैप्पी बर्थडे


मस्सल के विक्की को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# सैनिक स्कूल परीक्षा में छाए तृप्ता स्कूल के छात्र

**अनंत ज्ञान, जवाली**

हर बर्ष की तरह इस वर्ष भी तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा के 38 छात्रों ने सैनिक स्कूल की परीक्षा को उत्तीर्ण कर विद्यालय और अपने माता पिता का नाम रौशन किया है।


सैनिक स्कूल की परीक्षा में उत्तीर्ण रहे बच्चे।

इस परीक्षा में कक्षा छठी के लिए अठारह बच्चों ने परीक्षा को उत्तीर्ण किया जिनमें अद्विक, रियांश, शगुन, अक्षित गोरिया, नक्श, गुरमुख, प्रिशा, दक्ष, रियान, मिताक्षी, आरव परिधि, अर्पित, आराध्य, आशिका, आरोही, सक्षम, सुहान अली और कक्षा नवम के लिए बीस बच्चों ने जिसमें सूरज, ईशान, अनिरुद्ध, सुमेधा, पार्थ, अरमान, मानवी, संचित, दानिश, काशवी, रुपशि, आशिता, आरोही, अन्वी, कार्तिक, समीक्षा, केशव, गौरव, दिव्यांश ने इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय में खुशी की लहर है और विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने बच्चों को बधाई देते हुए अपने संदेश में कहा कि यह बच्चों की कड़ी मेहनत और लगन और पूर्ण निष्ठा का परिणाम है यह परीक्षा राष्ट्रीय स्तर पर होती हैं और इस परीक्षा को उत्तीर्ण करना गौरव की बात हैं। विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## बैजनाथ और पपरोला में रहेगी तीसरी आंख की नजर

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** प्रमुख कस्बे बैजनाथ तथा पपरोला जल्द ही तीसरी आंख की नजर में होंगे। डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा ने कहा कि बैजनाथ पपरोला में प्रस्तावित सीसीटीवी कैमरों का कार्य लगभग अंतिम चरण में है सीसीटीवी कैमरे लगने के बाद दोनों प्रमुख कस्बों की सुरक्षा काफी सुदृढ़ हो जाएगी।

इन दोनों शहरों में पर्यटकों की तादाद तो दिन प्रतिदिन बढ़ ही रही है इसलिए हर जगह पुलिस का पहुंच पाना संभव नहीं है अब सीसीटीवी कैमरे लगने से इन दोनों शहरों में सुरक्षा काफी हद तक चकाचौंध हो जाएगी। राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने व्यापार मंडल के प्रधान मनोज कपूर तथा डीएसपी अनिल शर्मा के अनुरोध पर 23.5 लाख की धनराशि कैमरों के लिए जारी की थी । व्यापार मंडल के प्रधान मनोज कपूर ने उनका धन्यवाद किया।

# 45 .80 लाख से बनेगा चौकाठ विद्यालय का अतिरिक्त भवन

**अनंत ज्ञान, देहरा**

विधायक ज्वालामुखी संजय रत्न ने आज 45.80 लाख रुपए से बनने वाले समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौकाठ के अतिरिक्त भवन का शिलान्यास किया।

विधायक ने बताया कि इस अतिरिक्त भवन में 4 कमरे होंगे जिसमें आर्ट एंड क्राफ्ट रूम, लाइब्रेरी, साइंस लेब और कंप्यूटर रूम होगा। विधायक ने कहा कि यह भवन अगले 4 महीने में बन कर तैयार हो जाएगा । उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य लक्ष्य शिक्षा के क्षेत्र में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना है चाहे वह प्राइमरी विद्यालय, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय या कॉलेज हो। विधायक ने स्थानीय लोगों से आवाह्न किया कि वह अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाए क्योंकि यहां के अध्यापक पढ़े लिखे और कमीशन क्वालीफाई करके आते है । इससे पूर्व विधायक का स्कूल प्रबंधन और स्थानीय लोगों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया और स्कूल प्रबंधन द्वारा विधायक का स्मृति चिन्ह शॉल और हिमाचली टोपी दे कर सम्मानित किया।

# डीएवी कांगड़ा में अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस 25 से

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में त्रि-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन 25 से 27 मई 2025 तक होगा। कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का मुख्य विषय क्वांटम विश्व के युग में सामाजिक और वैज्ञानिक जागृति है।

इसके अतिरिक्त कुछ उपबिंदु भी रहेंगे जैसे पर्यावरण, स्थिरता और लचीलापन, अंतरसंबंध एक सामान्य आधार, विज्ञान और समाज, अनुशासनात्मक संवाद जहां विज्ञान समाज से मिलता है। समाजशास्त्र और नृविज्ञान, मनोविज्ञान और व्यवहार विज्ञान इत्यादि शामिल है।

इस कॉन्फ्रेंस हेतु लगभग 600 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है जिनमें न केवल भारतवर्ष के विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर अपितु विश्व भर के अनेक विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर भाग ले रहे हैं । इसके अतिरिक्त अनेक विश्वविद्यालयों में शोध कार्य कर रहे अनेक शोधार्थी एवं डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा के छात्र-छात्राएं भी सम्मिलित होंगे । यह कॉन्फ्रेंस ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों में आयोजित होगा।

डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने बताया कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य न केवल व्यक्ति मात्र अपितु संपूर्ण समाज का सर्वांगीण विकास करना होता है जिसमें ज्ञान विज्ञान संबंधी चिंतन और शोध कार्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महाविद्यालय में निरंतर रूप से समय-समय पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमिनारों का आयोजन होता रहता है जिससे समाज को एक नई दिशा और दशा मिलती है ।

# संस्कृत व्याकरण की पुस्तकों का हो प्रकाशन : बंसल

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग की ओर से सन्ध्यनुप्रयोग कार्यशाला संधियों अनुप्रयोगात्मक पंच दिवसीय कार्यशाला का समापन धौलाधार परिसर एक में हुआ।

इस समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि प्रो. सत प्रकाश बंसल रहे। वहीं कार्यशाला में दोनों विषय विशेषज्ञ सामाजिक कार्यकर्ता प्रताप तथा डॉ. यजकृष्ण भी उपस्थित रहे। मुख्यातिथि का सम्मान विभागाध्यक्ष प्रो. योगेंद्र द्वारा किया। सारस्वत अतिथि प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि संस्कृत भाषा का व्याकरण बहुत ही दृढ और उन्नत है।

इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल इस कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए संस्कृत विभाग को बधाई दी। इसके साथ उन्होंने सर्व समाज के लिए उपयोगी संस्कृत भाषा और व्याकरण से संबंधित पुस्तकों की लेखन एवं विश्वविद्यालय द्वारा उनके प्रकाशन के लिए उचित निर्देश प्रदान किए ।

कार्यशाला के समापन अवसर पर कुलपति प्रो. एसपी बंसल का स्वागत करते प्रो. योगेंद्र कुमार।

# ठेकेदारों की सरकार व विभाग को चेतावनी, कार्यालय में लगाएंगे ताला

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान**

**फतेहपुर।** फतेहपुर के ठेकेदारों आज कल सरकार से रुष्ट चल रहे हैं। उनका मानना है कि सरकार पिछले दो साल से उनके द्वारा किए गए कार्यों का भुगतान नहीं कर रही है। जानकारी देते फतेहपुर के ठेकेदारों गोल्डी ठाकुर, उपेंद्र शर्मा, मोनू समकड़ियां, हरप्रित संधू आदि ने बताया कि इस समय ठेकेदारों की स्थिति बहुत दयनीय हो रखी है।

उन्होंने कहा कि हमारे पास जो जमा पूंजी थी वह हमने सारी लगा दी है, लेकिन सरकार से भुगतान न होने के चलते उनके घरों के चूल्हे चलने तक के लिए समस्या खड़ी हो गई है। लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में उपस्थित ठेकेदारों ने पहले अपनी समस्याओं पर चर्चा की तथा बाद में उपस्थित ठेकेदारों ने एक मांग पत्र पर लोक निर्माण विभाग में दिया तथा विभाग द्वारा लगाए जा रहे टेंडरों पर अपनाई जा रही प्रक्रिया पर सवाल उठाए।

वहीं ठेकेदार यूनियन ने कहा कि अगर पांच दिनों के अंदर अंदर ठेकेदारों की पेमेंट नहीं की गई तो विभाग के कार्यालय पर ताला जड़ा जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि जब पेमेंट नहीं दी जा रही तो टेंडर क्यों लगाए जा रहे है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब फतेहपुर के ठेकेदारों ने टेंडर भरने का बहिष्कार किया तो विभाग कि मिलीभगत से उपमंडल फतेहपुर से बाहर के ठेकेदारों से टेंडर फाइल करवा दिए। उन्होंने विभाग को टेंडर फॉर्म इश्यू तिथि की वीडियो फुटेज दिए जाने की मांग की।

**योजना**

## सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने को लेकर कार्यशाला आयोजित

# सड़क दुर्घटनाओं के डाटा संकलन के लिए दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



कांगड़ा में एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस एवं डिटेल्ड एक्सीडेंट रिपोर्ट पर एक व्यापक कार्यशाला एवं प्रशिक्षण सत्र की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनीष सोनी ने कहा कि यह कार्यशाला जिला स्तर पर अधिकारियों को सड़क दुर्घटना से संबंधित डेटा की स्टीक प्रविष्टि और रिपोर्टिंग हेतु प्रशिक्षित करने के लिए आयोजित की जा रही है। इसमें पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, हिमाचल पथ परिवहन निगम, एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। ये विभाग प्रणाली के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिसका उद्देश्य डेटा-आधारित निर्णयों के माध्यम से देशभर में सड़क सुरक्षा में सुधार करना है।

सड़क दुर्घटना डिटेल एक्सीडेंट परियोजना की प्रमुख विशेषताओं एवं लाभों की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यह परियोजना, भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की एक पहल है, जिसे राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र और एनआईसीएसआई द्वारा डिजाइन, विकसित और लागू किया गया है। इसका उद्देश्य एक एकीकृत और विश्वसनीय सड़क दुर्घटना डेटा संग्रह प्रणाली तैयार करना है, जिससे दुर्घटनाओं का विश्लेषण कर निवारक कदम उठाए जा सकें। इस प्रणाली के तहत पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एवं लोक निर्माण विभाग जैसे चार प्रमुख हितधारक विभागों को जोड़ा गया है। यह पहल भारत सरकार की प्रौद्योगिकी आधारित सड़क सुरक्षा और पंजीकरण प्रणाली को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनीष सोनी ने कहा कि वाहनों में उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट्स लगाने के लिए पहले चरण में तीस मई तक तथा दूसरे चरण में नौ जून से 17 जून तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। यदि कोई वाहन मालिक उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट्स लगाने से इंकार करता है ताकि उसके खिलाफ नियमों के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पंचरुखी में निकाली तिरंगा यात्रा


तिरंगा यात्रा निकालते हुए भाजपा मंडल के सदस्य व अन्य लोग।

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** भारत माता की जय व पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों के साथ भाजपा मंडल पंचरुखी की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई।

एसबीआई से शुरू की गई तिरंगा यात्रा छत्र रोड से होते हुए आंबेडकर भवन तक निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा में दर्जनों लोगों ने भाग लिया। पूर्व विधायक रवि धीमान, भाजपा संगठनात्मक जिला पालमपुर के महामंत्री राजेश रानू, जिला परिषद सदस्य संतोष शर्मा, ऊषा राणा, अनुराधा शर्मा, राजेश्वरी देवी, जन्म सिंह पठानिया, स्वरूप डोगरा, विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### आस्था और यशस्वी स्कूल में प्रथम

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा संशोधित 12वीं कक्षा के परिणाम में राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग की दो छात्राओं आस्था चंदेल और यशस्वी ने 94.6 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ-साथ पाठशाला का गौरव बढ़ाया है। जबकि मीनाक्षी ने 93 प्रतिशत और मितानी ने 92 प्रतिशत अंक लेकर क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने बताया कि संशोधित परिणाम में सभी छात्र 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। उन्होंने इस शानदार प्रदर्शन के लिए सभी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में डिंपल ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जैव विविधता पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में 12वीं की छात्रा डिंपल ने प्रथम, प्लस वन की अंजलि ने द्वितीय और 9वीं की छात्रा मेशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि इसी प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में 7वीं कक्षा के छात्र आदित्य नेगी ने प्रथम, 8वीं कक्षा के अर्नव ने द्वितीय और पवित्रा थापा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार नारा लेखन में 11वीं की छात्रा अवंतिका प्रथम स्थान रही। जबकि कनिष्ठ वर्ग के नारा लेखन में उत्कृष्ट ने प्रथम, शैलजा ने द्वितीय और आरव ने तृतीय स्थान पर रहे।

### कल कच्ची घाटी के प्रवास पर लोक निर्माण मंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 25 मई को कच्ची घाटी व ग्राम पंचायत शकराह के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण मंत्री 25 मई को दोपहर 12 बजे कच्ची घाटी में व्यापार मंडल कच्ची घाटी के नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। इसके उपरांत वह दोपहर 12.45 बजे गोल्डन फर्न रिजॉर्ट में नगर निगम वार्ड कच्ची घाटी के 'मंत्री आपके द्वार' कार्यक्रम में जन शिकायतें सुनेंगे। इसके पश्चात वह शाम को पंचायत शकराह में 'दंगल 2025' की अध्यक्षता करेंगे।

### पांच छात्र सैनिक स्कूल के लिए चयनित

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** हिमालयन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल रोहड़ू के पांच मेधावी छात्रों ने आल इंडिया सैनिक स्कूल एंट्रेंस एग्जाम में सफलता हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। स्कूल के वर्तमान छात्रों में छठी कक्षा से पलक सुन्नाटा, सातवीं कक्षा से ईवा बष्टाटा, परिधि शर्मा, हैरिस गोई और नौवीं कक्षा से हार्दिक जिंटा ने यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा पास कर अपनी मेहनत व प्रतिभा का परचम लहराया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक दिनेश शर्मा, प्रधानाचार्य रंजू शर्मा व समस्त स्टाफ ने छात्रों को बधाई दी। स्कूल प्रशासन, शिक्षकों व अभिभावकों ने इन होनहार छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। स्कूल के चेयरमैन दिनेश शर्मा, प्रिंसिपल रंजू शर्मा, सीनियर एडमिन नगेंद्र लूटा, जूनियर एडमिन जगदेव चौहान, पवन सूर्यान, दिनेश शर्मा, बलवंत शर्मा, पृथ्वीराज नेगी, आंचल शर्मा, अजय शर्मा, कुलदीप, स्वीटी शर्मा, वंदना शर्मा, सुरुचि शर्मा, दिव्या ठाकुर, निधि चौहान, पूजा, मधु दत्ता, हितवन्दा राणा, पूजा ठाकुर, वनिता चौहान, रविकांत, अंकिता शर्मा, पूजा कल्याण, नितिका राठौर, श्रुति शर्मा ने छात्रों को उनकी सफलता पर उन्हें शुभकामनाएं दी है।

### बस किराये के विरोध में किया धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार द्वारा बढ़ाए गए बस किराये के विरोध में सीपीआईएम ने आम लोगों की लामबंद कर एचआरटीसी मुख्य कार्यालय (ओल्ड बस स्टैंड) पर जोरदार प्रदर्शन किया गया व प्रबंधक निदेशक के मार्फत उपमुख्यमंत्री को एक ज्ञापन दिया और मांग की गई कि प्रदेश में जो बस किराए बढ़ाया गया है, इससे आम जनता पर आर्थिक बोझ पड़ा है, एक तो न्यूनतम किराया 10 रुपए करना व फिर किराए में 15 फीसदी की वृद्धि करना यह किसी भी हालत में तर्कसंगत नहीं है इसका हर हाल में विरोध किया जाएगा। न्यूनतम किराया और बस किराये के 15 की वृद्धि के साथ-साथ निजी स्कूली बच्चों को लगाई गई बसों के किराये में गुना बढ़ोतरी की गई है। प्रदेश में अधिकतर लोग बसों में सफर करते हैं, प्रदेश में बसों के इलावा कोई और साधन नहीं है जिससे गरीब लोग सफर कर पाए। सरकार द्वारा भरी किराया वृद्धि से जनता पर भारी आर्थिक बोझ पड़ेगा।

# शिक्षा मंत्री ने दी करोड़ों की सौगातें

## रोहित ठाकुर ने बरथाटा में लगभग 2.50 करोड़ की परियोजनाओं के किए उद्घाटन-शिलान्यास

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान



**शिमला।** जुब्बल के अंतर्गत बरथाटा पंचायत में एक दिवसीय प्रवास के दौरान शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने 55 लाख रुपए की लागत से 2 किलोमीटर लंबी निर्मित केलवी बलाई संपर्क सड़क का लोकार्पण किया।

गौरतलब है कि यह सड़क कोहलाड़ा पंचगांव अंटी सड़क का एक भाग है, जिसका निर्माण 70 के दशक में शुरू हुआ था। इस सड़क की पासिंग के साथ ही यह सड़क निर्माण कार्य पूरा हो गया है। इसके साथ ही सोजला-केलवी-गड़ावग मार्ग पर 2 करोड़ 7 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पुल की आधारशिला भी रखी। इससे पूर्व रोहित ठाकुर ने कोहलाड़ा अंटी मार्ग के स्तरोन्नत और चौड़ीकरण के कार्य और बटाड़गलू में 1 करोड़ 70 लाख की लागत से निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कार्य का निरिक्षण भी किया। इस दौरान इस सड़क पर बस को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बलाई में जनसभा को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि बरथाटा पंचायत से उनका पारिवारिक संबंध है और इसी नाते आज इस सड़क का उद्धघाटन करने पर विशेष प्रसन्नता का अनुभव कर रहे हैं। इस सड़क के बनने से न केवल बरथाटा के निवासी ही लाभान्वित होंगे, बल्कि साथ लगती कठासु नंदपुर, अंटी, छाजपुर और सीमावर्ती उत्तराखंड के साथ लगती कुड्डू पंचायत के निवासी भी लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि यह पूरा क्षेत्र सेब बागवानी बहुल क्षेत्र है और इस दृष्टिकोण से भी यह सड़क अति महत्त्वपूर्ण है। इस सड़क के बनने से बलाई और बरथाटा के बीच लगभग 35 किलोमीटर की दूरी कम हो गई है, जिससे बागवानों को अपना उत्पाद बाज़ारों तक पहुंचाने में सुविधा होगी और समय की भी बचत होगी।

### आर्थिक संकट के बावजूद किए बेहतर कार्य

**शिक्षा** मंत्री ने विकासात्मक कार्यों की चर्चा करते हुए बताया कि कठिन आर्थिक संकट और विपक्ष द्वारा सरकार को अस्थिर करने के प्रयासों के बावजूद वर्तमान सरकार ने बेहतरीन विकास कार्यों को अंजाम दिया है और विशेष कर जुब्बल नावर कोटखाई में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हुआ है।

### असर रिपोर्ट में देश में पहले पायदान पर पहुंचा था हिमाचल

**वहीं** वर्तमान सरकार के प्रयासों के चलते हिमाचल पूरे देश में असर की रिपोर्ट के अनुसार केरल को पीछे छोड़ते हुए पहले स्थान पर पहुंच चुका है। इसके साथ ही वर्तमान सरकार द्वारा शिक्षकों के विभिन्न श्रेणियों के हजारों पदों को भरा गया है जिससे निश्चित रूप से आने वाले समय में शिक्षा क्षेत्र में सुधार होगा।

# चालक और परिचालकों को बस अड्डों पर दिया प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण



बाबू राम चौहान, अनंत ज्ञान

**जुन्गा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जुन्गा के सौजन्य से राजधानी शिमला, तारादेवी और ढली के बस अड्डों पर सरकारी व निजी बसों के वाहन चालकों व परिचालकों को प्राथमिक चिकित्सा उपचार (फर्स्ट एड) का प्रशिक्षण देने बारे विशेष कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। सिविल अस्पताल जुन्गा के चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोज वर्मा ने बताया कि शिविर में वाहन चालकों को प्राथमिक चिकित्सा उपचार बारे व्यवहारिक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि वाहन चलाना एक जोखिम भरा कार्य है और गाड़ी चलाते हुए कभी भी कोई आपदा आ सकती है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए विशेषकर बस चालक व परिचालकों को प्राथमिक चिकित्सा बारे जानकारी होना बहुत जरूरी है।

मनोज ने बताया कि दुघर्टना होने की स्थिति में यदि बस चालक व परिचालक सुरक्षित है तो उन्हें संयम और धैर्य रखने की सबसे ज्यादा आवश्कता होती है और तुरंत पुलिस को सूचना दी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि आपदा प्रबंधन नियमों के अनुसार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए दुर्घटना स्थल को तीन भागों ब्लैक, ग्रीन और येलो रेड में बांटा जाता है।

# प्रदेश में बीमा जागरूकता अभियान को गति देगा पीएनबी मेटलाइफ

अनंत ज्ञान, शिमला

**प्रदेश** के लिए इंश्योरेंस रेगूलेटरी एंड डेवलपमेंट ऑथारिटी ऑफ इंडिया (आईआरडीएआई) द्वारा नियुक्त प्रमुख जीवन बीमाकर्ता के रुप में पीएनबी मेटलाईन इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को राज्य की जीवन बीमा पहलों के साथ इस क्षेत्र को गति देने को जिम्मा सौंपा गया है।

इस लक्ष्यपूर्ति के लिये पीएनबी मेटलाइफ ने आईआरडीएआई द्वारा नियुक्त प्रमुख जनरल इंश्योरर रहेजा क्यूबीई जनरल इंश्योरेंस के साथ मिलकर हिमाचल प्रदेश में राज्य स्तरीय बीमा समीति की पहली बैठक शिमला में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश सरकार के प्रिंसीपल सेक्रेटरी फाइनेंस और गठित समीति के चैयरमेन विजय वर्धन ने की। बैठक के दौरान राज्य भर में बीमा पैंठ और जागरुकता बढ़ाने,ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में प्रोटेक्शन गेप्स को दूर करने की रणनीतियों पर ध्यान केन्द्रित किया गया और राज्य भर में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों,क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों की 1638 शाखाओं का लाभ उठाने की योजनाओं की रुपरेखा तैयार की गई। इसमें 12 जिला स्तरीय और 78 ब्लाक स्तरीय बीमा समीतियों के गठन के साथ साथ इसे अपनाने के लिये लोकल मार्केट कैंपेन चलाने की भी रुपरेखा दी गई।

पीएनबी मेटलाइफ में पार्टनरशिप एंड ग्रुप के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन आफिसर मोहित बहुगुणा ने कहा कि वित्तीय सुरक्षा बढ़ाने और पूरे राज्य में बीमा जागरुकता बढ़ाने की अपनी महत्वाकांक्षा में प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार और आईआरडीएआई के सहयोग से राज्य स्तरीय बीमा समीति का गठन इस लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

प्रदेश सरकार के प्रिंसीपल सेक्रेटरी फाईनैंस और हिमाचल प्रदेश की राज्य स्तरीय बीमा समीति के चैयरमेन विजय वर्धन ने कहा कि प्रदेश में जहां बीमा पैठ सिर्फ 3.2 फीसदी है इस बैठक के अंतर्गत महत्वपूर्ण मुद्दे पर जागरुकता बढ़ाने की पहल करते देखना उत्साहजनक है।

# शिमला को अग्रणी जिला बनाने पर कार्य करें अधिकारी

## उपायुक्त अनुपम कश्यप ने समीक्षा बैठक में सभी अधिकारियों को दिए निर्देश

अनंत ज्ञान ब्यूरो। शिमला

**जिला** सुशासन सूचकांक (गुड गवर्नेंस) को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह सुशासन और विकास से संबंधित सभी मानकों में शिमला को अग्रणी जिला बनाने के लिए तत्परता के साथ कार्य करें।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 से संबंधित डीजीजीआई के आंकड़ों पर व्यापक चर्चा की गई। जिला सुशासन सूचकांक में आठ मूल विषय जैसे - आवश्यक बुनियादी ढांचा, मानव विकास, सामाजिक संरक्षण, महिला एवं बाल विकास, कानून व्यवस्था, पर्यावरण, पारदर्शिता एवं जवाबदेही और आर्थिक प्रदर्शन आदि शामिल किए गए हैं। इनके अंतर्गत 19 मुख्य केंद्र बिंदुओं एवं 128 संकेतकों के आधार पर सभी जिला के प्रदर्शन का आकलन किया जाता है और इन इंडीकेटर्स के आधार पर राज्य स्तर पर जिला की रैंकिंग निर्धारित की जाती है।

उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन इंडीकेटर्स में सुधार की गुंजाइश है उनमें अतिरिक्त प्रयास कर प्रतिशतता को बढ़ाया जाए। विभिन्न विभागों की ओर से प्राप्त वर्ष 2024-25 के आंकड़ों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि कई विभागों के आंकड़ों की अभी समीक्षा करने की आवश्यकता है। इसके अलावा, इस बार जिला सुशासन सूचकांक में कुछ अतिरिक्त संकेतक भी शामिल किए गए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग, जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण, उद्योग, श्रम एवं रोजगार, राजस्व विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि वह इन आंकड़ों को तुरंत अपडेट करवाएं। उन्होंने कहा कि गुड गवर्नेंस में कुछ सूचकांकों में अतिरिक्त प्रयास कर इसे और बेहतर बनाया जा सकता है। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी प्रोटोकॉल ज्योति राणा, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कानून एवं व्यवस्था पंकज शर्मा, सहित स्वास्थ्य विभाग, जल शक्ति, लोक निर्माण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, ग्रामीण विकास, शिक्षा, विद्युत, पुलिस सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।



### सभी विभागों के कार्यों पर दिया जा रहा विशेष जोर

**शिक्षा,** स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग विभागों के कार्यों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। बैठक में विभिन्न विभागों के विकास कार्यों के 128 इंडिकेटर पर सांख्यिकीय आंकड़ों पर उपलब्धियों पर चर्चा की गई।

### गुड गवर्नेंस के तहत बेहतर हो रहे काम

**उपायुक्त** ने कहा कि गुड गवर्नेंस के तहत बहुत से सूचकांकों में जिला बेहतर कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी विभागों को तय मानकों के अनुसार लक्ष्यों को पूर्ण करने के तीव्रता से कार्य करने के निर्देश दिए है।

# स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए प्रशासन की सख्ती

## अब 9:30 बजे तक ओपीडी में मौजूद रहेंगे डॉक्टर, नहीं तो जारी होगा नोटिस

शुभम राही, अनंत ज्ञान



- सुबह 11 बजे वार्ड में किया जाएगा अनिवार्य राउंड
- शाम 4 बजे तक ओपीडी में उपस्थिति अनिवार्य

अनंत ज्ञान खास खबर

**बिलासपुर।** जिला अस्पताल प्रशासन अब पूरी तरह से एक्शन मोड में आ गया है। लगातार मिल रही शिकायतों और मरीजों की बढ़ती नाराजगी को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने चिकित्सकों के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इन नए आदेशों के तहत सभी तैनात चिकित्सकों को अनिवार्य रूप से सुबह 9:30 बजे तक ओपीडी में उपस्थित रहना होगा। इसके अलावा, अब मरीजों के वार्डों का राउंड प्रतिदिन सुबह 11 बजे ही किया जाएगा, जिससे भर्ती मरीजों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके।

अस्पताल प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि सभी चिकित्सकों को शाम 4 बजे तक ओपीडी में उपलब्ध रहना अनिवार्य होगा। यह निर्णय अस्पताल में समय से पहले डॉक्टरों के ओपीडी से गायब होने की शिकायतों के बाद लिया गया है। इस बारे में कई बार मरीजों और उनके परिजनों ने सीधे अस्पताल प्रशासन से शिकायतें की थीं कि चिकित्सक समय पर ओपीडी में मौजूद नहीं रहते, जिससे उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ता है।

इस संबंध में जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिंह ने स्पष्ट किया है कि ओपीडी का औचक निरीक्षण प्रतिदिन किया जाएगा। यदि कोई भी चिकित्सक निर्धारित समय यानी 9:30 बजे तक ओपीडी में उपस्थित नहीं पाया गया, तो उसके खिलाफ कारण बताओ नोटिस (शोकॉज नोटिस) जारी किया जाएगा। इस नोटिस के माध्यम से संबंधित चिकित्सक से जवाब तलब किया जाएगा कि वह क्यों अनुपस्थित था।

डॉ. एके सिंह ने कहा कि यह फैसला जनता की मांग और मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। उनका कहना है कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को समय पर डॉक्टर की सेवा मिलनी चाहिए, जिससे चिकित्सा व्यवस्था पर उनका विश्वास बना रहे।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि भविष्य में भी किसी चिकित्सक के खिलाफ समय पालन न करने की शिकायत मिलती है, तो कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इन सख्त आदेशों के बाद अस्पताल में तैनात कई चिकित्सकों में हलचल देखने को मिल रही है।

### जिम्मेदारी होगी तय

**जिला** अस्पताल प्रशासन का यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास माना जा रहा है। यह निर्णय न केवल चिकित्सकों की जिम्मेदारी तय करेगा, बल्कि मरीजों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित करने में भी मददगार साबित होगा। जिला अस्पताल की छवि में सुधार निश्चित रूप से देखने को मिलेगा।



"चिकित्सकों को सुबह 9:30 पर ओपीडी में उपलब्ध होने के कड़े आदेश जारी कर दिए हैं। ओपीडी में चिकित्सकों का समय पर न पहुंचने का लगातार शिकायतें आ रही थी। जिसके चलते यह सख्त रवैया अपनाया गया है। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए अस्पताल प्रशासन कार्यरत हैं।

-डॉ. एके सिंह, चिकित्सा अधीक्षक बिलासपुर।

# छेड़छाड़ के आरोप में प्राचार्य पर केस दर्ज, छात्रों में आक्रोश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

जिले में स्थित हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज, बंदला एक गंभीर विवाद के केंद्र में आ गया है। कॉलेज के निदेशक एवं प्राचार्य हिमांशु मोगा के खिलाफ शुक्रवार को एक छात्रा ने छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में छात्रों और स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया है। पुलिस ने प्राचार्य को नोटिस जारी किया है।

डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने जानकारी दी कि आरोपी प्राचार्य को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया है, लेकिन जांच पूरी होने तक उन्हें पुलिस का पूरा सहयोग करना अनिवार्य किया गया है। पुलिस ने पीड़िता, प्राचार्य तथा पीड़िता की दो सहेलियों के बयान भी दर्ज किए हैं। पंचायत प्रधान सतीश ठाकुर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि आरोपी प्राचार्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए। डीएसपी मदन धीमान ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 150 छात्राओं को अशोभनीय मैसेज भेजने का आरोप

**हिमाचल** प्रदेश के बंदला स्थित हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक एवं प्राचार्य हिमांशु मोगा पर लगे छेड़छाड़ के आरोपों ने एक बार फिर शिक्षा जगत को शर्मसार कर दिया है। शुक्रवार को एक छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने प्राचार्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पीड़िता की दो सहेलियों ने प्राचार्य के खिलाफ चौंकाने वाले खुलासे किए हैं, जिससे कॉलेज और समाज में भारी आक्रोश फैल गया है। डीएसपी मदन धीमान ने बताया कि आरोपी को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे जांच के दौरान हर स्तर पर सहयोग करें। पीड़िता, आरोपी प्राचार्य और दो अन्य छात्राओं के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। अब पीड़िता की दो सहेलियों ने मीडिया और पुलिस के समक्ष गंभीर आरोप लगाए हैं। प्राचार्य हिमांशु मोगा केवल एक छात्रा को नहीं, बल्कि दर्जनों लड़कियों को अनुचित मैसेज भेजते थे। उन्होंने करीब 150 छात्राओं को ऐसे मैसेज भेजे हैं, जिसमें उन्हें अच्छे अंक दिलाने का लालच देकर अपने केबिन में बुलाया जाता था।

# सूर्यांश और प्रियांशी ने परीक्षा में लहराया परचम



**अनंत ज्ञान, दधौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल के दो होनहार छात्रों-सूर्यांश गर्ग (कक्षा 6) और प्रियांशी गर्ग (कक्षा 9) ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र, विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है। सूर्यांश ने 300 में से 274 अंक, जबकि प्रियांशी ने 400 में से 238 अंक प्राप्त किए हैं। यह सफलता उनके परिश्रम के साथ-साथ उनके परिवार विशेषकर माता प्रिंसी शर्मा, जो स्वयं इसी विद्यालय में जेबीटी अध्यापिका हैं, के मार्गदर्शन और प्रेरणा का भी परिणाम है। बच्चों के पिता आर्मी विभाग से सेवानिवृत्त होकर वर्तमान में बैंक में कार्यरत हैं, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुरेश ने बच्चों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।

# कबीर पंथी सुधार सभा बिलासपुर में मनाएगी प्रकटोत्सव

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं के अंबेडकर भवन में शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक जिला प्रधान एवं सेवानिवृत डीएसपी सीता राम कौंडल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पारित प्रस्तावों की जानकारी देते हुए महासचिव नंद लाल आचार्य ने बताया कि इस बार संत शिरोमणी सदगुरू कबीर दास जी का प्रकटोत्सव झंडूता के कुठेड़ा मलारी में आगामी 11 जून को कबीर पंथी सुधार सभा बिलासपुर के बैनर तले आयोजित किया जाएगा। मोर्चा द्वारा छेड़े गए सदस्यता अभियान 2025-26 को आगामी 30 जून तक पूरा करने का प्रस्ताव पारित किया गया, जिसके लिए इस अभियान के चेयरमैन तथा जिला कोषाध्यक्ष रूप सिंह से आग्रह किया गया कि वे खंड स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक रसीद बुकें वितरित करें। झंडूता खंड का चुनाव 7 जुलाई को अंबेडकर भवन झंडूता में होगा जबकि घुमारवी का चुनाव 14 जुलाई अंबेडकर भवन घुमारवीं में, खंड सदर-प्रथम का चुनाव 21 जुलाई को तथा खंड-द्वितीय का चुनाव 26 जुलाई संत शिरोमणी रविदास मंदिर बिलासपुर, खंड श्री नयना देवी जी का चुनाव 31 जुलाई को श्री नयना देवी जी में होगा।

# घुमारवीं में निकाली तिरंगा रैली



अनंत ज्ञान, घुमारवीं

भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुक्रवार को घुमारवीं शहर में भारतीय सेना की वीरता और ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता को सम्मानित करने के उद्देश्य से एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

यह आयोजन पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग की अध्यक्षता में हुआ, जबकि विशेष रूप से उपस्थित भाजपा विधायक राकेश जमवाल ने इसका नेतृत्व किया। तिरंगा यात्रा की शुरुआत घुमारवीं के शहीद पार्क से हुई, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, युवा वर्ग और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एकत्र हुए। इसके पश्चात यात्रा पूरे शहर में निकाली गई और घुमारवीं बाजार के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश देती रही। इस अवसर पर विधायक राकेश जमवाल ने कहा कि भारतीय सेना की वीरता और बलिदान को देश कभी नहीं भूल सकता।

ऑपरेशन सिंदूर जैसी ऐतिहासिक सफलताएं भारत की सुरक्षा और अखंडता के प्रति सेना की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे भी राष्ट्र निर्माण में सेना की तरह योगदान देने के लिए प्रेरित हों। पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि यह यात्रा केवल तिरंगे का मार्च नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा में लगे हर जवान को सम्मान देने का प्रतीक है।

तिरंगा यात्रा में स्थानीय नागरिकों की उत्साही भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि घुमारवीं की जनता देश की सेना के प्रति गहरी श्रद्धा और सम्मान रखती है।

**सौगात** हर व्यक्ति तक पहुंच रही सरकार की योजनाएं : धर्माणी

# 'कल्याण भवन' का धर्माणी ने किया लोकार्पण

नीरज शर्मा, अनंत ज्ञान



कल्याण भवन का लोकार्पण करते हुए राजेश धर्माणी व साथ हैं अन्य।

**घुमारवीं।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अंतर्गत एक करोड़ 66 लाख रुपए की लागत से निर्मित कल्याण भवन का तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने विधिवत रूप से लोकार्पण किया। यह भवन अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सक्षम (दिव्यांगजन) वर्ग के कल्याण एवं सशक्तिकरण की योजनाओं के कुशल संचालन के लिए तैयार किया गया है।

मंत्री धर्माणी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ना है, और यह भवन उसी दिशा में एक सशक्त कदम है। इस भवन में दिव्यांगजन एवं वृद्धजन के लिए सुगम कार्यालय सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं ताकि वे विभागीय योजनाओं का लाभ बिना किसी कठिनाई के प्राप्त कर सकें। उन्होंने जानकारी दी कि अनुसूचित जाति विकास योजना के तहत जिला स्तर पर तेजी से कार्य किए जा रहे हैं तथा प्रदेश सरकार द्वारा अब तक 8.5 लाख से अधिक पात्र व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि इस भवन की आधारशिला भी उन्होंने स्वयं 25 सितम्बर, 2017 को रखी थी, और आज उसका लोकार्पण कर उन्हें आत्मिक संतोष हो रहा है। भवन में कुल सात प्रमुख कक्ष निर्मित किए गए हैं, जिनमें कार्यालय कक्ष, अभिलेख कक्ष, सम्मेलन कक्ष, प्रतीक्षा कक्ष, अतिथि कक्ष शामिल हैं। इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों के लिए अनुकूल प्रवेश द्वार तथा पार्किंग सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है।

घुमारवीं तहसील में विभाग की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अब तक कुल 17,999 लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया जा चुका है। इनमें से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत अब तक 31 करोड़ 25 लाख 49 हजार 250 रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है। वहीं स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के अंतर्गत 80 लाभार्थियों को एक करोड़ 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

# मिनर्वा का परीक्षा परिणाम रहा बेहतर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित संसोधित जमा दो के परीक्षा परिणाम में मिनर्वा स्कूल घुमारवीं के नतीजे बेहतर रहे। परीक्षा परिणाम में स्कूल के 16 छात्रों का स्कोर 95 प्रतिशत से ऊपर रहा, जबकि 94 छात्रों ने 90 व 247 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। स्कूल की छात्रा प्रांजल राणा ने बोर्ड की टॉप टेन सूची में स्थान हासिल किया है।

उन्होंने बताया कि प्रांजल राणा ने 500 में से 492 अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान व बोर्ड टॉप टेन सूची में स्थान प्राप्त किया है। शानवी, स्नेहा देवी ने 500 में से 484 अंक प्राप्त कर स्कूल में दूसरा स्थान हासिल किया है। जबकि प्रज्ञा सिंह 483 अंक प्राप्त कर तीसरा, जान्या ने 500 में से 481 अंक प्राप्त कर चौथा, वहीं शगुन कुमारी, आयुष, मानशी, आरव ठाकुर ने 480 अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही अन्य बच्चों ने भी पोजिशन हासिल की। प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने कहा कि परीक्षा का परिणाम बेहतर रहा है।

# कोटधार क्षेत्र में सड़क नेटवर्क हो रहा मजबूत : जीतराम



**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि पिछड़ा कहे जाने वाले कोटधार क्षेत्र को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना उनकी प्राथमिकता रही है। इसके मद्देनजर इस क्षेत्र में सड़कों का नेटवर्क मजबूत करने के साथ ही कई पुलों का निर्माण भी किया जा रहा है। गोबिंद सागर पर निर्मित बागछाल पुल इसका एक उदाहरण है। इसी कड़ी में भड़ोलीकलां पंचायत के तहत चील मोड़ से बागड़ू तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। विधायक प्राथमिकता में नाबार्ड के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि से बनने वाली इस सड़क का काम जल्द शुरू किया जाएगा। इस पर 4.41 करोड़ खर्च होंगे। कोटधार क्षेत्र को पिछड़ापन के दंश से निजात दिलाने में यह सड़क भी अहम भूमिका निभाएगी। शुक्रवार को भड़ोलीकलां पंचायत के भड़ोलियां खुर्द बूथ के तहत बागड़ू गांव में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे जीतराम कटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं गतिशील नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में चहुंमुखी विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में झंडूता व शाहतलाई भाजपा मंडल अध्यक्ष रसम सिंह चंदेल व रामप्रकाश शर्मा समेत लगभग 150 ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# पुलिस ने 10 ग्राम चिट्टा किया बरामद

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला में पुलिस द्वारा 10 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार थाना झंडूता पुलिस द्वारा कीरतपु-नेरचौक फोरलेन पर गश्त के दौरान एक कार नंबर एचपी58-2310 आई में 2 युवक सवार थे। तलाशी के दौरान पुलिस ने कार से यह चिट्टा बरामद किया। आरोपियों की पहचान 27 वर्षीय नरेंद्र कुमार निवासी सरकी धार तहसील बल्ह तथा दूसरे की पहचान 26 वर्षीय मुकेश निवासी गांव डोह तहसील बल्ह जिला मंडी के रूप में हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### 300 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 28 को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार कार्यालय बालू, चंबा द्वारा बेरोजगार युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर प्रस्तुत किया जा रहा है। देश की प्रतिष्ठित निजी कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड, स्वराज डिवीजन, चरण-IV, एसएएस नगर, मोहाली (पंजाब) में 300 अलग-अलग सीटों पर सीधी भर्ती के लिए कैंपस नवीनीकरण का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष केंपस साक्षात्कार का आयोजन 28 मई को मॉडल करियर सेंटर, जिला रोजगार कार्यालय, चंबा में सुबह 10 बजे किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी समय पर पहुंचकर इस मौके का लाभ उठा सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी, चंबा ने जिले के सभी इच्छुक और योग्य युवाओं से इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

### रुटीन टीकाकरण का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सिविल अस्पताल रत्ती में खंड चिकित्सा अधिकारी रत्ती डॉ. पीयूष वैद्या की अध्यक्षता में खंड के चिकित्सा अधिकारियों, स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को रुटीन टीकाकरण का एक दिन का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण डॉ. अमित ठाकुर, डॉ. अंजली, नवनीत गुलेरिया बीपीएम ने दी। इस प्रशिक्षण में अधिकारियों व कर्मचारियों को गर्भवती महिलाओं व बच्चों को टीकाकरण में नई गाइडलाइंस आई है, उसके बारे में विस्तारपूर्वक बताया और इस प्रशिक्षण में रुटीन इम्यूनाइजेशन में किस तरह से हेड काउंट सर्वे करना है। टीकाकरण कैंप से पहले आशा कार्यकर्ता द्वारा टीकाकरण कैंप में आने वाले लाभार्थियों की ड्यू लिस्ट बनाई जानी चाहिए, मैक्रोप्लान कैसे बनानी है और एईएफआई किट तथा यू विन के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया।

### आज होगी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** श्री रामकृष्ण आश्रम परिसर स्थित श्री अन्नपूर्णा मंदिर में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का तृतीय दिवस शुक्रवार को श्रद्धा व भक्ति भाव से संपन्न हुआ। यह आयोजन साकेतवासी परम पूज्य श्रीश्री 108 गोविंद दास श्रीवैष्णव महाराज की अष्टम पुण्यतिथि के पावन उपलक्ष्य में किया जा रहा है। वृंदावन धाम से पधारे सुप्रसिद्ध भागवताचार्य आचार्य सुशील शुक्ला ने भावपूर्ण शैली में सुतीक्ष्ण उपाख्यान, ध्रुव चरित्र, भरत के आदर्श जीवन व भरत प्रह्लाद की प्रेरणादायी कथा का वाचन व व्याख्यान किया। पूरे वातावरण में मधुर भजनों और संतवाणी की दिव्य गूंज गूंजती रही। चतुर्थ दिवस की कथा में भगवान श्रीकृष्ण के पावन जन्म की लीला का विस्तार से वर्णन किया जाएगा।

### रोहड़ू व छौहरा भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** भारतीय जनता पार्टी मंडल रोहड़ू व छौहारा ने शुक्रवार को रोहड़ू बाजार में भारतीय सैनिकों की वीरता पर तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जमकर देशभक्ति के नारे भी लगाए। इस अवसर पर सांसद सुरेश कश्यप, भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन, चौपाल के विधायक बलवीर वर्मा, जिलाध्यक्ष अरूण फाल्टा, भाजपा नेत्री शशिबाला भी मौजूद रही। तिरंगा यात्रा का आयोजन आपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नए बस अड्डे से लेकर पूरे रोहड़ू बाजार में तिरंगा यात्रा निकाली। कार्यकर्ताओं द्वारा हाथों में तिरंगे लेकर पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

### विधायक ने होनहार छात्रों को किया पुरस्कृत

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** उपमंडल रोहड़ू में प्रशासन द्वारा शुक्रवार को प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं की मेरिट सूची में शामिल मेधावियों के लिए उम्मीदों की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक मोहन लाल ब्राक्टा बतौर मुख्य मौजूद रहे। विधायक ने होनहार छात्रों को पुरस्कृत किया। प्रशासन द्वारा छात्रों के साथ-साथ उनके अभिभावकों व स्कूल के प्रधानाचार्यों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम रोहड़ू धर्मेश रमोत्रा द्वारा की गई। उपमंडल रोहड़ू के सभी छात्रों को प्रेरित करने व होनहार छात्रों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की विशेषता यह रही कि प्रशासन द्वारा छात्रों के साथ-साथ उनके अभिभावकों व स्कूलों के प्रधानाचार्यों को भी पुरा मान सम्मान दिया गया। सबसे पहले जमा दो कक्षा की परीक्षा में प्रदेश में छठे स्थान पर रही दिशिका मेहता को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर एसडीएवी पब्लिक स्कूल रोहड़ू के प्रधानाचार्य जितेंद्र भारद्वाज, ग्लोरी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य विनय जिंटा, एसवीएम वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल समोली के प्रधानाचार्य मुकेश शर्मा, एक्सीलैंस राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल रोहड़ू के प्रधानाचार्य उत्तम चंद, पीएमश्री स्कूल छात्र रोहड़ू के प्रधानाचार्य अजीत वर्मा, धमवाड़ी स्कूल के प्रधानाचार्य वीरबल कल्याण को भी सम्मानित किया गया।

# देशभक्ति के रंगों में रंगी चंबा की धरती

## डलहौजी के विधायक डीएस ठाकुर के नेतृत्व में निकाली तिरंगा यात्रा

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** भारतीय सेना के अद्भुत साहस और ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता को नमन करते हुए चंबा की धरती आज देशभक्ति के रंगों में रंगी नजर आई। डलहौजी के विधायक डीएस ठाकुर के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा।

विधायक डीएस ठाकुर ने अनंत ज्ञान के जिला प्रमुख राहुल सहगल से बातचीत में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य ताकत का ज्वलंत प्रतीक है। भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ठिकानों पर 24 सर्जिकल स्ट्राइक कीं। भारतीय वायुसेना ने चीन निर्मित पाकिस्तानी एयर डिफेंस सिस्टम को बायपास व जाम कर मात्र 23 मिनट में मिशन को अंजाम दिया। दुश्मन संभल भी नहीं पाया और विध्वंस पूरा हो गया। 5 टारगेट पीओके में और 4 पाकिस्तान में थे। सब के सब सटीक निशाने पर! हमारी सेना ने 25 मिनट के भीतर आतंक के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर यह साबित कर दिया कि भारत अब सिर्फ सहता नहीं, करारा जवाब देना भी जानता है। हमें अपनी सेना पर गर्व है।

इस यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ शहर के विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और युवा संगठनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इस विजयगाथा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया।

भाजपा जिला चंबा की ओर से शिशु गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी ने कहा कि मैं समस्त वीर जवानों को सलाम करता हूं व उन सभी जिलावासियों का आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने इस तिरंगा यात्रा को एक जनआंदोलन का रूप दिया।

### अब बर्दाश्त नहीं होगा आतंकवाद: डीएस ठाकुर



**डीएस** ठाकुर ने कहा कि अगर पाकिस्तान ने फिर से हिमाकत की, तो भारत और भी जोरदार तरीके से जवाब देगा। आतंकवाद अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारा संकल्प अडिग है, देश की सुरक्षा सर्वोच्च है। भारतीय सेना हमारे राष्ट्र की शान है। आज का युवा जाग चुका है, और वो हर मोर्चे पर देश के साथ खड़ा है। तिरंगे की शान, सैनिकों का सम्मान, चंबा की जनता ने दिखा दिया कि देशभक्ति सिर्फ भावना नहीं, संकल्प है।

### कहा- 23 मिनट में मिशन को दिया अंजाम

## खनन रक्षकों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षण 27 मई को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा में खनन रक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ ली है। उद्योग विभाग के भूवैज्ञानिक विंग में प्रस्तावित नियुक्तियों के लिए शारीरिक मानक एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण आगामी 27 मई को प्रातः 9 बजे आयोजित किया जाएगा। यह परीक्षा पुलिस ग्राउंड बारगा, जिला चंबा में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी चंबा की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा आयोजित की जाएगी। खनन अधिकारी चंबा ने बताया कि सभी उम्मीदवारों को कार्यक्रम स्थल पर कम से कम 30 मिनट पहले उपस्थित होना अनिवार्य होगा। देर से आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा के लिए सभी प्रतिभागियों को उचित खेल या शारीरिक पोशाक पहनकर आना होगा। यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह परीक्षण अनिवार्य है, और इसमें अनुपस्थित रहने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

# भरमौर के उलांसा में ओलावृष्टि से सेब की फसल पूरी तरह से तबाह

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान



**भरमौर।** भरमौर के उलांसा में पिछले दिनों हुई भारी ओलावृष्टि के चलते सेब की फसल पूरी तरह से तबाह हो गई है। सेब की फसल तबाह होने के चलते यहां के बागवान काफी परेशान है। भारी ओलावृष्टि के चलते यहां पर अधिकतर किसानों के बगीचे में सेब गिरकर बगीचों में पड़े हैं।

गौरतलब है जनजातीय क्षेत्र उलांसा को भरमौर विधानसभा बेल्ट में सेब के लिए जाना जाता है। लेकिन पिछले दिनों हुई भारी ओलावृष्टि ने यहां पर बागवानों की मेहनत पर पानी पूरी तरह फेर दिया है। यहां के किसानों का कहना है कि इस वर्ष सेब की अच्छी फसल होने की उम्मीद थी। यहां से हर वर्ष टनों के हिसाब से सेब हिमाचल व दूसरे बाजारों में पहुंचता था। सब की अच्छी फसल निकलने पर इस बार किसान व बागवान खासे खुश दिख रहे थे। लेकिन भारी ओलावृष्टि के चलते यहां पर एक बार फिर से बागवानों को निराशा हाथ लगी है। यहां के बागवानों ने सरकार से उन्हें उचित मुआवजा देने की गुहार भी लगाई है। जानकारी के मुताबिक इस वर्ष भी जनजातीय क्षेत्र भरमौर में उम्मीद के मुताबिक सेब की फसल तैयार नहीं हुई है। प्राकृतिक प्रकोप के चलते एक बार फिर किसानों को इसका नुकसान हुआ है।

# सिहुंता पुलिस ने पठानकोट से दबोचा चिट्टा सप्लायर



बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान

**सिहुंता।** हिमाचल में नशे के खिलाफ छेड़ी गई मुहिम को सिहुंता पुलिस ने एक और बड़ी सफलता के साथ मजबूत किया है। पुलिस थाना सिहुंता की टीम ने नशे के गढ़ पठानकोट से चिट्टा (हेरोइन) के मुख्य सप्लायर दीपक कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

यह गिरफ्तारी पुलिस द्वारा लगातार की जा रही गहन पूछताछ, तकनीकी निगरानी और पुख्ता सूचनाओं के आधार पर की गई। बता दें कि 21 मई को पुलिस थाना सिहुंता में मामला दर्ज किया गया था, जिसमें आरोपी राहुल महाजन निवासी सिहुंता को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान राहुल ने खुलासा किया कि उसने यह चिट्टा पंजाब के पठानकोट निवासी दीपक कुमार से खरीदा था। दीपक कुमार पठानकोट के नेहरू नगर (हाउस नंबर 171, वार्ड नं. 26) का निवासी है, लंबे समय से नशे का काला कारोबार चला रहा था और हिमाचल में चिट्टा सप्लाई करता था। इस जानकारी के आधार पर पुलिस थाना सिहुंता की टीम ने शुक्रवार को पठानकोट पहुंचकर दीपक कुमार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ धारा 29 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तारी के तुरंत बाद आरोपी को डल्हौजी स्थित माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट (जेएमएफसी) के समक्ष पेश किया जा रहा है, जहां से आगे की कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला 27 जुलाई से

## विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में हुई मेले से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की।

इस बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ने मिंजर मेले को चंबा की गौरवशाली संस्कृति, लोक परंपराओं और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह मेला न केवल चंबा की पहचान है, बल्कि यह प्राचीन विरासत और सामूहिक एकता का जीवंत उदाहरण भी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला आयोजन के दौरान हर व्यवस्था को निर्दोषिता सुनियोजित और त्रुटिरहित बनाया जाए ताकि आगंतुकों को एक अविस्मरणीय अनुभव मिले।

बैठक में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2025 परंपरानुसार श्रावण मास के दूसरे रविवार यानी 27 जुलाई से शुरू होकर 3 अगस्त तक चलेगा। चंबा के ऐतिहासिक चौगान मैदान नंबर 1 में यह मेला अपने पूरे पारंपरिक वैभव और आधुनिक व्यवस्थाओं के साथ सजेगा। इस बार मेला स्थल पर 8 सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित होंगी, जिनमें एक रात्रि 12 बजे तक चलेगी, जबकि शेष कार्यक्रम रात्रि 10 बजे तक समाप्त कर दिए जाएंगे। आमंत्रण कार्ड की डिजाइनिंग इस बार पद्मश्री विजेता श्री विजय शर्मा करेंगे।

बैठक में वीआईपी मूवमेंट, यातायात व पार्किंग प्रबंधन, पेयजल व विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सेवाओं, स्वच्छता, चौगान के रखरखाव, खेलकूद प्रतियोगिताएं, थीम निर्धारण तथा स्मारिका निर्माण सहित सभी पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। सभी विभागाध्यक्षों को मेला अवधि में आवश्यक संसाधनों व वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### सभी विभागों को व्यवस्थाओं पर ध्यान रखने के दिए निर्देश



### उपायुक्त ने विस अध्यक्ष का जताया आभार

**बैठक** के समापन पर उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने विधानसभा अध्यक्ष का बैठक में पधारने के लिए धन्यवाद किया और उन्हें जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन, विभागीय अधिकारियों और जन सहयोग से मिंजर मेला-2025 को उत्कृष्ट व यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

### उपसमितियों के सुझावों का स्वागत

**मेला** आयोजन समिति की विभिन्न उपसमितियों के संयोजकों व सदस्यों ने बैठक में कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए, जिन पर विधानसभा अध्यक्ष ने गंभीरता से विचार कर उन्हें मेला आयोजन में सम्मिलित करने का आश्वासन दिया।

### ये रहे उपस्थित

**बैठक** में विधायक नीरज नैयर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा, एसडीएम प्रियांशु खाती सहित लोक निर्माण, जल शक्ति, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, उद्यान, भाषा और अन्य विभागों के अधिकारी तथा मेला आयोजन समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# देवताओं की शोभायात्रा के साथ बालीचौकी मेले का आगाज

नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान



**बालीचौकी।** महादेव चुंजवाला और महर्षि मार्कण्डेय की भव्य शोभायात्रा के साथ शुक्रवार को 5 दिनों तक चलने वाले जिला स्तरीय बालीचौकी मेले का शुभारम्भ हुआ। इस दौरान जब मेला मैदान मे दोनों देवताओं का आगमन हुआ तो स्थानीय प्रशासन और मेला कमेटी के सदस्यों ने दोनों देव रथों की परंपरागत तरीके से पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर मेला मैदान में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। दोनों देव रथों को शारश गांव से वाद्य यंत्रों के साथ मेला स्थल पर पहुंचाया गया। इस अवसर पर लगभग एक किलोमीटर तक भव्य शोभायात्रा का भी आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में देऊलूओ ने भाग लिया और अपने परम्परागत नृत्य का भी प्रदर्शन किया। मेला स्थल पर मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं स्थानीय पंचायत के प्रधान दिले राम ठाकुर ने दोनों देवताओं को भेंट चढ़ाई। इस दौरान देव कारदारों एवं अन्य देव प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया।

स्थानीय प्रशासन की ओर से तहसीलदार निधि सकलानी ने दोनों देवताओं की अगवानी की ओर शोभायात्रा में भाग लिया। इसके अलावा विकास खंड अधिकारी बालीचौकी बवनेश चड्ढा, नायब तहसीलदार सुरेश कुमार, प्रधानाचार्य युद्धवीर सिंह ठाकुर, पंचायत सदस्य संजीव शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष यशवंत शर्मा और उपप्रधान प्रदीप शर्मा, बबलू भी उपस्थित रहे। शनिवार को प्रदेश निजी शिक्षण संस्थान विनियामक आयोग के सदस्य विजयपाल सिंह मेले का आधिकारिक शुभारंभ करेंगे। मेले का समापन 27 को स्थानीय विधायक, नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर करेंगे। मेले में इस बार भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

### सूडोकु नवताल- 7439 (***** कठिनतम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7438 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## पात्र नागरिक निर्धारित फार्म पर प्रस्तुत कर सकता दावा: एडीएम

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर कुलबीर सिंह राणा की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में वन अधिकार अधिनियम, 2006 पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में पंचायत सचिव, पटवारी व सरकारी अधिकारियों सहित नागरिकों ने भाग लिया। एडीएम ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य वन अधिकार अधिनियम, 2006 के विषय में हितधारकों को जागरूक करना तथा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बेहतर समन्वय सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम वनवासी समुदायों को सशक्त बनाने और उन्हें वन भूमि एवं संसाधनों पर कानूनी अधिकार प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत वन भूमि पर कानूनी अधिकार प्राप्त करने के लिए पात्र नागरिक निर्धारित फार्म पर दावा प्रस्तुत कर सकता है। दावेदार भूमि पर 13 दिसंबर, 2005 को या इसके पूर्व लगातार खेती कर रहा हो, निवास कर रहा हो तो वह मालिकाना हक के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि अधिनियम हितधारकों को पारंपरिक रूप से संकलित की जाने वाली लघु वन उपज को एकत्र करने, उपयोग करने व विक्रय करने का अधिकार प्रदान करता है।

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

शनिवार, 24 मई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत बैशाख, **तिथि** द्वादशी (01:15): **नक्षत्र** रेवती (13:48), **पक्ष:** कृष्ण, **योग :** विषकुंभ (09:48), अभीजित (11:54-12:42)। **राहुकाल** (08:52-10:35)।

### विशेष दिन

24 मई 2025: मधुसूदन द्वादशी आज।
24 मई 2025: शनि प्रदोष व्रत आज।

**मेष:** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**वृष:** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**मिथुन:** पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क:** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में लाभ मिलेगा।

**सिंह:** संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा।

**कन्या:** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**तुला:** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**वृश्चिक:** परिवार में मांगलिक कार्यो का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं।

**धनु:** घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। व्यापारिक संबंधों में योग हैं।

**मकर:** भावुकतावश निर्णय न लें। मन में चंचलता बढ़ेगी। कर्ज देने से बचें। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

**कुंभ:** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी।

**मीन:** आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं।


## अनंत Classifieds

### नाम परिवर्तन

**मैं सरूपा रानी**, पत्नी श्री सेवा सिंह वार्ड नं. 1, वीपीओ सिहुंड तह. नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश, 176056 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम स्वरूप रानी (SWARUP RANI)से बदलकर सरूपा रानी ( SARUPA RANI) रख लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एंव नायब तहसीलदार उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर (हि.प्र.)।**

किसम मुकदमा नाम दरुस्ती
आगामी तारीख पेशी 09/06/2025
श्रीमति सावित्री देवी पुत्री श्री मोहन लाल वासी टीका डुगली उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर ......प्रार्थीगण
**बनाम** **आमजनता**
**नोटिस बनाम आमजनता**
उपरोक्त अनवान वाला में आपको लिखा श्रीमति सावित्री देवी पुत्री श्री मोहन लाल वासी टीका डुगली उप-तहसील लम्बलू, जिला हमीरपुर ने इस न्यायलय में प्रार्थना पत्र भूमि खाता न. 36 मिन खतोनी 36 मिन खसरा न. 799 तादादी 0-08 मरले में अपना नाम सुमित्रा देवी की बजाये सावित्री देवी सही नाम की दरूस्ती वारे दिया है।
अतः आम जनता को बजरिया मुश्त्री मुन्यादी/अखबार इस्तहार सूचित किया जाता है कि उक्त नाम दरूस्ती वारे कोई उजर/एतराज है तो वह असालतन/वकालतन दिनांक 09/06/2025 को प्रातः 10:00 बजे हाजिर न्यायलय आकर उजर कर सकता है अन्यथा एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
आज दिनांक 08/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एंव नायब तहसीलदार उप-तहसील लम्बलू, जिला हमीरपुर (हि. प्र.)।**

**व अदालत सहायक समाहर्ता एवं तहसीलदार तहसील सदर चम्बा जिला चम्बा हि.प्र.।**

मिसल नम्बर 7 तहसील/रीडर/2024
तारीख पेशी 20-6-2025
सुशील कुमार पुत्र श्रीमति प्रेमलता निवासी मुहल्ला/गाँव मुगला परगना पंजला तहसील व जिला चम्बा (हि.प्र.) ...प्रार्थी
**वनाम**
(1) सिखनु पुत्र प्रीतम निवासी गाँव/मुहल्ला फोल्गत प राजनगर तहसील व जिला चम्बा (हि.प्र.) (2) नरेण दास पुत्र प्रीतम निवासी गाँव/मुहल्ला फोल्गत परगना राजनगर तहसील व जिला चम्बा (हि.प्र.) (3) प्रकाश पुत्र प्रीतम निवासी गाँव/मुहल्ला फोल्गत परगना राजनगर तहसील व जिला चम्बा (हि.प्र.)। (4) मनोहर सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी गाँव/ मुहल्ला फोल्गत परगना राजनगर तहसील व जिला चम्बा (हि.प्र.)(5) दौलत राम पुत्र नंदू निवासी गाँव/मुहल्ला फोल्गत परगना राजनगर तहसील व जिला चम्बा (हि.प्र.)। ....प्रतिवादीगण
**अनुवान मुकद्दमा :-** दरखास्त तकसीम भूमि जेर धारा 123 हि. प्र. भू-राजस्व अधिनियम 1954 वावत खाता/खतौनी नम्बर 186/219 खसरा नम्बर 1059/6, 294, 312 किता 3 रक्वा तादादी 01-01-00 वीघा वाकया मुहाल राजपुरा परगना राजनगर तहसील सदर चम्बा जिला चम्बा (हि.प्र.)।
उपरोक्त अनुवान मुकद्दमा में आवेदक श्री सुशील कुमार पुत्र श्रीमति प्रेमलता निवासी मुहल्ला/गाँव मुगला परगना पंजला तहसील सदर चम्बा ने वाक्या मुहाल चम्बा राजपुरा के खाता खतौनी नम्बर 186/219 खसरा नम्बर 1059/6, 294, 312 किला 3 रक्वा तादादी 01-01-00 वीधा मुश्तरका भूमि की तकसीम वारा आवेदन किया है, जो की इस अदालत में विचाराधीन है। प्रतिवादीगण क्रम संख्या (5) दौलत राम पुत्र नंदू को इस न्यायालय के द्वारा वार-वार समन जारी करने उपरान्त भी नियमानुसार समन की तामील न हो रही है। अदालत को यकीन हो चुका है कि, उक्त प्रतिवादीगण को साधारण तरीके से समन की तामील होना संभव न है।
अतः प्रतिवादीगण क्रम संख्या (5) दौलत राम पुत्र नंदू को वजरिया ईश्तहार अखवारी आर्डर 5. रुल 20 जावता दीवानी सूचित किया जाता है कि, दरखास्त तकसीम में कोई उजर व एतराज हो तो यह असाललन या वकालतन अपनी आपति इस अदालत में दिनांक 20-6-2025 को सुबहः 10-00 बजे पेश कर सकता है। वसूरत गैर हाजरी हस्व जावता कार्यवाही अम्ल में लाई जायेगी । आज दिनांक 20-5-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायलय जारी हुये है।
**सहायक समाहर्ता प्रथम-श्रेणी सदर चंबा जिला चम्बा हि. प्र.।**

## कुल्लू फलोत्पादक एवं प्रदायक मण्डल

### आवश्यक सूचना

कुल्लू फलोत्पादक मण्डल का वार्षिक अधिवेशन इस वर्ष 25-05-2025 (रविवार) को **बागवान भवन माहिली** में होना निश्चित हुआ है।
इस वर्ष अधिवेशन में मण्डल की कार्यकारिणी समिति के चुनाव भी होने है। अतः कुल्लू फलोत्पादक मण्डल के क्षेत्राधिकार के सभी किसानों व बागवानों से विनम्र निवेदन है कि इस अधिवेशन में अवश्य भाग लें।

**प्रधान** — **कुल्लू फलोत्पादक मण्डल**
**महामंत्री** — **कुल्लू फलोत्पादक मण्डल**

## कार्यालय ग्राम पंचायत घाटू
### विकास खंड निरमंड, जिला कुल्लू (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत घाटू वितीय वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न प्रकार की सामग्री खरीद व ढूलान व अन्य कार्य हेतु निविदा (कुटेशन) आमंत्रित करती है **सामग्री /कार्य का विवरण निम्न प्रकार से है।** रेत, रोड़ी, पत्थर, ईंट, सरिया, चादर, एंगल, चैनल, पी. वी. सी., जी. आई., आर. सी. सी. व अन्य सभी प्रकार के पाईप व शीट, इंटर लॉक व सभी प्रकार की टाइलें, कोटा स्टोन, रंग, Water Filter/water Cooler सीमेंट ढुलान व अन्य सामग्री ढुलान, खच्चर द्वारा ढुलान, लकड़ी, खिड़की, दरवाजे सभी प्रकार की भवन निर्माण व अन्य निर्माण कार्य की सभी सामग्री तथा नागरिक सूचना बोर्ड निर्माण व लिखाई, दीवार लेखन, जे.सी.बी. कार्य इत्यादि सामग्री आपूर्ति के रेट स्थान / गाँव सड़क में घाटू, लांज, गाड बांदल सुनारा दपलाड के लिए प्रदर्शित करें। अतः इच्छुक व्यक्ति/वेंडर अपनी निविदा (कुटेशन) सील बन्द लिफाफे में दिनांक 07-06-2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत घाटू में 11:00 बजे पूर्वाहन तक जमा करवाएं। इसके बाद कोई निविदा (कुटेशन) नहीं ली जायेगी । निविदा/कोटेशन पंचायत कार्यालय घाटू में दिनांक 07-06-2025 को 12:00 बजे अपराहन पंचायत/समिति द्वारा खोली जायेगी। **शर्तें:-** (1) निविदाता के पास सामग्री का GST न0 का होना अनिवार्य है। (2) निविदा (कुटेशन) साफ़ व स्पष्ट शब्दों में होनी चाहिए। (3) निविदा दाता पंचायत का देनदार न हो। (4) जिस निविदादाता की निविदा/कोटेशन रेट सबसे कम हो वही मान्य होगा। (5) सामान दर व किसी विवाद हेतु ग्राम पंचायत को पूर्ण अधिकार रहेगा। (6) निविदा किसी भी समय बिना कारण के रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास होगा। (7) निविदा दाता को रेत रोड़ी, पत्थर की मूल्य राशी का भुगतान M-Form देने या रायल्टी जमा करने के बाद किया जायेगा। (8) अन्य शर्ते व अधिक जानकारी के लिए पंचायत कार्यालय में या मोबाइल न. 8580870454 सम्पर्क करें ।

**प्रधान /सचिव ग्राम पंचायत घाटू**
**विकास खण्ड निरमंड जिला कुल्लू (हि.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत दसेहड़ा
### विकास खंड बल्ह, जिला मंडी (हि.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है की ग्राम पंचायत दसेहड़ा द्वारा वितीय वर्ष 2025-26 के लिए मनरेगा ,15वां वितायोग ,वाटर सेड ,SBM व अन्य समस्त मदों के विकास कार्यो में प्रयोग होने वाली सामग्री के क्रय/सप्लाई हेतू इच्छुक फर्म/एजेंसी अपनी निविदाएं/कुटेशन निर्धारित दिनांक /समय /स्थान पर सील बंद लिफाफे में सम्बन्धित प्रधान ग्राम पंचायत /सचिव के पास पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित दिनांक/समय/के बाद व स्थान के अलावा कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी । सील बंद प्राप्त निविदाओं को पंचायत कार्यकारिणी /गठित कमेटी के समक्ष निर्धारित समय पर खोला जाएगा । **आवश्यक नियम व शर्तें:-** 1 .निविदा दाता के पास अपना पंजीकरण नम्बर निविदा पर भरना सुनिशिचित करे। इसके साथ R.C.NO.,GST,CST.NO. व बैंक खाता की छाया प्रति लगाना अति आवश्यक है । 2. साम्रगी दर क्यूविक.मी.के हिसाब से होनी चाहिए ,दर सभी प्रकार के टैक्स आदि सहित होनी चाहिए। 3.ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से ह्स्ताक्षरित M-FROM उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सम्बन्धी रॉयल्टी वर्तमान में मु0 ........./- रूपये प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जाएगी । (वर्तमान में M-FORM का उपलब्ध करवाना अनिवार्य है ) 4.सभी निविदाएं सील बन्द लिफाफे में देनी अनिवार्य होगी । अधूरी व खुली निविदाएं मान्य नहीं होगी। 5.GST/CST दरें निविदा प्रपत्र में भरी गई दरों में ही शामिल होगी । 6.पंचायत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार से सम्बन्धित सदस्यों की निविदाएं मान्य नहीं होगी । 7.सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 8.दर अंको व शब्दों दोनों में लिखी होनी चाहिए। 9.निर्माण सामग्री कार्य स्थल /सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी । 10. पारित निविदादाता को मु0-30000/-रूपये धरोहर /सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करने होगे । 11.ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्रधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी । 12.निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गई सामग्री की देय राशी का भुगतान नहीं किया जायेगा और न ही अग्रिम /सुरक्षित राशी वापिस होगी। 13.किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत /अस्वीकृत करने ,सशर्त निविदा ,समान दर रहने की स्थिति में ,एक या एक से अधिक निविदादताओं के लिए कार्य आदेश निगर्त करने ,सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत /विभाग के पास सुरक्षित रहेगा । 13.सामग्री लेने का अंतिम मूल्य /निर्णय विभाग की Justification व पारित निवितादाता के साथ Negotiation अनुसार/उपरान्त किया जायेगा । **समय सारिणी**:- पंचायत का नाम दसेहड़ा, कुटेशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि , 09 जून 2025,समय व स्थान 12 बजे तक ,पंचायत कार्यालय ,कुटेशन खोलने की तिथि ,समय व स्थान 09 जून 2025 ,1 बजे दोपहर ,पंचायत कार्यालय, धरोहर राशी जमा करने का समय 20 जून 2025 अंतिम ,नई दरों के लागू होने का समय व अवधि 01 जुलाई 2025 से 30 जून 2026 तक । **सामग्री विवरण:**-1.रेत(खड्ड /नदी)2.रेत (क्रशर)3.बजरी(20mm,40mm खड्ड /नदी ) 4.बजरी (20mm,40mm क्रशर )5.सोल्लिंग /बोल्डर पत्थर 6.पत्थर (Cut Stone)7.पक्की ईटे (2nd Class)8.मशीन द्वारा कटान (Cutting Through JCB)9.सामग्री ढुलान टैक्टर /जीप/अन्य वाहन 10.शटरिंग 11.टोर सरिया (ISI Marked) 12. दीवार लेखनी (Wall Writting)13.दरवाज़ा/खिड़की के पल्ले 2nd क्लास देवदार लकड़ी 35mm,40mm 14.दरवाज़ा/खडकी चौखट 2nd क्लास देवदार लकड़ी 15.सीमेंट ढुलाई HPSCSC डिपो से विकास कार्य स्थल तक 16.PVCपाईप100mm,150mm Dia.6kg/सकम.CM17.RCC/HumeNP2,150mm,200mm,300mm,3000mm,6000mm,750mm,900mmor 1200mm(रनिंग मीटर) 18.लोहे की ग्रिल व अन्य लोहे का सामान (प्रति किलो )19.पेंट सामग्री (सभी प्रकार की ) 20.साईन बोर्ड (3*2,4*5 ) with all Merarial (प्रति साईन बोर्ड ) 21. Steel TMT ISI Marka सभी साईज 22. पानी का टैंकर 23. पेवर ब्लाक /फ्लोर टाईल/वाल टाईल 40/60/80MM (ISI) Marka.

**प्रधान /सचिव ग्राम पंचायत दसेहड़ा**
**विकास खंड बल्ह जिला मण्डी (हि.प्र.)**

मनुष्य जितना ज्ञान में घुल गया हो, उतना ही वह कर्म के रंग में रंग जाता है।
-विनोबा भावे

## संपादकीय

# नैतिकता पर सवाल

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में स्थित हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज, बंदला में जो कुछ घटित हुआ वो वाकई बेहद शर्मनाक है। कॉलेज के छात्रों में काफी उबाल है। हो भी क्यों न, क्योंकि यह उनकी सुरक्षा और इज्जत से जुड़ा हुआ मामला है? दरअसल, कॉलेज के निदेशक एवं प्राचार्य हिमांशु मोगा पर छात्रा से छेड़छाड़ का आरोल लगा है। इसके संदर्भ में कॉलेज के विद्यार्थियों ने मामला दर्ज कराया, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में छात्रों और स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। शैक्षणिक संस्थानों में ऐसे कृत्य बेहद शर्मनाक हैं। इससे गुरु-शिष्य परंपरा जहां दागदार होती है, वहीं लोगों का शिक्षकों से विश्वास भी टूट जाता है। शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों को पढ़ाने के लिए भेजा जाता है, लेकिन वहां पर उनके साथ इस तरह की वारदात जब सामने आती है तो लोग अपने बच्चों खासकर लड़कियों को स्कूलों, कॉलेजों में पढ़ाने से कतराने लगते हैं, क्योंकि एक बार किसी लड़की के चरित्र पर कोई दाग लग जाए, तो उसे भविष्य में कई परेशानियों से गुजरना पड़ता है। यह गंभीर प्रश्न है कि शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ाई का माहौल कैसे बनाया जाए। बच्चों की सुरक्षा कैसे की जाए? ऐसी गंभीर घटनाएं शैक्षणिक संस्थानों की गरिमा और छात्राओं की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न उठाती हैं। शैक्षणिक संस्थान समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

यहां छात्रों को न केवल शिक्षा मिलती है, बल्कि उनके व्यक्तित्व का भी विकास होता है। ऐसे में यदि संस्थान में इस प्रकार की घटनाएं घटित होती हैं, तो यह न केवल संस्थान की प्रतिष्ठा को धूमिल करती हैं, बल्कि समाज में भी नकारात्मक संदेश जाता है। भारत में महिला सुरक्षा के लिए कई कानूनी प्रावधान हैं, जैसे कि भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (महिला से छेड़छाड़) और यौन उत्पीड़न से संबंधित अन्य धाराएं। इसके अलावा, शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग और अनुशासनहीनता से निपटने के लिए भी विशेष कानून और दिशा-निर्देश हैं। इस प्रकार की घटनाएं समाज में नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। अभिभावकों का अपनी बेटियों के प्रति चिंतित होना वाजिब है। बंदला में घटित यह घटना शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा और अनुशासन की आवश्यकता को उजागर करती है। ऐसी घटनाओं पर त्वरित और कठोर कार्रवाई से ही समाज में विश्वास बहाल किया जा सकता है और शैक्षणिक संस्थानों की गरिमा को बनाए रखा जा सकता है। शिक्षक समाज का वह स्तंभ होता है, जिस पर आने वाली पीढ़ी का निर्माण निर्भर करता है।

शिक्षक न केवल ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं, बल्कि छात्रों के चरित्र, सोच और भविष्य को भी आकार देते हैं, लेकिन जब वही शिक्षक यौन उत्पीड़न जैसे गंभीर मामलों में फंसते हैं, तो इससे न केवल शिक्षा व्यवस्था की नींव हिलती है, बल्कि गुरु-शिष्य परंपरा भी कलंकित होती है। हाल के वर्षों में न केवल हिमाचल, बल्कि देशभर से कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें शिक्षकों पर छात्राओं के यौन शोषण, छेड़छाड़ और मानसिक प्रताड़ना जैसे आरोप लगे हैं। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। एक ओर शिक्षक का दर्जा 'गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु' के रूप में दिया गया है, वहीं दूसरी ओर कुछ शिक्षकों के गलत आचरण ने पूरे समुदाय की छवि को धूमिल कर दिया है। जब कोई शिक्षक ऐसे कृत्य में संलिप्त पाया जाता है, तो इससे सबसे पहला आघात छात्रों और अभिभावकों के विश्वास पर होता है। अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल और कॉलेज इसलिए भेजते हैं कि वे वहां सुरक्षित माहौल में शिक्षा प्राप्त करें, लेकिन जब वही स्थान असुरक्षा का केंद्र बन जाए, तो अभिभावकों की चिंता स्वाभाविक है। यह भी देखा जाता है कि यौन उत्पीड़न के मामलों में कई बार पीड़िता आगे आकर शिकायत दर्ज नहीं कर पाती, क्योंकि समाज में बदनामी और भविष्य को लेकर डर बना रहता है।

यह डर कहीं न कहीं अपराधियों को बढ़ावा देता है। वहीं, ऐसे मामलों में जांच और न्याय प्रक्रिया में देरी से पीड़ित को मानसिक पीड़ा भी झेलनी पड़ती है। शिक्षकों को यह समझना होगा कि उनका आचरण केवल एक व्यक्ति के तौर पर नहीं, बल्कि एक संस्था के प्रतिनिधि के रूप में देखा जाता है। उनका हर कार्य, हर शब्द छात्रों पर प्रभाव डालता है। यदि वे अपनी मर्यादा नहीं रखते, तो यह पूरे शिक्षा जगत को शर्मसार करता है। इस स्थिति से निपटने के लिए शैक्षणिक संस्थानों में कठोर आचार संहिता लागू की जानी चाहिए। हर स्कूल-कॉलेज में यौन उत्पीड़न विरोधी समितियां सक्रिय रूप से कार्य करें, जहां छात्र-छात्राएं निडर होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकें। साथ ही, शिक्षकों के प्रशिक्षण में नैतिकता, संवेदनशीलता और अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाए। शिक्षक का कार्य केवल पाठ्यक्रम पढ़ाना नहीं, बल्कि जीवन के मूल्यों को सिखाना भी है। यदि वे स्वयं ही मूल्यों को त्याग देंगे, तो छात्रों को नैतिकता का पाठ कौन पढ़ाएगा? ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### थल सेना के जांबाज व 'अशोक चक्र' विजेता

मेजर सुधीर कुमार वालिया भारतीय थल सेना के जांबाजों में से एक थे। देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले मेजर सुधीर कुमार वालिया को मरणोपरांत 2000 में 'अशोक चक्र' से सम्मानित किया गया था। उन्होंने दा जाट रेजिमेंट में कमीशन किया था। उन्हें विशेष पाठ्यक्रम के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका भी भेजा गया, जहां वे प्रथम रहे। सन 1994 में उन्हें 'सेना पदक' से भी सम्मानित किया गया था। कारगिल युद्ध के बाद सेना को एक बड़ी जानकारी मिली थी कि कुपवाड़ा के अफरुदा के जंगलों में आतंकवादी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। लिहाजा, मेजर सुधीर कुमार वालिया ने आतंकवादियों का सफाया करने के लिए सेना की टुकड़ी का नेतृत्व अपने हाथों में लिया था, लेकिन आतंकवादियों से आमने-सामने हुई लड़ाई के बीच मेजर सुधीर वालिया शहीद हो गए। शहीद होने से पहले उन्होंने 20 में से 9 उग्रवादियों को मार गिराया था। इस बीच में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और गंभीर रूप से होने के बावजूद अपनी टुकड़ी को उग्रवादियों को मार गिराने का आदेश देते रहे। उग्रवादियों को मार गिराने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वे अस्पताल पहुंचने से पहले ही अपना बलिदान दे गए। ■



मेजर सुधीर कुमार वालिया
जन्म : 24 मई, 1969
शहादत : 29 अगस्त, 1999



गीत

### कुरुक्षेत्र फिर सजेगा

*शिव सान्याल मकड़ाहन, जवाली, कांगड़ा*

*सत्य, धर्म की रक्षा के लिए, कुरुक्षेत्र फिर सजेगा।*
*बुद्धि न्याय शील धैर्य का, इस युग में डंका बजेगा।*
*नहीं अवतारी कृष्ण होगा, नहीं अर्जुन सा पराक्रमी,*
*सत्य असत्य धर्म अधर्म का ध्वज चहुं ओर सजेगा।*
*सुर असुर की सेना दोनों अपनी मसाइल ले आएंगे,*
*ब्रह्मोस सत्य सुदर्शन है, असत्य गजनवी पे चलेगा।*
*आततायी जो देश होगें, उनका पलड़ा भारी होगा,*
*कम हों बेशक सत्य वाले भारत उन पे भारी पड़ेगा।*
*दुश्मन चक्रव्यूह रच करके निहत्थे अभिमन्यु मारेगा,*
*भारत का शौर्य इतना, फाइटर जेट तब मार करेगा।*
*पीओके कुरुक्षेत्र बनेगा, लाल धरती तब हो जाएगी,*
*खंड खंड तब पाक होगा, वहां केवल है धर्मी बचेगा।*
*उजड़ जाएंगे समर्थन वाले या फिर सब मिट जाएंगे,*
*भारत के तिरंगे के नीचे फिर से नया इतिहास रचेगा।*
*अमन चैन से जीना सीखो, मत सत्य को झुठलाओ,*
*आततायी ईश्वर को जानों कुरुक्षेत्र फिर नहीं सजेगा।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# बालाओं और महिलाओं पर हो रहे अत्याचार की खबरें चिंताजनक

हमारे देश भारत में मासूम बच्चों, बच्चियों और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ के मामलों में अचानक वृद्धि हमारे समाज की भयावह काली सच्चाई को उजागर कर रही है। बच्चियों और महिलाओं पर लगातार हो रहे अत्याचार की खबरें चिंताजनक हैं। ऐसे में यह कैसे कहा जा सकता है कि हमारा देश अब विकासशील देश से विकसित देश की ओर अग्रसर हो रहा है? ऐसी खौफनाक घटनाएं हमारे विकास पर प्रश्नचिन्ह ही लगा रही हैं।

ऐसा लगता है कि हमारी कानून-व्यवस्था ठप्प हो गई है, क्योंकि अपराधी हर जगह बेलगाम हो गए हैं। अपराधियों को कानून का कोई डर नहीं है। हालांकि, ऐसे कुकृत्यों के लिए मृत्युदंड का भी प्रावधान है। ऐसे अपराधों में शामिल किशोर अपराधियों को कड़ी सजा देने के लिए पॉस्को अधिनियम में भी संशोधन किया गया। दिल्ली में हुए निर्भया कांड के दौरान लोगों के मन में गुस्सा था। भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों इसके लिए सख्त कानून बनाए जाने के बावजूद ऐसी वीभत्स घटनाएं हमारे तथाकथित सभ्य समाज को हर दिन कलंकित कर रही हैं। यह हमारे समाज के पतन की पराकाष्ठा है।



लेखकः वीरेंद्र शर्मा
सेवानिवृत्त लेक्चरर ऊना( हि. प्र. )

यह समझ से परे है कि समाज में महिलाओं के प्रति इतना घृणित रवैया क्यों बढ़ रहा है। महिलाएं यौन हिंसा का शिकार बन रही हैं। इस कारण समूह संसार में यौन हिंसा के नजरिए से भारत देश को बेहद खतरनाक माना जाता है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार ऐसी जघन्य घटनाओं के आंकड़े दिल दहला देने वाले हैं। सख्त कानूनों के बावजूद पिछले दशक में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 87 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह हमारे तथाकथित सभ्य समाज पर एक धब्बा है। यह मानवता को शर्मसार करने वाला है। तनिक सोच कर देखिए, हमारा समाज किस ओर जा रहा है? कलियुग में परस्पर रिश्ते बिगड़ते जा रहे हैं। युवा लड़कियों और



बच्चों के साथ छेड़छाड़ आम बात है। कुछ वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश में उन्नाव बलात्कार कांड, जम्मू-कश्मीर में कठुआ कांड, हिमाचल प्रदेश में गुड़िया बलात्कार कांड तथा राजस्थान में हुई बलात्कार की घटना के दौरान मासूम बच्चियों के साथ हुए अत्याचारों को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। दिसंबर 2012 में निर्भया कांड ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। हालांकि इस घटना के आरोपियों को मार्च 2020 में फांसी की सजा दे दी गई, लेकिन सख्त कानून बनने के बावजूद बच्चियों से दुष्कर्म की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रहीं, बल्कि इनमें रोजाना बेतहाशा बढ़ोतरी हो रही हैं। हर दिन अखबारों में बलात्कार की भयावह घटनाओं को सुनकर दिल दहल जाता है।

लड़कियों का अकेले बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। यहां तो कोई भी सुरक्षित नहीं है। आखिरकार हमारे समाज को हो क्या गया है? हम सभी ऐसी घटिया घटनाओं से बेहद शर्मिंदा हैं। इन घटनाओं से संबंधित जनता और मीडिया के विरोध के कारण कानून में संशोधन तो किया गया। यह तो केवल समय ही बता सकता है। कितनी शर्म की बात है कि महज लालच के कारण बहुत से लोग आरोपियों के पक्ष में आगे आ जाते हैं। धिक्कार है ऐसे लोगों पर। हम किस प्रकार के समाज का निर्माण कर रहे हैं? आज जब किसी की बेटी, बहन और मां के साथ जो कुछ भी हुआ ठीक बिलकुल यही हमारे अपनों के साथ भी घटित हो सकती है। यह विचारणीय प्रश्न है। बेशक समय-समय पर इस विषय संबंधी कानूनों में संशोधन किए गए हैं पर अफसोस! समस्या जस की तस बनी हुई है। ऐसे अपराधों में बेतहाशा वृद्धि हमें हिलाकर रख देगी। यदि ऐसे जघन्य अपराधियों को खुले ही छोड़ दिया गया तो कल्पना कीजिए कि हमारे समाज की तस्वीर कैसी होगी? निस्संदेह यौन अपराधियों को उचित सजा देने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन तो किया गया है पर भविष्य में ऐसी घिनौनी घटनाओं को रोकने के लिए समाज और लोगों की भी तो सामूहिक जिम्मेदारी बनती है। युवाओं को नैतिक शिक्षा दी जानी चाहिए। केवल सामाजिक जागरूकता और शिक्षा के माध्यम से ही ऐसी खतरनाक प्रवृत्ति को रोका जा सकता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि यौन अपराधियों को मौत की सजा देने का कानून बनाया गया है, लेकिन इस बात पर भी विचार करना जरूरी है कि भविष्य में इस कानून का दुरुपयोग न हो भाव ऐसे कानून से किसी निर्दोष को अकारण सजा न मिले। लड़कियों से छेड़छाड़ व यौन हमले के दृष्टिगत ही लोग लड़कियों के जन्म को लेकर चिंतित रहते हैं। यह बहुत दुःखद और शर्मनाक बात है कि इस देश में लड़कियां, महिलाएं तो क्या छोटी-छोटी बच्चियों भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्हें जीने का भी अधिकार नहीं है। हर लड़की जो घर से निकलती है उसे समय पर घर लौटना होता है। थोड़ी सी देरी होने पर परिवार के सभी सदस्य तनावग्रस्त हो जाते हैं। समय बहुत खराब और नाजुक है। लड़कियों को अपनी सुरक्षा के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए।

आपको हर किसी पर अँख मूंदकर भरोसा नहीं करना चाहिए। अंत में यही कहा जा सकता है कि इस तरह के दुर्व्यवहारों पर कानून के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता से ही नियंत्रण किया जा सकता है। समय की मुख्य मांग यह है कि इस पर शीघ्र ही चर्चा हो। केवल सख्त कानून बनाने से कुछ हासिल नहीं होगा; कानूनों का क्रियान्वयन भी किया जाना चाहिए। जहां एक ओर समाज को सतर्क और जागरूक होना चाहिए, वहीं दूसरी ओर पुलिस की जिम्मेदारी निर्धारित करना भी बहुत जरूरी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# संशोधन से संवरते अंक, क्या भरोसा भी लौटेगा ?

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा जमा दो के अंग्रेजी विषय के परीक्षा परिणामों में हुई त्रुटि और उसके बाद की गई पुनः मूल्यांकन प्रक्रिया ने पूरे राज्य में शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता, ईमानदारी और उत्तरदायित्व पर गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। संशोधित परिणामों ने जहां कुछ छात्रों को राहत दी, वहीं बड़ी संख्या में विद्यार्थी और अभिभावक आज भी उस मानसिक उलझन और अविश्वास से नहीं उबर पाए हैं, जो एक अकादमिक गलती की कीमत पर उन्हें भुगतना पड़ा। परीक्षा, केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं होती।



लेखकः रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी देवी (हमीरपुर)

यह विद्यार्थियों की मेहनत, आशा और आत्मविश्वास की कसौटी होती है। उसमें हुई कोई भी त्रुटि सिर्फ नंबरों की भूल नहीं होती, बल्कि वह उनके मनोबल, मानसिक स्वास्थ्य और भविष्य की दिशा को गहराई से प्रभावित करती है। इस बार बोर्ड ने जो गलती की, वह किसी व्यक्तिगत लापरवाही का परिणाम नहीं थी; यह एक संस्थागत विफलता थी, जिसकी जिम्मेदारी भी सामूहिक और गंभीर होनी चाहिए। मूल घटनाक्रम यह था कि बोर्ड ने अंग्रेजी विषय की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पुराने उत्तर कुंजी के आधार पर कर दिया, जबकि प्रश्न पत्र में बदलाव किया गया था।

इस कारण, हजारों छात्र उन उत्तरों पर अंक नहीं प्राप्त कर पाए, जो उन्होंने नए प्रश्न पत्र के अनुसार सही लिखे थे। नतीजा यह हुआ कि सैकड़ों विद्यार्थी अनुचित रूप से फेल घोषित कर दिए गए और कई छात्र मेरिट से वंचित रह गए। यहां तक कि परिणाम आते ही कई होनहार विद्यार्थियों ने असफलता के डर और मानसिक दबाव में आत्महत्या कर ली। उनके परिवारों की दुनिया उजड़ गई, जिनकी पीड़ा और सवालों का कोई जवाब नहीं। अब जब पुनर्मूल्यांकन में कई छात्र उत्तीर्ण हो चुके हैं, तो यह सवाल उठता है—उन मासूम जिंदगियों की मौत का जिम्मेदार कौन? क्या परीक्षा प्रणाली, मूल्यांकन में त्रुटियां या



समाज का अंधा प्रतिस्पर्धात्मक रवैया? यह केवल आंकड़ों की गलती नहीं, बल्कि संवेदनहीन व्यवस्था की त्रासदी है, जिसे सुधारना अब हमारी नैतिक जिम्मेदारी बन चुकी है। यह चूक न केवल तकलीफदेह थी, बल्कि अकल्पनीय भी। जब विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा इस त्रुटि की ओर ध्यान दिलाया गया, तब जाकर बोर्ड ने इसे स्वीकारा और पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू की। संशोधित परिणाम जारी हुए, उत्तीर्ण प्रतिशत 83.16 से बढ़कर 88.64 हो गया और लगभग 4724 अतिरिक्त छात्र पास हो गए।

यह आंकड़े देखने में राहत भरे लग सकते हैं, लेकिन वे उस दर्द और असमंजस को नहीं दर्शाते, जो उन विद्यार्थियों ने उन दिनों में झेला जब वे असफलता के बोझ तले दबे हुए थे। समस्या केवल असफल घोषित हुए छात्रों तक सीमित नहीं थी।

अनेक ऐसे छात्र, जिनकी मेहनत और प्रतिभा उन्हें मेरिट सूची में स्थान दिला सकती थी, वे उस सूची से बाहर हो गए। बोर्ड की गलती ने उनके आत्मविश्वास पर ऐसा आघात किया, जिसकी भरपाई केवल बढ़े हुए अंक नहीं कर सकते। किसी छात्र को यदि टॉप 10 में होना चाहिए था और वह 20वें स्थान पर है, तो वह केवल एक 'संशोधन' नहीं, बल्कि एक सपने की मौत है। बोर्ड की यह नीति भी आलोचना के घेरे में रही कि पुनर्मूल्यांकन में केवल अंकों की बढ़ोतरी की जाएगी, कटौती नहीं। यह नीति अपने आप में प्रश्न खड़े करती है। यदि मूल्यांकन निष्पक्ष, पारदर्शी और वैज्ञानिक हो, तो उसमें अंक बढ़ भी सकते हैं और घट भी सकते हैं, लेकिन जब केवल वृद्धि की अनुमति दी जाती है, तो यह स्पष्ट संकेत है कि बोर्ड को खुद अपनी प्रक्रिया पर भरोसा नहीं रहा। यह आधा-अधूरा न्याय है, जो त्रुटि को ठीक करने का प्रयास करता है, परंतु उसकी जिम्मेदारी से पूरी तरह नहीं भागता।

अभिभावकों की प्रतिक्रियाएं भी विभाजित रहीं। कई अभिभावकों ने राहत महसूस की कि उनके बच्चे फेल की सूची से बाहर हो गए, लेकिन साथ ही यह कड़वा अनुभव उनके मन में बोर्ड और पूरी शिक्षा व्यवस्था के प्रति अविश्वास की एक दरार छोड़ गया। अब वक्त आ गया है कि हम सिर्फ अंकों की नहीं, उस पूरी शैक्षणिक व्यवस्था की मरम्मत करें, जिसने न जाने कितने मासूम सपनों को ठेस पहुंचाई है। यह आह्वान है एक ऐसी प्रणाली के निर्माण का, जहां मेहनत की कीमत हो, न्याय की गूंज हो और भरोसा फिर से जीवित हो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड का परीक्षा की भाषा अगर चोटिल हो, तो परिणामों से बच्चे आहत होंगे। शिक्षा बोर्ड की जमा दो परीक्षा अपने परिणामों के मकबरे पर आकर खत्म हो गई, नतीजा परिणाम पुनः घोषित हुआ। इस स्थिति को सहना न तो परीक्षार्थियों के लिए आसान है और न ही इससे गुजर कर शिक्षा की गुणवत्ता का मूल्यांकन विश्वसनीय होगा। जो भी हो, हिमाचल की जमा दो परीक्षा ने करियर और बच्चों महत्वाकांक्षा के बाजार को पूरी तरह खत्म कर दिया। पहले एक परीक्षा केंद्र में गलती से अंग्रेजी का प्रश्न पत्र खुलने से इसे आगे सरका दिया गया और अब पुरानी और नई आंसर की के द्वंद्व ने परीक्षा परिणाम को फंसा दिया। परीक्षा में शिक्षा बोर्ड की लापरवाही का जन्म होना पूरी व्यवस्था को असफल करार करता है। इस परीक्षा में स्कूल शिक्षा बोर्ड ही फेल हो गया और अब इसका हर्जाना पूरे छात्र समुदाय को भुगतना पड़ा। सरकार को इस मामले में सख्त कदम लेने होंगे।

**पंकज कुमार, मसरेहड़**

# भू-स्खलन रोकने के लिए ढूंढा प्राकृतिक समाधान

हिमाचल प्रदेश में पर्यटन अपने हिमालयी परिदृश्यों और हिल-स्टेशनों के लिए लोकप्रिय है। और यहां रॉक क्लाइंबिंग, माउंटेन बाइकिंग, पैराग्लाइडिंग, ट्रेकिंग और राफ्टिंग जैसी आउटडोर गतिविधियां लोकप्रिय आकर्षण हैं। राज्य संस्कृति और परंपराओं में भी समृद्ध है, जहां बाजारों में पश्मीना शॉल, हिमाचली टोपियां और अन्य स्थानीय उत्पाद भी मिलते हैं, लेकिन आए दिन या बरसात के मौसम में इस हिमालय क्षेत्र में बहुत ही अत्यधिक भू-स्खलन और मिट्टी के कटाव की घटनाएं सामने आती हैं।



लेखक : राजन कुमार शर्मा
ऊना, हिमाचल प्रदेश

यह घटनाएं चाहे प्राकृतिक हो या मानव निर्मित गतिविधियों के कारण उत्पन्न हो न केवल मनुष्य जाति की रोजमर्रा की जिंदगी परंतु प्रकृति को भी नुकसान पहुंचती है, परंतु अब हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा उचित कदम उठाते हुए इसमें अभूतपूर्व उन्नति वह उपलब्धि हासिल की है। अगर विशेष उदाहरण की बात करें तो हिमाचल प्रदेश के मंडी शहर में हाल ही में विश्वकर्मा चौक के साथ लगती पहाड़ी पर पिछले लंबे समय से जारी भू-स्खलन को रोकने में लोक निर्माण विभाग कामयाब हो गया है। इसके साथ ही इस तरह की तकनीक को सोलन से शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे भी देखा जा सकता है। इसमें एक तरह से रॉक बोल्टिंग तकनीक का इस्तेमाल करते हुए पहाड़ी को मजबूती दी जाती है और आप कह सकते हैं कि जन सुरक्षा के मध्य नजर लोक निर्माण विभाग ने शानदार काम किया है। हालांकि आने वाला मानसून इसकी परीक्षा रहेगा, परंतु पहाड़ी को मजबूती देने का काम पूरा कर लिया गया है, और इस तरह से यातायात को सुचारु रूप से संचालित किया जा सकता है।

मंडी जिला में विश्वकर्मा मंदिर के ऊपर वाली पहाड़ी पिछले दो-तीन सालों से काफी ज्यादा दर्क रही थी और भू-स्खलन होने के कारण यातायात को प्रभावित भी कर रही थी।



इसके ऊपर बने घरों के लिए एक बड़ा खतरा पैदा हो गया व इस भू-स्खलन को रोकने के लिए मंडी प्रशासन ने भूगर्भीय वैज्ञानिकों की भी सहायता ली थी। लोक निर्माण विभाग अब इस पहाड़ी को बांधने में कामयाब रहे हैं, यह काम इतना आसान नहीं था।

इसमें मिट्टी की जांच से लेकर गहराई में रॉक का पता लगाते हुए एक तरह से इसे लोहे से बांधा गया है। इसमें टर्फ टेनफोर्स मैट करने के साथ ही ड्रेनेज सिस्टम भी बनाया गया है साथ ही धरातल तल पर छोटे-छोटे मजबूत दीवारों का निर्माण किया गया है, जिससे कि इसे भविष्य में और अधिक मजबूती प्रदान की जा सके।

हिमाचल प्रदेश में वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 2592 किलोमीटर है-

1. पीडब्ल्यूडी = 1238 किलोमीटर
2. एनएचएआई = 785 किलोमीटर
3. बीआरओ = 569 किलोमीटर

हिमाचल प्रदेश में एनएच अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा क्रियान्वित की जा रही चार लेन की परियोजना-

1. परवाणू-सोलन-शिमला-ढली एनएच-22 (नया एनएच-05)-कार्य प्रगति पर है।
2. पिंजौर-बद्दी-नालागढ़ एनएच-21ए (नया एनएच-105)- डीपीआर तैयार हो रही है।
3. शिमला-मटौर एनएच-88 -डीपीआर तैयार हो रही है।
4. पठानकोट-चक्की-मंडी एनएच-20-डीपीआर तैयार हो रही है।
5. गरमौरा-सवारघाट-मंडी-मनाली एनएच-21- कार्य प्रगति पर है।

**प्रकृति आधारित समाधान का क्रियान्वयन:** हिमाचल प्रदेश में भू-स्खलन शमन और ढलान स्थिरीकरण के लिए प्राकृतिक-आधारित समाधान को पारंपरिक इंजीनियरिंग विधियों के लिए टिकाऊ, लागत प्रभावी और पारिस्थितिक रूप से ध्वनि विकल्प या पूरक के रूप में देखा जा रहा है। ढलान स्थिरीकरण के लिए देशी प्रजातियों की प्रभावशीलता पर अनुसंधान और निगरानी को बढ़ावा दें। दीर्घकालिक वित्तपोषण और रखरखाव योजनाएं सुनिश्चित करें। हस्तक्षेपों को प्राथमिकता देने के लिए भू-स्खलन जोखिम क्षेत्रीकरण मानचित्र विकसित करें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# ऐनहाइट फारेनहाइट न होते, तो पारा बुखार न बताता

डैनियल गेब्रियल फारेनहाइट को अक्सर 'थर्मामीटर का जनक' कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने 1714 में आधुनिक पारा थर्मामीटर का आविष्कार किया था, जो तापमान माप में एक महत्वपूर्ण प्रगति थी। उनके आविष्कार ने, फारेनहाइट तापमान पैमाने के साथ, तापमान को मापने का एक विश्वसनीय और सटीक तरीका प्रदान किया, जिससे वैज्ञानिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त हुआ। डैनियल गेब्रियल फारेनहाइट का जन्म 24 मई, 1686 को पोलैंड के गडांस्क में एक धनी व्यापारी परिवार में हुआ था।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

वह इस भाग्यशाली पृष्ठभूमि से आया था। 1701 में, त्रासदी तब हुई जब अनजाने में जहरीले मशरूम खाने के बाद एक अजीब और दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में उसने अपने माता-पिता दोनों को खो दिया। 15 साल की उम्र में अनाथ हो जाने के बाद, फारेनहाइट को अभिभावकों ने अपने पास रख लिया और एम्स्टर्डम में एक व्यापारी के लिए मुनीम के रूप में प्रशिक्षु बना दिया। अपनी बुद्धिमानी के बावजूद, उन्होंने लेखा-जोखा यह थर्मामीटर-एक ग्लास ट्यूब से बना है जिसमें एक बंद स्टेम से जुड़ा एक अल्कोहल से भरा बल्ब है-तरल के विस्तार के आधार पर तापमान मापने वाला पहला थर्मामीटर था।

फारेनहाइट एक पोलिश मूल के डच भौतिक विज्ञानी और उपकरण निर्माता थे, जो 1714 में पारा थर्मामीटर का आविष्कार करने और 1724 में फारेनहाइट तापमान पैमाने को विकसित करने के लिए प्रसिद्ध थे, जो आज भी संयुक्त राज्य अमेरिका में व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। उनके महत्वपूर्ण योगदान के कारण उन्हें अक्सर 'थर्मोमेट्री का जनक' माना जाता है। 1724 में पेश किया गया उनका पैमाना पानी के हिमांक को 32°F और क्वथनांक को 212°F पर सेट करता है, इन बिंदुओं के बीच 180 बराबर विभाजन होते हैं। उन्होंने पारा थर्मामीटर भी विकसित किया, जो पहले के अल्कोहल थर्मामीटर की तुलना में अधिक सटीक था।



जयंती विशेष

फारेनहाइट ने अपना अधिकांश जीवन नीदरलैंड में बिताया, जहां उन्होंने खुद को भौतिकी का अध्ययन करने और अल्कोहल थर्मामीटर (1709) जैसे सटीक मौसम संबंधी उपकरणों के निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने शुरू में एक समान बर्फ-नमक मिश्रण के तापमान के आधार पर अपने पैमाने का शून्य बिंदु निर्धारित किया और पानी के हिमांक बिंदु और सामान्य शरीर के तापमान को दर्शाने के लिए क्रमश : 30 और 90 डिग्री का चयन किया। बाद में इन मूल्यों को संशोधित कर 32 और 96 कर दिया गया, लेकिन अंतिम पैमाने को इस तरह से समायोजित किया गया कि सामान्य शरीर का तापमान 98.6 डिग्री हो गया। अपनी खोजों में, उन्होंने पाया कि पानी अपने हिमांक बिंदु से नीचे तरल रह सकता है और तरल पदार्थों का क्वथनांक वायुमंडलीय दबाव के साथ बदलता रहता है। अधिकांश आधुनिक थर्मामीटर सेल्सियस और फारेनहाइट तापमान पैमाने दोनों के साथ कैलिब्रेट किए जाते हैं। इस थर्मामीटर में, आंतरिक पैमाना डिग्री फारेनहाइट दिखाता है, जबकि बाहरी पैमाना डिग्री सेल्सियस दिखाता है।

फेरोमैग्नेटिज्म, एंटीफेरोमैग्नेटिज्म और पैरामैग्नेटिज्म की घटनाओं के साथ-साथ चुंबकीय गुणों पर तापमान के प्रभाव की जांच करें। थर्मामीटर अधिकांश आधुनिक थर्मामीटर सेल्सियस तापमान पैमाने और फारेनहाइट तापमान पैमाने दोनों के साथ स्नातक किए जाते हैं। फारेनहाइट तापमान पैमाने और पारा थर्मामीटर के आविष्कारक डैनियल गेब्रियल फारेनहाइट का निधन 16 सितंबर, 1736 को नीदरलैंड के हेग में हुआ था। उन्हें थर्मोमेट्री और बैरोमेट्री में उनके योगदान के लिए जाना जाता है, जिसका विज्ञान और रोजमर्रा की जिंदगी पर स्थायी प्रभाव पड़ा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# पिघलने लगी बर्फ, बढ़ने लगा जलस्तर

## पंडोह डैम प्रशासन सतर्क, ब्यास नदी से लोगों को दूर रहने की चेतावनी जारी

**बालक राम, अनंत ज्ञान**

**पंडोह।** बढ़ती गर्मी से पहाड़ों में बर्फ पिघलने लगा है। हर कहीं भारी वर्षा भी हो रही है। जिस कारण ब्यास नदी का जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। पंडोह डैम में भी जलस्तर सामान्य से कुछ ज्यादा बढ़ने लगा है।

डैम का खतरनाक जलस्तर लेवल 2941 फीट निर्धारित है, जबकि वर्तमान में झील का जलस्तर लेवल 2929 फीट रिकॉर्ड किया गया है। हालांकि स्थिति सामान्य है, मगर मौसम विभाग की दो दिनों की बरसात चेतावनी और पिघलते बर्फ को देखते हुए बीबीएमबी प्रशासन ने एहतियातन अलर्ट जारी किया कर दिया है। पंडोह डैम के वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता चंद्रमणि शर्मा ने बताया कि इस समय डैम के पीछे की ओर से लगभग 10,000 क्यूसेक पानी आ रहा है। इसमें से करीब 6500 क्यूसेक पानी बग्गी टनल की ओर भेजा जा रहा है, जबकि लगभग 3500 क्यूसेक पानी डैम से आगे की ओर छोड़ा जा रहा है। पंडोह डैम के कुल पांच फ्लडगेट्स में से केवल एक गेट आधा मीटर ही खोला गया है। इन्होंने बताया कि बग्गी टनल की क्षमता जहां 9000 क्यूसेक पानी की है, वहां फिलहाल लगभग 6500 क्यूसेक पानी प्रवाहित किया जा रहा है। अधिकारियों ने आगाह किया है कि बारिश या पहाड़ों में बर्फ के पिघलने से ब्यास नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि हो सकती है। ऐसे में लोगों से अपील की गई है कि वे नदी किनारे ना जाएं।

किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें। जिला प्रशासन व बीबीएमबी स्थिति पर नजरें जमाए हुए हैं और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से सक्षम है, तैयार है। इसलिए किसी को भी घबराने की नहीं अपितु सतर्क रहने की जरूरत है।



पंडोह डैम।

## मानसून से निपटने की तैयारियों को लेकर मंडी प्रशासन सक्रिय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मानसून के आगमन से पूर्व संभावित आपदाओं से निपटने के लिए मंडी उपमंडल प्रशासन ने तैयारियों को गति दी है। इस संबंध में एसडीएम मंडी रूपिन्द्र कौर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण वर्चुअल समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत बोर्ड, राजस्व विभाग, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान एसडीएम ने निर्देश दिए कि सभी विभाग मॉनसून के दौरान उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों से निपटने के लिए पूर्व से ही आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। एनएचएआई और लोक निर्माण विभाग को विशेष रूप से भूस्खलन संभावित क्षेत्रों की सूची तैयार करें।

# पहली बार मंडी आएंगे कुल्लू के ऋषि मार्कंडेय थरास

## महर्षि मार्कंडेय अपने भाई देवरथ थलौट के साथ 26 को आएंगे भीमाकाली मंदिर

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** कुल्लू घाटी के आराध्य देव ऋषि मार्कंडेय थरास पहली बार मंडी शहर में पधार रहे हैं। एक भक्त के बुलावे पर महर्षि मार्कंडेय थरास और महर्षि मार्कंडेय औट का ऐतिहासिक मंडी दौरा 26 मई से शुरू हो रहा है। महर्षि मार्कंडेय थरास अपने अनुज महर्षि मार्कंडेय औट नैना माता मंदिर खलियार में आएंगे। बता दें कि महर्षि मार्कंडेय थरास कुल्लू राजघराने के प्रमुख देवता हैं और कुल्लू, मंडी के 7 मार्कंडेय देवरथों में सबसे बड़े हैं। इनका मूल स्थान कुल्लू जिला में ब्यास नदी के किनारे मकराहड़ थरास नामक स्थान में है जोकि 7 मार्कंडेय की तपोस्थली है। कहते हैं कि यहीं से महर्षि मार्कंडेय ने अपनी आगामी जनकल्याण की यात्रा प्रारंभ की और जिस जिस स्थान में देवता ने तपस्या की वहां पर देवता प्रकट होते गये। महाऋषि मार्कंडेय थरास अपने 7 भाइयों मंडी जनपद में मार्कंडेय ऋषि औट, मार्कंडेय ऋषि सुनारा, महर्षि मार्कंडेय कदुरनी और कुल्लू जनपद के महर्षि मार्कंडेय मंगलौर, महर्षि मार्कंडेय बलागाड़ और महर्षि मार्कंडेय पेड़चा में सबसे बड़े हैं। महर्षि मार्कंडेय के रथ की शैली अन्य देवताओं से अलग है। इस रथ में आपको मार्कंडेय ऋषि और महादेव के त्रिनेत्रधारी छवि का संगम देखने को मिलता है। महर्षि देवरथ 26 मई को अपने भाई देवरथ थलौट के साथ 2 बजे दोपहर भीमाकाली मंदिर में आएंगे। जहां नगर निगम के मेयर वीरेंद्र भट्ट, नैना माता मंदिर के प्रधान धीरज टंडन और सुनार एसोसिएशन के प्रधान आशुतोष पाल चोपड़ा अन्य गणमान्यों के साथ देवता का स्वागत करेंगे। तत्पश्चात देवता का राजमाधव से दिव्य मिलन होगा। मार्कंडेय महादेव स्वयं के अवतार बाबा भूतनाथ से भी मिलन करेंगे। नैना माता मंदिर कमेटी के प्रेस सचिव आशीष टंडन ने कहा कि ऋषि मार्कंडेय के देवरथों का मंडी नगरवासी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। महामृत्युंजय मंत्र के रचियता ऋषि मार्कंडेय का जन्मदिन पूजा की में विशेष महत्व है।



## न्यूज़ ब्रीफ

### नशे की रोकथाम के लिए चलाया अभियान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लडभड़ोल में शुक्रवार को जिला पुलिस मंडी की ओर से नशे की रोकथाम को लेकर एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पेंटिंग, भाषण और कविता प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें लडभड़ोल खंड के 10 स्कूलों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस चौकी लडभड़ोल के प्रभारी रमेश कुमार ने की। उन्होंने छात्रों को नशे से दूर रहने और इसके खतरनाक प्रभावों को समझने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि युवा पीढ़ी को जागरूक करना बेहद जरूरी है।

### यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अतिरिक्त उपायुक्त मंडी रोहित राठौर ने बताया कि संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा का आयोजन 25 मई (रविवार) को जिला मुख्यालय मंडी में किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए तीन परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बॉयज) मंडी उपकेंद्र-001, वल्लभ कॉलेज मंडी उपकेंद्र-002 तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (गर्ल्स) मंडी उपकेंद्र-003 शामिल हैं। परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। प्रथम सत्र प्रातः 9:30 बजे से 11:30 बजे तक और द्वितीय सत्र दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक होगा। इस परीक्षा में कुल 576 परीक्षार्थी भाग लेंगे।

### 31 तक करें बिजली मीटर की ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल-एक, मंडी नरेश कुमार ठाकुर ने सूचित किया है कि राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड द्वारा बिजली मीटर की ई-केवाईसी करने की तिथि को 31 मई तक बढ़ा दी गयी है। उन्होंने विद्युत उपमंडल-एक मंडी के सभी घरेलू श्रेणी तथा होटलों के विद्युत उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि जिन्होंने अभी तक अपने बिजली मीटर की ई-केवाईसी नहीं करवाई है, वे यह कार्य 31 मई तक अवश्य करवा लें। ऐसे उपभोक्ता अपने समीप के बिजली कार्यालय में अपने बिजली बिल की कॉपी और आधार कार्ड ले जाकर ईकेवाईसी करवाना सुनिश्चित करें, तभी वह बिजली बिल में दी जाने वाली सब्सिडी के लिए पात्र होंगे।

### भाषण प्रतियोगिता में यामिनी ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंडी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 10 पाठशालाओं के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भाषण प्रतियोगिता, कविता पाठ, पेंटिंग कंपीटीशन का आयोजन किया गया। नशा मुक्ति अभियान के समन्व्यक पद्माक्षी शर्मा शर्मा ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर उपनिदेशक पुलिस विभाग हरिश्चंद्र व प्रधानाचार्य अनिल कटोच भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि नशा हमारे मन ,बुद्धि और शरीर का नाश करता है। कविता पाठ में तक्षशिला पाठशाला की रिद्धिमा प्रथम रही व कन्या पाठशाला मंडी की अनु व एंजेल दूसरे स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद पाठशाला की यामिनी प्रथम, कन्या पाठशाला मंडी की समानता दूसरे स्थान पर रही। चित्रकला में एसवीएम स्कूल के प्रांशुल प्रथम, कन्या विद्यालय की अनु द्वितीय स्थान पर रही।

### 3 जून तक करें एमबीए कार्यक्रम के लिए आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** छात्रों को एक डेटा-आधारित और एआई-सक्षम व्यावसायिक दुनिया में प्रबंधकीय और नेतृत्व भूमिकाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आईआईटी मंडी ने अपने 5 वर्षीय एकीकृत एमबीए कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस कार्यक्रम के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 3 जून कर दी गई है। यह अनूठा कार्यक्रम, जो आईआईटी मंडी के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा संचालित है, दो डिग्रियां प्रदान करता है। पहली बीबीए इन एनालिटिक्स (ऑनर्स) दूसरा एमबीए इन डेटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शामिल है। यह कार्यक्रम छात्रों को 12वीं कक्षा के तुरंत बाद प्रबंधन शिक्षा की यात्रा शुरू करने का अवसर देता है।

### समस्याओं को लेकर मुखर हुई सिटीजन काउंसिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सिटीजन काउंसिल की वर्किंग कमेटी की बैठक अध्यक्ष ओपी कपूर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें कई प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में कहा गया कि विजय ब्वॉय हाई स्कूल और रानी अमृतकौर वरिष्ठ माध्यमिक गर्ल्स स्कूल दोनों को विलय करने की सूचना का विरोध किया। मंडी जिला व पूर्व स्टेट में इन दोनों स्कूलों की अपनी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि रही है। विजय हाई स्कूल लगभग सदी पूर्व से ही बॉयज स्कूल रहा है और रानी अमृत कौर गर्ल्स स्कूल हमेशा से गर्ल स्कूल रहा है। मंडी जिला पुस्तकालय लंबे समय से जिलाधीश कॉम्प्लेक्स के एक छोटे हिस्से से संचालित हो रहा है, जो कि बहुत ही छोटा है और इससे बच्चों का भविष्य बहुत बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। इसी कमी को पूरी करने के लिए जब टूरिज्म डिपार्टमेंट द्वारा प्राचीन विजय हाई स्कूल की इमारत का जीर्णोद्धार कर ग्राउंड फ्लोर में लाइब्रेरी स्थापित करने का प्रावधान किया गया था, लेकिन इस कार्य नहीं हो पाया था। लाइब्रेरी के लिए हेरिटेज बिल्डिंग को उपयोग में लाया जाएगा। शहर में पैदल चलने वालों के अधिकार सुरक्षित किए जाएं। इस अवसर पर रविकांत कपूर, अशोक अवस्थी, हरीश वैद्य, सुरेंद्र शर्मा, नरेश धीमान, रघुवीर मल्होत्रा, नीरज हांडा, चंद्रमाणि शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### किसानों को बांटे अदरक व हल्दी के बीज

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान, गोहर।** जाईका परियोजना के अंतर्गत, अदरक और हल्दी के बीज का वितरण मसाला खेती को बढ़ावा देना है, जिससे उनकी आय बढ़ सके और खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा मिल सके। इसी कड़ी में मंडी जिला की बहाव सिंचाई योजना देलग टिकरी, बहाव सिंचाई योजना खरखण खड्ड लियोटि, कंसा खड्ड पलोहटा तथा उठाऊ सिंचाई योजना कोटलु के कृषक समूहों को आत्म निर्भर बनने के लिए मसाला खेती अदरक व हल्दी के बीज वितरित किए गए। इसके अलावा विभिन्न कृषक समूहों के किसानों को सरकार द्वारा हल्दी के समर्थन मूल्य 90 रुपए किए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही फसलों की वैज्ञानिक खेती, समयबद्ध बुआई, जैविक उत्पादन, ग्रेडिंग व समूह विपणन के माध्यम से अधिक आय अर्जित करने बारे जानकारी साझा की गई।

### सेवा संकल्प समिति प्रदान करेगी छात्रवृत्ति

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट में सेवा संकल्प समिति जो वर्षो से बेसहारा परिवारों, गंभीर बीमारियों से ग्रस्त रोगियों को आर्थिक सहायता के रूप में हर संभव सहायता करती आ रही है इसी कड़ी में इस महीने भी अध्यक्ष चंद्रमणि वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में समिति द्वारा गंभीर बीमारियों से ग्रस्त रोगियों को 2,66,000 हजार (दो लाख छैसठ हजार रुपए) जरूरतमंदों के खाते में डाले गए और कमेटी के सराहनीय निर्णय ने 29 मई को एक 700 सदस्यों का एक वार्षिक अधिवेशन शिव मंदिर सरकाघाट में बुलाया है जिस के मुख्यातिथि के रूप में बाली राम चंदेल जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिरकत करेंगे और इन्हीं की ही अगुवाई में क्षेत्र के गरीब, बेसहारा परिवारों के बच्चे जो इस वर्ष अच्छे अंक लेकर मेरिट में आए हैं और जिन की सालाना आय बहुत ही कम है ऐसे होनहार बच्चों को 10,000 रुपए प्रति बच्चे को छात्रवृत्ति के रूप में देकर सम्मानित करेगी। यह जानकारी सेवा संकल्प समिति सरकाघाट के मीडिया प्रभारी ललित कुमार जम्वाल ने दी।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर महादेव से धनोटू पुल तक निकाली तिरंगा यात्रा



**भीम बसेड़ु, अनंत ज्ञान**

**महादेव।** भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर नाचन विस के गांव महादेव से धनोटू पुल तक विधायक एवं प्रदेश भाजपा के सचिव विनोद कुमार की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें दस पंचायत के प्रधानों, महादेव मंडल के सभी कार्यकर्ता, स्कूल-कालेज के विद्यार्थियों, महिला मंडल आदि शामिल हुए। इस दौरान भारत माता की जय, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे गूंजे। वहीं विधायक विनोद कुमार ने हिंदुओं को एकजुट रहने का आह्वान करते हुए कहा कि अगर फिर कभी देश पर ऐसा संकट आया तो हम सब वालंटियर बनकर जाएंगे और भारतीय फौजों के साथ देश सेवा करेंगे। यह जानकारी (तिरंगा यात्रा संबंधी) महादेव मंडल के मीडिया प्रभारी उत्कर्ष खत्री ने दी।

# देशभक्ति के नारों से गूंजा सरकाघाट शहर

## विधायक दिलीप ठाकुर की अगुवाई में सैकड़ों बच्चों ने निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान को दिए गए करारे जवाब के समर्थन में पूरे देशभर में चल रही तिरंगा यात्राओं की श्रृंखला में सरकाघाट क्षेत्र भी पूरे जोश और गर्व के साथ शामिल हुआ। हिमालयन पब्लिक स्कूल, लॉर्ड कान्वेंट स्कूल और सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं, सम्मानित पूर्व सैनिकों, जोशीले युवाओं और क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने एक गौरवमयी क्षण में विधायक दलीप ठाकुर के नेतृत्व में एकजुट होकर देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत भव्य तिरंगा यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह यात्रा राष्ट्र प्रेम, एकता और संकल्प का प्रतीक बनकर हर दिल को गर्व से भर गई। यह तिंरगा यात्रा पुरानी गैस एजेंसी आरंभ होकर सरकाघाट बाजार से होकर सेंट्रल पार्क तक लगभग एक किलोमीटर चली। भारत माता की जय, वंदे मातरम, भारतीय सेना की जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद जैसे नारों से सरकाघाट देशभक्ति की भावना से भर गया। इस गौरवमयी आयोजन सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर, मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, भाजपा नेत्री डॉक्टर सीमा ठाकुर, मंडल प्रवक्ता एडवोकेट मनीष कंवर सोशल मीडिया प्रभारी विनय राणा सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि और सैकड़ों स्थानीय स्कूलों के बच्चों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।



विधायक दिलीप ठाकुर की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकालते स्कूली बच्चे व अन्य।

## करसोग में बलिदानी जवानों को किया नमन

**पीयूष शर्मा, अनंत ज्ञान, करसोग।** आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में मां भारती की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय जवानों को नमन कर करसोग में भाजपा, स्थानीय ग्रामीणों, स्कूलों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि खंड विधायक दीप राज कपूर ने यात्रा शुरू की। खंड विधायक के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा केलोधार से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए बस स्टैंड से बस में भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारों के साथ निकाली गई। तिरंगा यात्रा का नगर में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। तिरंगा यात्रा में महिलाएं एवं बच्चे भी शामिल हुए। मंडल अध्यक्ष भाजपा नेत्र सिंह, पूर्व विधायक हीरालाल, समेत, भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आहलूवालिया फेडरेशन के रामकुमार वालिया बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उत्तराखंड के पूर्व राज्य मंत्री व वरिष्ठ समाजसेवी रामकुमार वालिया को अपने समाज की बड़ी जिम्मेदारी मिली है। भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय संस्था एवं ट्रस्ट अहलूवालिया कलाल कलवार कलार फाउंडेशन के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष रामकुमार वालिया बने हैं। हिमाचल की ट्रस्टी पूजा वालिया ने राज कुमार वालिया को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। विदित रहे कि अकेले भारत में ही लगभग 16 करोड़ है अहलूवालिया कलाल कलवार कलार समाज के लोग पूरे भारत में अधिकतर शराब तथा होटल का व्यवसाय करते हैं। शराब तथा होटल के व्यवसाय से ट्रस्ट का अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर वालिया ने समाज के सभी लोगों का किया आभार व्यक्त।

# विजिलेंस करे आउटसोर्स भर्तियों में हुई धांधलियों की जांच : चमन राही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**अखिल** भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने एसपी विजिलेंस को ज्ञापन सौंप आउटसोर्स भर्तियों में हुई धांधलियों की विजिलेंस जांच की मांग की। चमन राही ने कहा कि एसपी विजिलेंस शिमला में होने के कारण डीएसपी विजिलेंस हेड क्वार्टर मंडी प्रियंक गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि आउटसोर्स कंपनी ने सत्तापक्ष के नेताओं द्वारा दी गई अति गरीब तबके के लोगों की सूची को भी दरकिनार कर दिया और साधन संपन्न लोगों को नौकरियां दी गई। इसको लेकर आम लोगों में भारी रोष है। हजारों युवाओं द्वारा दी गई इंटरव्यू में आई मेरिट को भी दरकिनार किया गया। चमन राही ने एनएचएम के तहत प्रदेश में भरी जा रही 1450 पोस्टों को लेकर सवालिया निशान खड़े किए हैं। उन्होंने मामले को लेकर के गंभीर आरोप लगाते हुए चीफ सेक्रेटरी प्रमोद सक्सेना से भी जांच की मांग की है। चमन राही ने कहा कि नेशनल हेल्थ मिशन के तहत प्रदेश भर में 622 स्टाफ नर्स, 138 ऑपरेशन थिएटर सहायक, 530 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, 24 फार्मासिस्ट, एक फिजियोथैरेपिस्ट मनोवैज्ञानिक इत्यादि 1450 पदों को भरने की प्रक्रिया आरंभ हुई है, लेकिन आउटसोर्स कंपनी ने नियमों को ताक पर रखते हुए ना तो रोस्टर लागू किया है व ना ही अनुसूचित जाति जनजाति, पूर्व सैनिकों, स्वतंत्रता सेनानियों के लिए कोटे का प्रबंध किया है।



डीएसपी विजिलेंस को ज्ञापन सौंपते हुए चमन राही व अन्य।

# आतंक को किसी भी कीमत पर नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : कर्नल रूप चंद

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**चौंतड़ा में निकाली तिरंगा सम्मान रैली**

**चौंतड़ा** में शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर के अद्वितीय शौर्य और देश की सेना के गौरव को समर्पित तिरंगा सम्मान रैली का आयोजन किया गया। यह आयोजन फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में हुआ, जिसमें वीर सैनिकों के सम्मान में स्थानीय लोगों सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। रैली की अध्यक्षता अनपूर्णा आश्रम के संचालक महात्मा रामायणी ने की। इस मौके पर चंदन पंडित, अजय सकलानी, मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार, कर्नल रूप चंद ठाकुर, कैप्टन धर्म सिंह, सूबेदार मेजर संजीव, सूबेदार मनोहर लाल, व्यापार संघ से जुड़े अविनाश धवन समेत अनेक पूर्व सैनिकों और महिलाओं ने भाग लिया।

महामंत्री संजीव ने बताया कि तिरंगा यात्रा में स्थानीय जनता ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। रैली का जोश और उमंग देखते ही बन रहा था, जैसे पूरा देश आतंक के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा हो गया हो। कर्नल रूप चंद ठाकुर ने कहा कि आतंक को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हमारी सेना हर चुनौती का सामना करने में सक्षम है। मुख्य वक्ता चंदन पंडित ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सैनिकों के शौर्य को नमन करते हुए कहा कि जब भी देश की सेना को जरूरत पड़ेगी, हम नौजवान हर रूप में सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। समारोह के अंत में मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने सभी प्रतिभागियों और चौंतड़ा की जनता का धन्यवाद किया और इस आयोजन को सफल बनाने वाले सभी सहयोगियों की सराहना की।

# मंडी में कल होंगे मिस्टर एंड मिस नॉर्दन सीजन-2 के ऑडिशन : अमित भाटिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**दिल्ली, जम्मू, शिमला और सोलन के बाद अब मंडी में मिलेगा मौका**

**मिस्टर** एंड मिस नॉर्दन सीजन 2 के ऑडिशन 25 मई को मंडी शहर की आईटीआई में होने जा रहे हैं। यह जानकारी फीट ऑफ फायर फाउंडेशन और नॉर्दन मॉडलिंग एजेंसी के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर अमित भाटिया ने मंडी में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि ऑडिशन में 15 वर्ष और इससे अधिक आयु वर्ग वाले सभी प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। ऑडिशन के लिए स्पॉट रजिस्ट्रेशन होगा और 11 बजे से यह प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। भाटिया ने बताया कि अप्रैल माह से ऑनलाइन व ऑफलाइन ऑडिशन की प्रक्रिया जारी है और अभी तक 200 से अधिक प्रतिभागी इसमें भाग ले चुके हैं। अभी तक दिल्ली, जम्मू, शिमला और सोलन में ऑडिशन हो चुके हैं। 25 मई को मंडी शहर के आईटीआई में ऑडिशन करवाए जाएंगे।

भाटिया ने बताया कि सीजन टू का सेमी फिनाले मंडी या सुंदरनगर में जबकि ग्रैंड फिनाले शिमला के होटल वुड विला में जून महीने के अंत में करवाया जाएगा। फिनाले के जजमेंट पैनल में 2024 की मिस यूनिवर्स इंडिया रही रिया सिंघा और रवि ठाकुर रहेंगे। रामानंद सागर के पोते शिव सागर भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। अमित भाटिया ने बताया कि सीजन 1 के विजेताओं के साथ-साथ टॉप पर रहने वाले प्रतिभागियों को आज कई नामी कंपनियों के साथ काम करने का मौका मिला है।

## भाषण प्रतियोगिता में कुसुम अव्वल

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पीएमश्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर में शुक्रवार को नशा कारण और निवारण विषय पर भाषण, कविता और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 12 स्कूलों के 36 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में स्थानीय पुलिस टीम के साथ एएसआई विवेक राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए इससे दूर रहने की प्रेरणा दी। भाषण प्रतियोगिता में कुसुम ने प्रथम स्थान, प्रतिज्ञा ठाकुर और राहुल द्वितीय स्थान पर रहे। कविता पाठ में ऋषिका प्रथम, वंशिका द्वितीय और रितिका तृतीय स्थान पर रहीं। पेंटिंग प्रतियोगिता में मनीषा ने प्रथम, अर्पित द्वितीय और कृतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# अनुभव आधारित शिक्षा को अपनाएं : अवस्थी

## सरदार पटेल विश्वविद्यालय विरासत के पदचिन्ह कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**सरदार** वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में इतिहास विभाग सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी द्वारा गुजरात भ्रमण से संबंधित विरासत के पदचिह्न शैक्षणिक भ्रमण प्रतिवेदन एवं वृत्तचित्र विमोचन समारोह विश्वविद्यालय परिसर में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य राजेश कुमार शर्मा अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने की। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उनकी जन्मभूमि एवं कर्मभूमि का शैक्षणिक भ्रमण हमारे विद्यार्थियों के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि जीवन में जितना संभव हो, अनुभव आधारित शिक्षा को अपनाएं। किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर जब हम व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करते है व हमें अपनी विरासत को जानना, समझना और सहेजना है, यही हमारी आने वाली पीढ़ियों के प्रति सच्ची जिम्मेदारी है।

इसके अलावा राजेश शर्मा ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण एक ऐसा माध्यम है, जिससे विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ वास्तविक जीवन से भी सीखने का अवसर मिलता है। जब विद्यार्थी ऐतिहासिक स्थलों, वैज्ञानिक संस्थानों, उद्योगों या प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण करते हैं तो वे विषयों को जीवंत रूप में समझ पाते हैं। इस अवसर पर गुजरात शैक्षणिक भ्रमण पर आधारित प्रतिवेदन व एक वृत्तचित्र का विमोचन मुख्य अतिथि के कर-कमलों द्वारा किया गया।



शैक्षणिक भ्रमण प्रतिवेदन एवं वृत्तचित्र का विमोचन करते हुए।

**नराजगी** एनएच निर्माण में बरती जा रही अनियमिताओं से सज्जाओं पंचायत के भेड़ी में घरों को हुए नुकसान का मामला

# ब्लास्टिंग के बजाय बारिश को बता दिया नुकसान का कारण

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** हिमाचल किसान सभा द्वारा जालंधर-मनाली-धर्मपुर-सरकाघाट निर्माणधीन नेशनल हाईवे में बरती जा रही अनियमिताओं को लेकर डेढ़ दर्जन घरों में आई दरारों को लेकर एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा को शिकायत की थी। उसी को लेकर एसडीएम द्वारा तहसीलदार धर्मपुर की अगुवाई में गठित जांच कमेटी से पाड़छु से हुक्कल के बीच में की गई अनियंत्रित बलास्टिंग से सज्जाओ पंचायत के भेड़ी गांव के डेढ़ दर्जन घरों को नुक्सान की जानकारी 2 मई को एसडीएम की अध्यक्षता में धर्मपुर में आयोजित मीटिंग में तहसीलदार धर्मपुर ने दी थी। लेकिन अब एसडीएम द्वारा सरकार को भेजी गई रिपोर्ट में इन घरों में पड़ी दरारों का कारण दो साल पहले हुई भारी बारिश दर्शा दिया और कंपनी को क्लीन चिट दे दी है। जबकि प्रभावित लोगों और किसान सभा का आरोप है कि इन घरों में दरारें बलास्टिंग से पड़ी हैं न कि बारिश से। इससे ग्रामीणों में भारी नाराज़गी पैदा हो गई है और अब कंपनी और प्रशासन के खिलाफ कोर्ट जाने का फैसला लिया गया है। भूपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया है कि 2 मई को हुई बैठक की कार्रवाई और जांच की रिपोर्ट उन्हें अभी तक जारी नहीं की गई है। जबकि उन्हें ये सब सूचना के अधिकार कानून से लेनी पड़ी है।

पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह, हिमाचल किसान सभा अध्यक्ष रणताज राणा, मोहनलाल, अमीचंद, इंद्र सिंह, नानक चंद, रत्तन चंद प्रभावित महावीर, सूरत सिंह, बलबीर, भाग सिंह, बृजेश, तुलसी, मीरा, शकुंतला इत्यादि ने एसडीएम द्वारा हस्ताक्षरित बैठक कार्रवाई को सिरे से खारिज कर दिया है और डीसी मंडी व कोर्ट में याचिका दायर करने का निर्णय लिया है। इसलिए अब हिमाचल किसान सभा व अन्य जनसंगठन प्रभावितों के साथ मिलकर कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाएंगे और प्रशासन की भी उसमें पार्टी बनाया जाएगा।

### विधायक ने किया जनता को गुमराह : भूपेंद्र सिंह

**पूर्व** जिला पार्षद और माकपा नेता भूपेंद्र सिंह ने कहा कि विधायक चंद्रशेखर ने भी कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने बारे जोरदार से प्रचार किया था, लेकिन उसका क्या हुआ उसकी किसी को जानकारी नहीं है और अब वे भी एक साल से चुप हो गए हैं। यही नहीं हाईवे का निर्माण का ठेका गाबर कंपनी ने लिया है, परंतु विधायक सूर्य कंस्ट्रक्शन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की बातें कर रहे हैं जिससे साफ़ है कि दाल में कुछ काला है।



### रिपोर्ट के आधार पर की कार्रवाई : एसडीएम

**एसडीएम** स्वाति डोगरा ने कहा कि तहसीलदार ने जो मौका किया था तो लोगों ने ब्यान दर्ज करवाए थे कि पहले दरारे बारिश से पड़ी है बाद में ब्लास्टिंग हुई है। टोरीनाला में जो कंपनी ने अवैध डंपिंग की है उसे लेकर बैठक में कार्रवाई की जाएगी।

## भूटान निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधिमंडल ने किया रिवालसर का दौरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारत निर्वाचन आयोग के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय चुनाव प्रबंधन एवं विकास संस्थान द्वारा आयोजित स्ट्रेटेजिक लीडरशिप एंड कॉन्फ्लिक्ट मैनेजमेंट बूट कैंप प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत भूटान निर्वाचन आयोग के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने धार्मिक स्थल रिवालसर का अध्ययन दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भूटान के निर्वाचन आयुक्त दावा तेंजिन ने किया। स्थानीय प्रशासन की ओर से एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी ने अतिथियों का स्वागत किया। भारत निर्वाचन आयोग के सहायक अनुभाग अधिकारी रमेश ने जानकारी दी कि यह दौरा 19 से 30 मई तक चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसमें भूटान के 36 वरिष्ठ एवं मध्य-स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### गगरेट, दौलतपुर में आज निकलेगी तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** भारतीय जनता पार्टी के गगरेट और दौलतपुर मंडल 24 मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और देश की एकता, अखंडता व शौर्य के प्रतीक स्वरूप भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन करेंगे। यह जानकारी गगरेट मंडल अध्यक्ष नितिन ठाकुर और दौलतपुर मंडल अध्यक्ष अजय ठाकुर ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि दौलतपुर मंडल की तिरंगा यात्रा सुबह 9:00 बजे दौलतपुर रेस्ट हाउस से पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा के नेतृत्व में शुरू होगी, जबकि गगरेट मंडल की यात्रा शाम 4:30 बजे गगरेट बस स्टैंड से निकाली जाएगी।

### प्रदेश हैमर बाल की टीम का चयन कल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के डुमखर क्रिकेट ग्राउंड में हैमर बाल का दूसरी सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के लिए हिमाचल प्रदेश की टीम का चयन डूमखर मैदान में 25 मई को सुबह 9:15 बजे से शुरू होगा। टीम संयोजक विनोद शर्मा ने बताया कि जो भी खिलाड़ी इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिमाचल की ओर से प्रतिनिधित्व करने के इच्छुक हैं, वे चयन प्रक्रिया में भाग लें। विनोद शर्मा ने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें और समय पर मैदान में उपस्थित होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। हिमाचल प्रदेश की टीम चयन के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा, जिसमें प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

### आशीष और श्रद्धा बने वरिष्ठ छात्र और छात्रा

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान, लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चुरड़ी विद्यालय में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत वरिष्ठ छात्र एवं छात्रा का चुनाव भी संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया प्रधानाचार्य एवं चुनाव अधिकारी कर्म चंद की देखरेख में संपन्न हुई। चुनाव प्रक्रिया में अश्विनी कुमार शर्मा समन्वयक, कुलविंदर सिंह पीठासीन अधिकारी तथा नीता देवी मतदान अधिकारी के रूप में नियुक्त रहीं। बहुमत के आधार पर आशीष को वरिष्ठ छात्र और श्रद्धा ठाकुर को वरिष्ठ छात्रा घोषित किया गया। प्रधानाचार्य कर्म चंद ने स्कूल के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और शिक्षकों की मेहनत की प्रशंसा की।

### पूर्व विधायक ने लिया नए कैंटीन परिसर का जायजा

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** ब्रह्मपुर में स्थापित होने जा रही सैनिक कैंटीन का पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने दौरा किया। इस अवसर पर पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष बलबीर सिंह, जिला पार्षद सुशील कालिया भी उपस्थित रहे। भूतपूर्व सैनिक लीग के चेयरमैन कर्नल जोगिंदर पाल शर्मा ने कैंटीन के स्थानांतरण को पूर्व सैनिकों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। चैतन्य शर्मा ने बताया कि कैंटीन के नए स्थानांतरण से भीड़भाड़ और ट्रैफिक जाम की समस्याएं भी दूर होंगी। ब्रह्मपुर में पर्याप्त पार्किंग की सुविधा है, जिससे पूर्व सैनिकों को अपने वाहन पार्क करने में कोई परेशानी नहीं होगी। पूर्व विधायक बलबीर सिंह ने बताया कि ब्रह्मपुर का भौगोलिक स्थान गगरेट और चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्रों के मध्य होने के कारण यह दोनों क्षेत्रों के पूर्व सैनिकों के लिए केंद्र बिंदु बन जाएगा। जिला पार्षद सुशील कालिया ने बताया कि अब ईसीएचएस और सैनिक कैंटीन दोनों सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। इससे पूर्व सैनिकों को अलग-अलग स्थानों पर भटकने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी।

### संतोषगढ़ में आज होगा श्याम महोत्सव

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़ (ऊना)।** नगर परिषद संतोषगढ़ में श्री श्याम मित्र मंडल रजि संतोषगढ़ (ऊना) की ओर से आयोजित किया जा रहे चतुर्थ श्री श्याम वंदना महोत्सव की तैयारी को अंतिम रूप दे दिया गया है। शनिवार को संतोषगढ़ नगर में परशुराम चौक एवं पुरानी पानी की टंकी के समीप इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। श्री खाटू श्याम भव्य कीर्तन दरबार कार्यक्रम को लेकर मंडल से जुड़े सदस्यों ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। 24 मई को संतोषगढ़ नगर परिषद में मंडल की ओर से करवाए जाने वाले कीर्तन दरबार की तैयारियों के बारे बताते हुए श्री श्याम मित्र मंडल के पदाधिकारी मुकेश बस्सी, मोहिंदर, सुमित चावला, हितेश, नंदन, वंश, साहिल मेहन, राकेश सोनी, अंकुश, विवेक व परीक्षित, पुष्पराज ने बताया कि ऊना जिले में चौथी बार करवाए जा रहे श्री श्याम बाबा (खाटू वाले) व श्री सालासर बाला जी सहित कई देवताओं के भव्य स्वरूप व श्रृंगार के दर्शन आकर्षण का केंद्र रहेंगे। मित्र मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि संकीर्तन कार्यक्रम में कोलकाता पश्चिम बंगाल से श्याम जगत के सुप्रसिद्ध भजन गायक संजय मित्तल, मध्य प्रदेश से भजन गायिका कनिका ग्रोवर व ऊना से नमिश बस्सी अपनी मधुर आवाज के जरिए खाटू वाले श्याम व बाला जी की महिमा का गुणगान करेंगे। पदाधिकारियों ने बताया कीर्तन दरबार में शाम सात बजे संकीर्तन शुरू किया जाएगा। कीर्तन के साथ ही श्याम रसोई में प्रभु प्रसाद (भंडारा) भी लगाया जाएगा।

# गरीबों का पक्के घर का सपना होगा साकार

## ऊना नगर निगम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 में पहले चरण में अब तक मिले 114 आवेदन

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**



पक्का घर। (फाइल फोटो)

**ऊना।** नगर निगम ऊना क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर शहरी परिवारों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत उन्हें पक्के घर का सपना साकार करने का सुनहरा अवसर मिला है। योजना के पहले चरण में अब तक 114 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 90 से अधिक आवेदन हाल ही में नगर निगम क्षेत्र में शामिल क्षेत्रों से प्राप्त हुए हैं।



मनोज कुमार

नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि इस योजना के प्रथम चरण में इच्छुक पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के यूनिफाइड वेब पोर्टल या निकटवर्ती लोकमित्र केंद्र के माध्यम से 31 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम में शामिल 14 पंचायतों के साथ-साथ नगर नियोजन क्षेत्र (टीसीपी एरिया) के स्थानीय पात्र परिवार भी इस योजना में आवेदन कर सकते हैं। यह योजना उन शहरी परिवारों के लिए सुनहरा मौका है, जिनकी वार्षिक आय 3 लाख रुपए तक है और जो अब तक अपने स्वयं के पक्के घर से वंचित हैं।

### 31 तक किया जा सकता है ऑनलाइन आवेदन

**योजना के लिए जरूरी दस्तावेज :** उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड, आवेदक के बैंक अकाउंट की कॉपी, भूमि स्वामित्व के दस्तावेज, आय प्रमाण पत्र और शपथ पत्र अनिवार्य है। मनोज कुमार ने नगर निगम के सभी पात्र परिवारों से अपील की है कि वे समय रहते आवेदन करें और इस योजना का लाभ उठाकर अपने घर का सपना पूरा करें। अधिक जानकारी के लिए नगर निगम कार्यालय ऊना में संपर्क कर सकते हैं।

### यह रहेगी पात्रता

**नगर** निगम क्षेत्र एवं निकटवर्ती नगर नियोजन क्षेत्र के ऐसे परिवार जिसमें पति, पत्नी एवं अविवाहिता बच्चों सहित परिवार के पास भारत में कहीं भी पक्का मकान नहीं होना चाहिए। परिवार की वार्षिक आय 3 लाख या उससे कम होनी चाहिए। शहरी क्षेत्र में भूमि का स्वामित्व होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि निकटवर्ती नगर नियोजन क्षेत्र के स्थानीय निवासी भी इस योजना के पात्र होंगे, चाहे वे वर्तमान में नगर निगम सीमा के बाहर रह रहे हों। पात्र लाभार्थियों को 2.5 लाख तक की आर्थिक सहायता तीन किस्तों में प्रदान की जाएगी। पहली किस्त घर नींव का कार्य पूर्ण करने पर, दूसरी किस्त छत तक का कार्य पूर्ण करने पर और अंतिम किस्त घर का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर दी जाएगी।

### प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना से लाभान्वित हुए जरनैल

**प्रधानमंत्री** शहरी आवास योजना का लाभ ले चुके ऊना नगर निगम के वार्ड एक से जरनैल सिंह का परिवार इस भवन में जीवन यापन कर रहा है। उनका कहना है कि सरकार ने यह घर बनाने के लिए मदद की थी, अन्यथा आज वे बिना छत के होते। जब पुराने घर में रहते थे तो संयुक्त परिवार आर्थिक तंगी के कारण अपने घर का सपना भी सोचते नहीं थे। यह तो इस प्रधानमंत्री आवास योजना के कारण 2020 में उनका अपने घर का सपना साकार हुआ है। इस वार्ड में पांच घर इस योजना के तहत बनाए गए जहां सभी परिवार सुख से जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

# उपायुक्त ने देहलां स्कूल की सुविधाओं का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना के डीसी जतिन लाल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देहलां का दौरा कर वहां की शैक्षणिक और भौतिक सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा छात्रों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना।

इस दौरान छात्रों और स्थानीय समुदाय ने उपायुक्त से विद्यालय परिसर में बास्केटबाल कोर्ट के निर्माण की मांग रखी, जिस पर उपायुक्त ने आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन विद्यालयों में छात्रों के खेल विकास के लिए सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध है ताकि खेलकूद की संरचनाओं को और अधिक बेहतर एवं सुदृढ़ किया जा सके। उन्होंने बताया कि सामर्थ्य योजना के तहत निर्धन परिवारों की बच्चियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, एवं कौशल विकास से जुड़ी कई सुविधाएं निशुल्क प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने जिला के गरीब बच्चों के उत्थान के लिए सामर्थ्य योजना शुरू की है।

इस योजना का उद्देश्य न केवल आर्थिक रूप से पिछड़े तबके की बच्चियों को शिक्षा और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास और स्वावलंबन की भावना भी पैदा करना है। सामर्थ्य योजना के कारण आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई छोड़ चुकी बच्चियां लाभान्वित होकर अपनी उच्च शिक्षा ग्रहण कर रही हैं।



ऊना। शहर में अतिक्रमण को लेकर डीसी जतिन लाल से व्यापारियों ने मुलाकात की।

# धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में एक के विरुद्ध मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

उपमंडल गगरेट के दियोली गांव के एक व्यक्ति पर धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में गगरेट पुलिस ने मामला दर्ज किया है। आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया और दो समुदाय को भड़काना शुरू कर दिया। गगरेट पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

दियोली गांव के रफीक अहमद द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि वह पंजाब पुलिस से एएसआई के पद से सेवानिवृत्त हैं और वर्तमान में खेतीबाड़ी कर रहा है। दियोली बाड़ी में उनके समुदाय का दो सदी पुराना कब्रिस्तान है, जिसमें पुश्त दर पुश्त अपने बुजुर्गों की देह दफनाते आए हैं। कुछ वर्ष पूर्व एक अन्य समुदाय के लोगों ने वहां आबादियां डाल लीं, लेकिन दोनों समुदायों में कब्रिस्तान को लेकर कभी कोई बात नहीं हुई। हम सब परिवार मिलजुलकर रहते आ रहे हैं। हर त्योहार मिलजुलकर मनाते आ रहे हैं। वर्ष 2022 में पंचायत प्रधान से उन्होंने निवेदन किया कि हमारे कब्रिस्तान को राजस्व विभाग में कब्रिस्तान के नाम पर दर्ज करवाया जाए, ताकि इस स्थान पर सरकारी अनुदान से कोई कार्य करवाना हो तो करवाया जा सके।

इस पर पंचायत ने एक प्रस्ताव पारित कर उपायुक्त को भेजा, लेकिन उन्हीं के गांव के एक व्यक्ति ने लोगों को उनके समुदाय के खिलाफ भड़काना शुरू कर दिया और उन्हें भी धमकाने लगा कि आपका कब्रिस्तान यहां से उखाड़ देंगे। इसके लिए उसने कई तरह की गुमराह करने वाली शब्दाबली और आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाली शब्दाबली का प्रयोग कर सोशल मीडिया के माध्यम से इसे प्रचारित किया, जिससे उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इससे हमारे बच्चों व महिलाओं में डर का माहौल है। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

## डीएवी स्कूल के छात्रों ने झटके मेडल

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** स्टेयर्स फाउंडेशन की तरफ से एचपी स्टेट ताइक्कांडो चैंपियनशिप जो की 15 मई को बद्दी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित हुई, जिसमें डीएवी के छात्रों ने भाग लिया। इसमें आदबी, अनन्या, भानवी छात्रों ने तीन गोल्ड तथा भाविका, मन्नत ने दो सिल्वर मेडल अर्जित किए। स्कूल की शारीरिक शिक्षिका मंजू कुमारी ने भी इस प्रतिस्पर्धा में भाग लिया और मास्टर गेम में गोल्ड मेडल अर्जित किया।

उपरोक्त चयनित खिलाड़ियों ने दिल्ली में आयोजित तालकटोरा तथा त्यागराज स्टेडियम में आयोजित स्टेयर्स नेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप में भाग लिया। यह प्रतियोगिता है 19 से लेकर 21 मई तक चली। स्कूल के प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह शारीरिक शिक्षकों की मेहनत और सभी स्टाफ मेंबर्स की मेहनत का नतीजा है।

## बंदना धीमान, नितिन भारती वृंदावन आज करेंगे महामाई का गुणगान

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा मुख्यालय में आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति से सराबोर एक भव्य आयोजन की तैयारी जोरों पर है। मां भगवती विशाल जागरण कमेटी द्वारा आयोजित सातवां विशाल जागरण 24 मई को श्रद्धा, आस्था और सांस्कृतिक समर्पण का अनुपम संगम बनने जा रहा है। यह कार्यक्रम केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जनमानस को जोड़ने वाला एक सांस्कृतिक पर्व बन चुका है, जिसकी झलक हर वर्ष देखने को मिलती है।

इस वर्ष के आयोजन की विशेषताएं इसे अब तक के सबसे भव्य जागरणों में से एक बनाती हैं। मां भगवती की असीम कृपा से आयोजन स्थल पर एक भव्य 51 फुट ऊंचा माता का भवन निर्मित किया जाएगा, जिसे नव-ज्योतियों और रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया जाएगा। यह भवन न केवल श्रद्धालुओं की भक्ति का प्रतीक बनेगा, बल्कि मां भगवती के प्रति समर्पण और सामाजिक एकता की भी मिसाल प्रस्तुत करेगा। सातवें विशाल जागरण की विशेष बात यह है कि इसमें हिमाचल की शान, सुप्रसिद्ध भजन गायिका बंदना धीमान अपनी मधुर और भावपूर्ण भजनों से मां भगवती की महिमा का गुणगान करेंगी। इसके साथ ही वृंदावन के ख्यातिप्राप्त रसिक भजन गायक श्री हित नितिन भारती अपने विशेष भजन शैली से महामाई की स्तुति करेंगे। दोनों ही कलाकारों की उपस्थिति जागरण को अत्यंत दिव्य और प्रभावशाली बनाएगी। सांस्कृतिक रंग में और गहराई लाने के लिए कार्यक्रम में फिल्मी कोरियोग्राफर कपिल कोहली भी विशेष झांकियों के माध्यम से मां भगवती के जीवन प्रसंगों और अवतारों की प्रस्तुतियां देंगे।

जागरण के दिन बंगाणा बाजार दुल्हन की तरह सजेगा। 24 मई को दोपहर 1 बजे हाथलौन से एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी जो अम्बे एचपी सेंटर बंगाणा के पास स्थित जागरण स्थल तक पहुंचेगी। इस शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु, स्थानीय लोग, विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठन भाग लेंगे।

## उपमुख्यमंत्री 26 से जिले के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 26, 27 और 28 मई को ऊना जिले के तीन दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उप मुख्यमंत्री 26 मई सोमवार को सायं 4 बजे घरवासड़ा में शहीद नायक दिलवर खान (कीर्ति चक्र) के सम्मान में आयोजित शहीद सम्मान समारोह में शामिल होंगे। 27 मई को मुकेश अग्निहोत्री सुबह 10 बजे नाबार्ड के तहत निर्मित होने वाली गोंदपुर बेहली से बाथू गुरूपलाह सड़क के चौड़ीकरण और सुधारीकरण सहित गोंदपुर जयचंद खड्ड पर बनने वाले पुल, उमराली-धालीवाल-हीरां-थहड़ा-पूबोवाल से पोलियां वाया कुठारबीत लिंक रोड के अपग्रेडेशन कार्य, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलोह (लेवल-दो) और गोअभ्यरण नगनोली का शिलान्यास करेंगे। इसके अतिरिक्त 28 मई को ऊना में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का फील्ड निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे।



# प्राकृतिक खेती के मॉडल के रूप में उभर रहा प्रदेश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों की आय दोगुनी करने और प्राकृतिक खेती को सशक्त रूप से बढ़ावा देने के अपने संकल्प को धरातल पर उतार रही है। इसी कड़ी में जिला ऊना की टकारला और रामपुर अनाज मंडियों में प्राकृतिक विधि से उत्पादित गेहूं की खरीद प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन मंडियों में कुल 41 किसानों से 425.818 क्विंटल प्राकृतिकगेहूं की खरीद की गई है, जिसकी कुल कीमत 26,40,071 रुपऐ निर्धारित हुई है। यह राशि शीघ्र ही डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। आतमा परियोजना, ऊना के परियोजना निदेशक वीरेंद्र बग्गा ने बताया कि रामपुर मंडी में 17 किसानों से 193.14 क्विंटल एवं टकारला मंडी में 24 किसानों से 232.678 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्राकृतिक गेहूं के लिए 60 रुपए प्रति किलो का न्यूनतम समर्थन मूल्य और 2 रुपए प्रति किलो का परिवहन शुल्क भी दिया जा रहा है। इस प्रकार, हिमाचल देश का पहला राज्य है, जिसने गेहूं पर न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ-साथ ट्रांसपोर्टेशन शुल्क देने की पहल की है।



प्राकृतिक खेती से एकत्रित किया उत्पाद।

बग्गा ने आगे बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की दूरदर्शी नीतियों के बल से वर्तमान में ऊना जिले में लगभग 16 हजार किसान प्राकृतिक खेती से जुड़ चुके हैं और करीब 2 हजार हेक्टेयर भूमि पर रसायन मुक्त खेती कर रहे हैं। किसान वर्तमान में पांच किस्मों की गेहूं का उत्पादन प्राकृतिक विधि से कर रहे हैं, जिससे न केवल मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है, बल्कि पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य भी सुरक्षित रहते हैं, साथ ही लागत में कमी और लाभ में वृद्धि के कारण किसानों की आर्थिकी को नया बल मिल रहा है।

गौरतलब है कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को इसका अच्छा दाम प्रदान को लेकर प्रदेश सरकार की इस सक्रिय भूमिका से न केवल इस खेती से जुड़े किसान बेहद उत्साहित और संतुष्ट हैं, बल्कि अन्य किसानों को भी इस दिशा में जुड़ने के लिए प्रेरणा मिली है।

# पियक्कड़ वाहन चालकों की खैर नहीं मई माह में अब तक कटे 22 चालान

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान**

**गगरेट।** यातायात नियमों की अवहेलना कर खुद अपनी व दूसरों की जान जोखिम में डालने वालों के विरुद्ध उपमंडल अंब व गगरेट में पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले करीब बाइस चालकों की पहचान कर पुलिस ने मई माह में 21 दिन में बाइस चालान किए हैं। इन दिनों पुलिस टीमें अल्को सेंसर के साथ सड़कों पर उतरी हैं और शराबी चालकों को सबक सिखाने में लगी हैं। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के सिर्फ चालान ही नहीं हो रहे हैं, बल्कि इनके ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने के लिए भी संबंधित रजिस्ट्रेशन एंड लाइसेंसिंग अथॉरिटी को लिखा जा रहा है।

एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार देश में हर साल एक लाख चालीस हजार के करीब सड़क दुर्घटनाओं में मौत का शिकार हो रहे हैं। जाहिर है कि अधिकतर सड़क दुर्घटनाओं का कारण यातायात नियमों की अवहेलना है। सड़क दुर्घटनाओं के कारणों में सबसे गंभीर कारण शराब का सेवन कर ड्राइविंग करना ही है। यही वजह है कि इन दिनों पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विसेष अभियान शुरू किया है। शराब पीकर वाहन चलाने पर सबसे ज्यादा चालान पुलिस थाना चिंतपूर्णी के अंतर्गत किए गए हैं। यहां पहली मई से अब तक 14 चालान किए गए हैं। इसके बाद पुलिस थाना अंब ने 21 दिन में शराब पीकर वाहन चलाने पर छह लोगों के चालान किए हैं। वहीं, पुलिस थाना गगरेट के अंतर्गत अभी तक शराब पीकर वाहन चलाने पर महज दो ही चालान हुए हैं।

पुलिस की मानें तो यह अभियान अभी जारी रहेगा और जो भी चालक शराब पीकर वाहन चलाते पाया गया तो उसका ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की सिफारिश भी संबंधित आरएलए से की जाएगी। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस विशेष अभियान के तहत इन दिनों शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कस रही है, जिसके तहत चालान किए जा रहे हैं। इसका मूल उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के ग्राफ में कमी लाना ही है।

# विधायक बबलू ने सुनी धारवासियों की समस्याएं

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** विधानसभा क्षेत्र चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने शुक्रवार को बाबा श्री माईदास सदन में धार क्षेत्र की पंचायतों के लोगों की समस्याओं को सुना। अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया गया। समस्याएं जलशक्ति विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग और पंचायतीराज विभाग से जुड़ी हुई थीं।

**स्थानीय लोगों को माता चिंतपूर्णी के दरबार में दर्शन की अनुमति :** विधायक ने माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में स्थानीय लोगों को दर्शन करने के लिए सुबह 7 से लेकर 8 बजे तक की अनुमति दिलाई। अब स्थानीय लोग लिफ्ट के माध्यम से दर्शन कर सकेंगे।

**विकास कार्यों की घोषणा :** विधायक ने कहा कि अमलेहड़ रोड पर बचा हुआ कार्य और पुल बनाने का काम भी जल्द शुरू होगा।



धार क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनते विधायक सुदर्शन बबलू।

इसके लिए विभाग द्वारा जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। समनोली बाईपास और मोईन शिव मंदिर बाईपास की रिपेयर का काम भी जल्द शुरू होगा।

**सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था :** विधायक ने निर्देश दिए कि सार्वजनिक शौचालय रात 10 बजे तक खुले रहेंगे और इनमें सफाई व्यवस्था चुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं।

**किसानों के लिए राहत :** धार क्षेत्र के किसानों को राहत देने के लिए अब महीने में एक दिन बाबा श्री माईदास सदन में किसानों के लिए उचित मूल्य पर बीज उपलब्ध कराए जाएंगे।

**बधमाणा पंचायत के लिए सहायता :** बधमाणा पंचायत के विकास कार्य के लिए ₹500000 की राशि मंदिर न्यास द्वारा दी गई है। विधायक ने इस चेक को पंचायत प्रधान को सौंपा। इस मौके पर बारीदार सभा के प्रधान रविंद्र शिंदा, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुलोचना देवी, ट्रस्टी विनोद कालिया समाज सेवी अमित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# अंब में भाजपा ने भारतीय सेना के जवानों के शौर्य को किया नमन




तिरंगा यात्रा के दौरान पूर्व विधायक राजेश और बलबीर चौधरी व भाजपा कार्यकर्ता।

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के खिलाफ 6 और 7 मई की आधी रात भारत की सेना द्वारा आतंकवादी अड्डों पर की गई स्ट्राइक और पाकिस्तान सेना को दिए गए मुंहतोड़ जवाब के बाद हर भारतीय नागरिक उत्साह से लबरेज है।

इसी के चलते शुक्रवार को चिंतपूर्णी भाजपा के अपर व लोअर मंडलों और पूर्व सैनिक संगठनों द्वारा अंब व बड़ूही में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक बलबीर सिंह की अगुवाई में निकाली गई इस यात्रा में गगरेट विधानसभा के पूर्व विधायक राजेश ठाकुर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। इस मौके पर भाजपा के कार्यकर्ता और पूर्व सैनिक तिरंगा लेकर सड़क पर उतरे और भारतीय फौज के समर्थन में नारेबाजी की गई। इस मौके पर भाजपा नेता राजेश ठाकुर व बलवीर सिंह ने कहा कि भारत की फौज ने जिस तरह से आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की है, वह अतुलनीय है।

इस मौके पर बीडीसी चेयरपर्सन सुनीता धीमान, नपं अंब की अध्यक्ष इंदू धीमान, शालिनी गोस्वामी, शंभू गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह, विनय शर्मा, मीडिया प्रभारी विवेक शर्मा और मंडल महामंत्री कुलदीप कुमार, कुलदीप डोगरा, जिला युवा अध्यक्ष संदीप शर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**जश्न** कुटलैहड़ भाजपा ने डेरा बाबा रुद्रानंद मंडल में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली तिरंगा यात्रा

# देश भक्ति के नारों से वीरों का किया नमन

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** भारतीय सेना द्वारा हाल ही में चलाए गए सफल ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन और सम्मान में शुक्रवार को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के डेरा बाबा रुद्रानंद मंडल में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह आयोजन भारतीय जनता पार्टी मंडल कुटलैहड़ द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और देशभक्ति के नारों से समूचा क्षेत्र गूंज उठा।

इस कार्यक्रम में जिला ऊना भाजपा अध्यक्ष श्याम मिन्हास मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, जबकि भाजपा के वरिष्ठ नेता व कुटलैहड़ के पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय सेना की वीरता को नमन करना और ऑपरेशन सिंदूर में देश की रक्षा के लिए किए गए प्रयासों पर गर्व व्यक्त करना था। श्याम मिन्हास ने कहा कि भारत देश पूरी तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में सुरक्षित है। मोदी के कुशल नेतृत्व में देश की सुरक्षा नीति आक्रामक और प्रभावशाली बनी है।




भाजपा मंडल डेरा बाबा रुद्रा नंद जी में तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया।

ऑपरेशन सिन्दूर इसका प्रमाण है कि अब भारत किसी भी शत्रु को जवाब देने में पीछे नहीं हटता। उन्होंने भारतीय सेना को सलाम करते हुए कहा कि इस अभियान में पाकिस्तान को करारा जवाब मिला है। भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि भारतीय सेना की ताकत और बलिदान पर भारत देश को गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने जिस प्रकार से आतंकियों का सफाया किया है, वह अद्भुत है। इस दौरान कुटलैहड़ विस क्षेत्र के शहीद दिलवर खान की शहादत को भी नमन किया गया।

इस तिरंगा यात्रा में शहीद दिलवर खान अमर रहें, भारत माता की जय, मोदी सरकार जिंदाबाद, भारतीय सेना जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद जैसे जोशीले नारे लगाए गए। यात्रा में सैकंडों युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने भाग लिया और पूरे रास्ते देशभक्ति के गीत गाए। इस तिरंगा यात्रा की शुरुआत डेरा बाबा रूद्रानंद मंडल से हुई और विभिन्न जगहों से होती हुई मुख्य चौक तक पहुंची, जहां सभा का आयोजन किया गया। तिरंगे झंडे, पोस्टर और सेना के बलिदान को दर्शाती झांकियां इस यात्रा का आकर्षण रहीं।

इस तिरंगा यात्रा को सफल बनाने में दोनों भाजपा मंडल कुटलैहड़ के अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ और राजकुमार वर्मा की अहम भूमिका रही। इस मौके पर हमीरपुर लोकसभा प्रभारी सुमित शर्मा, जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा, भाजपा नेता बलराम बबलू, भाजपा नेत्री संतोष सैनी, सुषमा ठाकुर, निशा भुल्लर, उपप्रधान जीवन शर्मा, हर्ष कौशल, मनोहर लाल शर्मा, राजेंद्र कुमार, शशि बाला के अलावा सैकड़ों गणमान्य मौजूद रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से गदगद इन्नरव्हील क्लब ने निकाली तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भारतीय सेना द्वारा आंतकवाद के खात्मे के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में इन्नरव्हील क्लब ऊना ने संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान ऊना की छात्राओं के साथ तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इन्नरव्हील क्लब की अध्यक्ष रमा कंवर ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना को बधाई दी। वहीं, देश के वीर सैनिकों का धन्यवाद भी किया।

उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में अपने पराक्रम व शौर्य का परिचय देते हुए प्रत्येक भारतवासी का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। वहीं, उन्होंने अपने पराक्रम से देश की जनता को आश्वस्त किया है कि कोई भी भारत की सीमाओं की तरफ आंख उठाकर भी नहीं देख सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व देश का समूचा राजनीतिक नेतृत्व इस कठिन दौर में भारतीय सेना व देश की जनता के लिए एकजुटता से खड़ा रहा।

तिरंगा यात्रा में छात्राओं ने भारत माता की जय व भारतीय सेना की जय घोष के नारे भी लगाए। तिरंगा यात्रा में इन्नरव्हील क्लब की अध्यक्ष रमा कंवर, पूर्व अध्यक्ष सुमन पुरी, वरिष्ठ सदस्य मीरा मैहता, हिमोत्कर्ष परिषद के राज्य कार्यकारिणी के सदस्य राजकुमार पठानिया, हिमोत्कर्ष प्रशिक्षण केंद्र स्टाफ रंजू बाला, मीना ठाकुर, निशा व स्टाफ सदस्य तथा छात्राएं उपस्थित रहीं।




तिरंगा यात्रा के दौरान पूर्व विधायक राजेश और बलबीर चौधरी व भाजपा कार्यकर्ता।

# लाहौल घाटी में हाइडल प्रोजेक्ट्स के विरोध में लोगों ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

उदयपुर में लाहौल-स्पीति एकता मंच और उदयपुर मंडल के पंचायत प्रतिनिधियों के नेतृत्व में शुक्रवार को लाहौल घाटी में प्रस्तावित डेढ़ दर्जन मेगा जलविद्युत परियोजनाओं के खिलाफ एक विशाल रैली का आयोजन हुआ।

रैली उदयपुर के मृकुला मंदिर प्रांगण से शुरू होते हुए एसडीएम कार्यालय प्रांगण में सभा के साथ संपन्न हुई। इस रैली में उदयपुर उपमंडल के लगभग डेढ़ हजार लोगों ने भाग लिया तथा सभा के समापन पश्चात आयोजकों ने प्रदेश के राज्यपाल तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री को एसडीएम के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया। अपने संबोधन में रैली के संयोजक और एकता मंच अध्यक्ष सुदर्शन जस्पा ने हाल ही में हिमाचल सरकार द्वारा तेलंगाना सरकार के साथ सेली और मयाड़ परियोजनाओं के लिए हुए एमओयू को तुरंत निरस्त करते हुए संविधान के 5 वें अनुसूची में प्रदत्त जनजातीय क्षेत्रों के विशेष अधिकारों को संरक्षित करने की मांग की। हिमालयन नीति अभियान के संयोजक गुमान सिंह ने लाहौल के तमाम बाशिंदों से इन परियोजनाओं को जिले से बाहर खदेड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकारें बड़ी परियोजनाओं को स्थापित करने का प्रयास केवल मोटी कमीशनों से अपनी तिजोरियां भरने के लिए करती हैं, जबकि देश में बिजली की आपूर्ति मांग से ज्यादा है। वहीं, कोकसर पंचायत प्रधान सचिन मेरूपा ने भी जिले में प्रस्तावित सभी बड़ी योजनाओं से लाहौल घाटी के अस्तित्व पर पड़े संकट से एकजुट होकर लड़ने का आह्वान करते हुए इस आंदोलन को ओर मुखर करने की बात कही। वहीं, अपने संबोधन हिमाचल सरकार में पूर्व में मंत्री रहे डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने कहा कि इन बड़ी परियोजनाओं से लाहौल के लोगों को निश्चित तौर पर विस्थापित होना पड़ेगा, जो कि किसी भी लाहौल वासी को मंजूर नहीं होगा। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि यदि इन परियोजनाओं से संबंधित कोई भी गतिविधि होती है, तो हम उन्हें जिले से बाहर खदेड़ देंगे।

# जन समस्याओं का हो रहा निराकरण : गोमा

## काजा में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आयोजित, 19 आवेदनों में 14 मांगें व 5 शिकायतें दर्ज

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**




आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के दौरान व उनके साथ विधायक अनुराधा राणा।

**काजा।** जिला लाहौल-स्पीति के काजा में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय ग्राउंड काजा में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुष, युवा सेवाएं, खेल एवं विधि मंत्री यादविंदर गोमा ने की।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों से आए लोगों ने कुल 19 आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें 14 मांगे व 5 शिकायतें शामिल हैं। इनमें से 7 समस्याओं का आयुष मंत्री द्वारा मौके पर समाधान किया गया तथा शेष समस्याओं एवं मांगों को तुरंत निपटारे के लिए संबंधित विभागों को आगामी कार्रवाई के लिए प्रेषित किया। आयुष मंत्री ने क्षेत्रवासियों की शिकायतों के आधार पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी उनकी समस्याओं का जल्द निराकरण भी सुनिश्चित करें। इस मौके पर यादविंदर गोमा ने कहा कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम मुख्यमंत्री सुक्खू का एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम लोगों को उनके घर द्वार के नजदीक उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। प्रदेश सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में इस कार्यक्रम को आयोजित कर गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद स्थापित कर उनकी जरूरत को पूरा करने सहित उनकी समस्याओं को हल करने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। सरकार का ध्येय है कि सभी वर्गों का सम्मान विकास सुनिश्चित किया जाए। इसी उद्देश्य से हमारी सरकार ने वर्ष 2023 को जिला लाहौल-स्पीति के काजा क्षेत्र से इंदिरा गांधी महिला सम्मान निधि योजना को लागू किया था। इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं।

प्रदेश सरकार किसानों की आर्थिक को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से गाय के दूध पर समर्थन मूल्य 32 रुपए से बढ़ाकर 45 रुपए किया था, जिसे अब बढ़ाकर 51 रुपए प्रतिलीटर तथा भैंस का दूध भी 47 रुपए से बढ़ाकर 55 रूपए किया था, जिसे अब बढ़ाकर कर 61 रुपए प्रतिलीटर निर्धारित कर हिमाचल प्रदेश दूध पर सबसे अधिक समर्थन मूल्य देने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में प्राकृतिक हल्दी का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार कच्ची हल्दी 90 रुपए प्रति किलो की दर से खरीदने जा रही है तथा प्रदेश में प्राकृतिक खेती कर रहे एक लाख 58 हजार 785 किसानों को प्रमाणित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने दिहाड़ीदारों की दिहाड़ी 25 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 425 रुपए तथा मनरेगा में 80 रुपए की ऐतिहासिक वृद्धि कर इसे 240 रुपए से बढ़ाकर 320 रुपए किया गया है।

# हवलदार सुशील कुमार ने सबसे ऊंचे पर्वत कंचनजंगा पर लहराया तिरंगा

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**



**मनाली।** जिला कुल्लू के पद्धेई गांव के चमन लाल सोनी के घर जन्मे हवलदार सुशील कुमार ने राष्ट्रीय पर्वतारोहण और साहसिक खेल संस्थान की टीम के सदस्य के रूप में भारत के सबसे ऊंचे और दुनिया के तीसरे सबसे ऊंचे पर्वत कंचनजंगा (8,586 मीटर) पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की।

इस अभियान का नेतृत्व प्रसिद्ध पर्वतारोही कर्नल रणवीर सिंह जामवाल ने किया और इसे राष्ट्रीय मिशन हर शिखर तिरंगा के तहत चलाया गया। इसका उद्देश्य भारत और दुनिया भर में सबसे ऊंची चोटियों पर तिरंगा फहराना है। सुशील, सेना के एक अनुभवी पर्वतारोही हैं, जिनके पास 12 वर्षों से अधिक ऊंचाई पर चढ़ने का अनुभव है और 15 पर्वतारोहण अभियानों में भाग ले चुके हैं। वे भारतीय सेना द्वारा संचालित विभिन्न अभियानों के सदस्य भी रहे हैं। कंचनजंगा की उनकी नवीनतम चढ़ाई उनकी स्थायी प्रतिबद्धता, शारीरिक कौशल और भारतीय पर्वतारोहण की भावना का प्रतिबिंब है। कुल्लू जिले के सुदूर गांव पद्धेई से कंचनजंगा की ऊंची चोटियों तक सुशील की यात्रा साहस और समर्पण की कहानी है। शिखर पर चढ़ने के बाद उन्होंने कहा कि तत्वावधान में आयोजित इस ऐतिहासिक अभियान का हिस्सा बनना सम्मान की बात है और कंचनजंगा पर चढ़ना सिर्फ एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं था, बल्कि तिरंगा के तहत कुल्लू, हिमाचल प्रदेश, सेना और पूरे देश का प्रतिनिधित्व करने का एक पल था। इस सफल अभियान की पूरे साहसिक समुदाय में सराहना की गई है और यह हिमाचल के युवाओं को पर्वतारोहण और अन्य साहसिक खेलों को अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

उनकी उपलब्धि इस बात का एक शानदार उदाहरण है कि कैसे अनुशासन, प्रशिक्षण और देशभक्ति मिलकर महानता हासिल कर सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### लिंडूर गांव में जमीनी धंसाव से खौफ का माहौल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति जिले के लिंडूर गांव में जगह-जगह से भूमि धंसने की घटनाओं ने ग्रामीणों में गहरी चिंता और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र के पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने गांव का दौरा कर प्रभावित लोगों से मुलाकात की और समस्या की व्यापकता को समझा। रवि ने प्रभावित ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि वे इस मामले को केंद्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय और राष्ट्रीय जनजाति आयोग के समक्ष गंभीरता से उठाएंगे। इतना ही नहीं वे इस मुद्दे को हिमाचल प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और राज्यपाल के संज्ञान में भी लाएंगे, ताकि राहत और पुनर्वास के लिए ठोस कदम उठाए जा सकें। वहीं, मांग रखी जाएगी कि गांव अथवा उसके नजदीक किसी सुरक्षित स्थान पर फाइबर से बने आपदा राहत हैंगर (आपातकालीन शरण स्थल) का निर्माण किया जाए, ताकि विशेषकर सर्दियों में जब बर्फबारी के चलते सड़क सहित हर संपर्क कट जाता है, तो ग्रामीणों को सुरक्षित आश्रय मिल सके।

### पूर्व विधायक ईश्वर दास का हुआ भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी विधानसभा क्षेत्र के सात बार विधायक रहे वरिष्ठ नेता ईश्वर दास का लंबे समय बाद अपने गृह क्षेत्र आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। अपनी पत्नी उल्फत दास के साथ वे सबसे पहले निरमंड, फिर दोराहा और बाद में निथर पहुंचे। तीनों स्थानों पर उनके सैकड़ों समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। ईश्वर दास पूर्व में हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष (डिप्टी स्पीकर) और एक बार पंचायतराज राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। अपने स्वागत समारोह के दौरान उन्होंने कहा कि वे भले ही स्वास्थ्य कारणों से कुछ समय तक सार्वजनिक जीवन से दूर रहे हो, लेकिन अपने क्षेत्र की जनता से मिलने की दिली इच्छा, उन्हें यहां खींच लाई। समारोह में कई गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। इनमें पूर्व भाजपा विधायक और अब कांग्रेस नेता किशोरी लाल सागर, एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के पूर्व चेयरमैन यूपेंद्र कांत मिश्रा, जिला कांग्रेस कमेटी कुल्लू के पूर्व महासचिव चमन भारती सिंह, ग्राम पंचायत निशानी के प्रधान गुरदयाल सिंह, पूर्व उपप्रधान पूर्ण वर्मा, निरमंड पंचायत की पूर्व प्रधान देवकी देवी, पोषणा पंचायत के पूर्व प्रधान सुरेश चंद, शक्ति दास, रोशन लाल, राकेश, शाडीई लाल, यशपाल कटोच, सिकेंद्र ठाकुर सहित अनेक स्थानीय नेता और कार्यकर्ता शामिल थे।

### बाढ़ से हुए नुकसान की दी जाए मुआवजा राशि

**अनंत ज्ञान, सैंज।** सैंज बाजार के दुकानदारों ने बाढ़ से हुए नुकसान की एवज में मिलने वाली मुआवजा राशि प्रदान करने की मांग उठाई है। प्रभावितों की मांगों को लेकर शुक्रवार को व्यापार मंडल द्वारा डीसी को ज्ञापन भेजा गया है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष झाबे राम ठाकुर की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा एडीएम कुल्लू के माध्यम से भेजे गए मांग पत्र में सैंज बाजार के दुकानदारों की कई समस्याओं के समाधान की मांग की गई है, जिसमें वर्ष 2023 में प्राकृतिक आपदा के दौरान बाजार में बाढ़ से प्रभावित दुकानदारों को राहत राशि शीघ्र जारी करने की प्रमुख मांग सहित दुकानदारों के हित की पांच मांगों का जिक्र किया गया है । व्यापार मंडल के अध्यक्ष झावे राम ठाकुर ने बताया कि इस संदर्भ में एक वर्ष पूर्व उपमंडल अधिकारी बंजार को भी प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। उन्होंने कि व्यापार मंडल की कार्यकारिणी ने फैसला लेते हुए दुकानदारों की लंबित मांगों को डीसी के दरबार तक पहुंचाया गया है। डीसी को दिए गए पांच सूत्रीय मांगों में बाढ़ प्रभावित दुकानदारों को राहत राशि जारी करने, बाजार में अधूरे तटीकरण कार्य को बरसात शुरू होने से पूर्व पूर्ण करने , बाजार में लगाई जा रही सुरक्षा दीवारों की ऊंचाई को बढ़ाने तथा दो साल पूर्व बाढ़ से क्षतिग्रस पेयजल लाइनों की मरम्मत कर बाजार में पेयजल आपूर्ति सुचारू करने के अलावा बाजार में पानी के छिड़काव के लिए टैंकर की व्यवस्था करने जैसी मांगें शामिल हैं।

# गिरने से वृद्ध की संदिग्ध मौत

**अनंत गया, आनी।** पुलिस थाना आनी के अंतर्गत एक व्यक्ति की घर के बरामदे से खेतों में गिरने से मौत का मामला दर्ज हुआ है। मृतक की पहचान 85 वर्षीय पूने राम गांव बदोढी, डाकघर खुन्न, तहसील आनी, जिला कुल्लू के रूप में हुई है। व्यक्ति के गिरने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के बेटे यशपाल ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह अपने परिवार के साथ बंजार गया हुआ था। आज प्रातः लगभग 6 बजे उसे सूचना मिली कि उसके पिता पूने राम घर के बरामदे से नीचे लगभग 25 फुट गहरी ढलान पर मंढू राम के खेतों में गिर गए, जहां पत्थर व लकड़ियों पर गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आईं। स्थानीय ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों की मदद से पूने राम को प्राथमिक उपचार के लिए सिविल अस्पताल आनी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यशपाल ने स्पष्ट किया कि उनके पिता की मृत्यु पर किसी प्रकार का शक या संदेह नहीं है। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि पुलिस ने अब तक की परिस्थितियों के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा-194 के अंतर्गत कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों से गूंजा बंजार

## हमने पाक परस्त आतंकवादियों को सबक भी सिखाया और पाकिस्तान को बेनकाब भी किया: जयराम

**अनंत ज्ञान, बंजार**



तिरंगा यात्रा में भाग लेते हुए पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व अन्य गणमान्य लोग।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अगुवाई में शुक्रवार को बंजार में भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

इस मौके पर हाथों में तिरंगा लेकर लोगों ने भारत माता की जय के नारे लगाए और भारतीय सेना जिंदाबाद का जयघोष किया। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि पूरा देश ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से गदगद है और भारतीय सेना के साथ खड़ा है। पाकिस्तान को पहलगाम की घटना के बाद भारत ने बता दिया है कि सिंदूर उजाड़ने की किम्मत क्या होती है। हमारी सेना ने उनके सैन्य ठिकाने जिस तरह से तबाह किए, उससे आतंकियों को पनाह देने वाले इस देश में खलबली मची हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कह दिया है कि अगर फिर सीमापार से एक भी गोली चली, तो उसका जवाब ब्रह्मोस से दिया जाएगा। ये वो भारत नहीं है, जो सख्त जवाबी कार्रवाई के लिए लगाता था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान प्रोपोगेंडा फैलाने में माहिर है इसलिए भारत सरकार ने भी अपने सभी दलों के सांसद दुनिया के अलग-अलग राष्ट्रों में भेजे हैं, ताकि उसके झूठ को बेनकाब किया जा सके और दुनिया को हम बताएंगे कि कैसे नौ आतंकी कैंप हमने तबाह किए और 100 से अधिक खूंखार आतंकी मार गिराए। हैरानी इस बात की है कि पाकिस्तान कभी ये नहीं बताता कि उनके यहां आतंकी मारे गए, जबकि वह आम नागरिकों को युद्ध में आगे करता है। इस मौके स्थानीय विधायक सुरेंद्र शौरी और जिला अध्यक्ष अमित सूद भी उपस्थित रहे।

### देशभक्ति से गूंजा निरमंड

**अनंत ज्ञान, आनी।** निरमंड में भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में लगभग 400 लोगों ने भाग लिया, जिनमें पूर्व सैनिकों के साथ स्कूली बच्चों की भी भागीदारी रही। यात्रा की अध्यक्षता भाजपा मंडलाध्यक्ष नरोत्तम ठाकुर ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में आनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकेंद्र कुमार उपस्थित रहे। विधायक ने कहा कि आज का भारत आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है और तिरंगा हमारी एकता, संप्रभुता और साहस का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवाद का सहारा लेकर भारत में अशांति फैलाने का जो काम किया, उसका मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाक अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया है। भारतीय सेना ने देश की आन, बान और शान को झुकने नहीं दिया, भारतीय सेना के सम्मान में यह तिरंगा यात्रा निकाली गई है। यात्रा ब्लॉक कैंची से शुरू होकर मुख्य बस अड्डा निरमंड तक निकाली गई।

# सैनिकों के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान, सैंज।** कुल्लू जिले के सैंज कस्बे में भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों व भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। हाथों में तिरंगा लेकर वीर सैनिक जिंदाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरे बाजार में रैली निकाल कर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की गाथा सुनाई। भाजपा मंडल सैंज द्वारा आयोजित इस तिरंगा यात्रा की अध्यक्षता भाजपा मंडलाध्यक्ष अमर सिंह ठाकुर ने की, जबकि जिला भाजपा के पूर्व महामंत्री जोगिंद्र शुक्ला ने मुख्य रूप से शिरकत की। यात्रा के मुख्य वक्ता जोगिंद्र ने इस साहसिक अभियान को राष्ट्र सम्मान का प्रतीक बताते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के तहत वीर सैनिकों ने सफलता के झंडे गाड़ दिए। वीर जवानों ने दिखाए पराक्रम के चलते भारत अब आतंकवाद के खिलाफ चुप नहीं बैठने वाला तथा मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहेगा।

# कलश यात्रा से श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



कलश यात्रा में भाग लेते गीता आश्रम के अनुयायी व श्रद्धालु

धार्मिक कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुक्रवार को गीता आश्रम रामशीला में आगाज हुआ।

अनुयायियों और संगत ने हनुमान मंदिर रामशीला से होकर अखाड़ा बाजार होते हुए वापस रामशीला तक मंत्रोचारण व भजन-पाठ करते हुए पारंपरिक वाद्ययंत्रों और बजंतरियों के साथ यात्रा निकाली। गीता आश्रम के अनुयायी देवेश मिश्रा ने कहा कि परमश्रद्धेय सद्गुरु गीतानंद महाराज भिक्षु की असीम अनुकंपा से, हर वर्ष की भांति 22वां वार्षिकोत्सव एवं नवनिर्मित मंदिर की देव मूर्ति स्थापना दिवस की षष्ठम वर्षगांठ मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि आज से पूर्ण यज्ञ आरंभ हुआ कहा, प्रभु और गुरुकृपा से उन्हें ये अवसर प्राप्त हुआ है। प्रतिदिन कथा उपरांत 5 बजे ब्रह्मभोज का भी आयोजन रहेगा।

वहीं, 26 मई को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसमें गायन व वादन संगत को आनंदित करेंगे। इस दिन धाम का भी आयोजन होगा। 23 से 29 मई तक सुबह देवी पूजन, दोपहर को कथा तथा सायंकाल को भंडारे का आयोजन होगा। 30 मई को हवन, संत प्रवचन एवं आशीर्वचन के पश्चात् पूर्णाहुति एवं कन्या पूजन होगा। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

अजय मौदगल दोपहर 1 से 5 बजे तक कथा उच्चारण करेंगे। उन्होंने बताया कि गीता कुटीर तपोवन हरिद्वार से स्वामी मुक्तानंद भिक्षु व स्वामी किरण भिक्षु का सानिध्य व प्रवचन और आशीर्वचन होंगे। भागवत यज्ञ के मुख्य यजमान ने

# डीसी ने करदांग गोंपा का किया दौरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति की डीसी किरण भड़ाना ने ऐतिहासिक करदांग गोंपा का दौरा किया तथा क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस दौरान, डिप्टी कमिश्नर ने भिक्षुओं, स्थानीय निवासियों और समुदाय के नेताओं से बातचीत की। डीसी ने बौद्ध धर्म की गहन शिक्षाओं की सराहना की और घाटी में शांति, सद्भाव और नैतिक मार्गदर्शन बनाए रखने में करदांग गोंपा की भूमिका की सराहना की। स्थानीय समुदाय ने डिप्टी कमिश्नर का गर्मजोशी से स्वागत किया और इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण विकास संबंधी आवश्यकताओं को उजागर किया। उन्होंने श्रद्धालुओं और पर्यटकों की बढ़ती संख्या को समायोजित करने के लिए गोंपा परिसर के भीतर एक समर्पित प्रार्थना कक्ष का निर्माण, सुरक्षा और स्थिरता में सुधार के लिए सौर प्रकाश प्रणालियों की स्थापना आदि समस्याओं का समाधान करने का निवेदन किया।

# तुर्किये कंपनी के रेल सर्वे को सुरक्षा की दृष्टि से स्थगित करे केंद्र : राजीव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता राजीव किमटा ने कहा कि केंद्र सरकार को तुर्किये कंपनी द्वारा करवाए गए रेल सर्वे को सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए तुरंत प्रभाव से रद्द करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि तुर्किये से आने वाले सेब व फंगीसाइड दवाइयों पर भी प्रतिबंध लगना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेब के अलावा तुर्किये से बड़ी मात्रा में फंगीसाइड दवाइयां, कैलिशयम व कई अन्य स्प्रे उत्पाद आते हैं, जो सेब के अलावा अन्य फसलों पर भी प्रयोग में लाई जाती हैं, इन सब पर केंद्र सरकार को प्रतिबंध लगाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बिलासपुर-मनाली-लेह रेलवे परियोजना का सर्वे तुर्किये कंपनी ने किया है, जो सुरक्षा की दृष्टि से अति संवेदनशील है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि जिस तुर्किये की कंपनी ने मनाली-लेह रेल मार्ग का सर्वे किया है, उसे तुरंत प्रभाव से स्थगित किया जाए। यह सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर मामला है। हमारा दुश्मन देश हमारी सीमावर्ती क्षेत्र में सर्वे कैसे कर सकता है। यह सर्वे भी तुर्किये की कंपनी द्वारा द्वेष पूर्ण भाव से किया गया है और यहां की बागवानी को भी नष्ट कर दिया है। इसे जानबूझ कर उपजाऊ भूमि की तरफ मोड़ा गया है। हम रेल लाइन के विरोध में नहीं हैं, बल्कि तुर्किये कंपनी के सर्वे के विरोध में हैं और केंद्र सरकार को इस पर गंभीरता दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू भी दिल्ली जाकर यह सारे मामले उठा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने भी केंद्र सरकार से मांग की है कि तुर्किये के सेब व स्प्रे वाली दवाइयों पर प्रतिबंध लगाया जाए और रेल लाइन के सर्वे को स्थगित किया जाए।

**परेशानी** नगर पंचायत खत्म होने के बाद बद से बदतर हालात, कस्बे की गंदगी ठिकाने लगाने को नहीं कोई ठोस व्यवस्था

# कूड़े के ढेर आनी की सुंदरता को लगा रहे ग्रहण

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**



उपमंडल मुख्यालय आनी में बिखरी गंदगी।

**आनी।** आनी उपमंडल मुख्यालय में सफाई व्यवस्था की हालत बदतर हो चुकी है। कस्बा आनी, बखानाओं, कुंगश, करना, नमहोग आदि पांच पंचायतों में बंटा हुआ है, लेकिन गंदगी निस्तारण की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। फलस्वरूप गंदगी के ढेर सड़कों, नालियों, गलियों, नदी-नालों के किनारे बड़े-बड़े ढेरों में पड़ी गंदगी नदी-नालों में बह रही है।

जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर आनी की सुंदरता को ग्रहण लगा रहे हैं। वहीं, गंदगी के ये ढेर बदबू फैला रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों और आने-जाने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, बरसातें आने को हैं और गंदगी के कारण लोगों को बीमारियों के फैलने की चिंता भी सताने लगी है। कस्बे वासियों का कहना है कि जब भी कोई नया प्रशासनिक अधिकारी यहां पदभार संभालता है, तो आनी को गंदगी और अव्यवस्था से प्राथमिकता के आधार पर दूर करने की बातें करता है, लेकिन जमीन पर स्थिति बदतर ही बनी रहती है। उपमंडल मुख्यालय होने के नाते आनी कस्बा न केवल प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यहां कई सरकारी दफ्तर, बैंक, सरकारी और निजी शिक्षण संस्थान, कई व्यापारिक संस्थान आदि भी स्थित हैं। रोजाना सैकड़ों लोग यहां काम करने और करवाने आते हैं। मकान मालिकों और किराएदारों को मिलाकर यह क्षेत्र अब हजारों की आबादी का ठिकाना बन चुका है। बावजूद इसके, सफाई के लिए कोई स्थायी प्रबंध नहीं है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि कुल्लू-मनाली जैसे विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को जाने वाले देशी-विदेशी पर्यटक भी इसी कस्बे से गुजरते हैं। आनी की गंदगी से उनकी पहली छवि ही खराब हो जाती है, जिससे क्षेत्र की छवि और पर्यटन पर भी विपरीत असर पड़ सकता है। स्थानीय प्रशासन और पंचायतों को मिलकर गंदगी के खिलाफ युद्धस्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है।

ठोस कचरा प्रबंधन, नालों की सफाई और जनजागरूकता के लिए सख्त कदम उठाने होंगे, नहीं तो आनी का यह हाल न केवल पर्यावरण के लिए खतरा बनेगा, बल्कि पर्यटन और जनस्वास्थ्य पर भी भारी पड़ेगा। आपको बता दें कि नगर पंचायत की अधिसूचना निरस्त होने से पहले करीब अढ़ाई वर्षों तक धीरे-धीरे आनी की सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाया जाने लगा था, लेकिन स्थायी व्यवस्था नहीं बन पाई, जैसे ही आनी नगर पंचायत की अधिसूचना न्यायालय के आदेशों के बाद निरस्त हुई और आनी वापस पांच पंचायतों में सम्माहित किया गया, तभी से हालात बद से बदतर होने लगे हैं।

### बरसात से पहले कस्बे को किया जाएगा साफ-सुथरा

**इस** बारे में विकास खंड अधिकारी आनी राजेंद्र सिंह का कहना है कि आनी में सफाई व्यवस्था बनाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों के साथ-साथ कस्बे के स्थायी निवासियों, समाजसेवी संस्थाओं, व्यापारी वर्ग आदि के साथ जल्द एक बैठक की जाएगी और बरसातों से पहले कस्बे को साफ-सुथरा करने और सफाई की स्थायी व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विचार-विमर्श करने के बाद योजना बनाकर लागू किया जाएगा।

# कन्या विद्यालय को को-एजुकेशन करने पर भड़के अभिभावक

# जरूरत पड़ी तो सड़कों पर उतरेंगे : चमन

**अनंत ज्ञान, आनी**



आनी स्कूल में शैक्षणिक सत्र के शिक्षा संवाद के दौरान महिलाएं भाग लेती हुईं।

राजकीय कन्या जमा दो विद्यालय आनी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का पहला शिक्षा संवाद शुक्रवार को आयोजित किया।

इसकी अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष चमन शर्मा ने की। इस संवाद में कुल 106 अभिभावकों ने भाग लिया। विद्यालय के उपप्रधानाचार्य रणधीर सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए संवाद की शुरुआत की। एसएमसी अध्यक्ष ने अभिभावकों से पाठशाला में अनुशासन बनाए रखने और विद्यार्थियों को नशे से दूर रखने के लिए सहयोग की अपील की। उन्होंने एसएमसी द्वारा छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी साझा की। चमन शर्मा ने सरकार द्वारा कन्या विद्यालय को को-एजुकेशन (सहशिक्षा) में बदलने के निर्णय का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि यह फैसला विद्यालय और छात्राओं के हित में नहीं है। वर्तमान में कन्या विद्यालय में लगभग 380 छात्राएं और पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आनी में 650 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। दोनों विद्यालयों में लगातार नए दाखिले हो रहे हैं, जिससे यह संख्या हजार पार कर सकती है। ऐसे में न तो पर्याप्त कक्षाएं हैं और न ही आवश्यक संसाधन, जिससे शिक्षा का स्तर प्रभावित होगा। अभिभावकों ने एकजुट होकर इस फैसले का विरोध किया और चेतावनी दी कि यदि यह निर्णय वापस नहीं लिया, तो वे सड़कों पर उतरने से भी पीछे नहीं हटेंगे। अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि इस संबंध में जल्द ही मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. जवाहर ठाकुर ने शिक्षा संवाद में हुई चर्चाओं का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया और स्कूल के विकास में अभिभावकों के सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं के शत-प्रतिशत परिणाम और एनएसएस समेत विभिन्न गतिविधियों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर एसएमसी के सभी सदस्य, अभिभावकगण और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# इनर व्हील क्लब की कार्यप्रणाली के बारे में डीसी को दी जानकारी


डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा से भेंट करती इनर व्हील क्लब की पदाधिकारी।

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** इनर व्हील क्लब क्लासिक नाहन की अध्यक्ष आशा भारद्वाज के नेतृत्व में क्लब की उपाध्यक्ष रचना ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष प्रगति सबलोक और सदस्या अलका जुनेजा ने डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा से शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर क्लब की सदस्यों ने डीसी सिरमौर का उनके नए पद पर आसीन होने पर हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया। अध्यक्ष ने डीसी प्रियंका वर्मा को इनर व्हील क्लब क्लासिक नाहन द्वारा जिले में किए जा रहे विभिन्न सामाजिक कार्यों और क्लब की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में क्लब द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। भारद्वाज ने डीसी को आश्वस्त किया कि उनका क्लब जिला सिरमौर के विकास और सामाजिक उत्थान के लिए प्रशासन के साथ हर संभव सहयोग करने के लिए तत्पर है। डीसी ने इनर व्हील क्लब क्लासिक नाहन की सदस्यों के इस स्नेहपूर्ण भेंट और शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की और जिले के विकास में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया। डीसी ने क्लब को प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया और भविष्य में भी मिलकर काम करने की इच्छा जताई। यह सौहार्दपूर्ण भेंट महिला शक्ति और सामाजिक सेवा के प्रति समर्पण का एक सुंदर उदाहरण रही। इसमें जिला प्रशासन और नागरिक समाज के बीच मजबूत साझेदारी को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

# क्रस्ना लैब का बिजली कनेक्शन कटा

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान

**सोलन।** प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में लैब टेस्ट की सुविधा प्रदान कर रही क्रस्ना डायग्नोस्टिक के वित्तीय संकट का खामियजा रोगियों को भुगतना पड़ रहा है। सरकार से लंबित राशि न मिलने से लैब प्रबंधन, अब बिजली के बिल का भुगतान भी नहीं कर पा रहा है। ऐसा ही प्रकरण सोलन अस्पताल में सामने आया, जब करीब एक लाख का बिल जमा न होने से बिजली बोर्ड ने बिजली का कनेक्शन काट दिया।

इससे अस्पताल में रोगियों के लैब टेस्ट नहीं हो रहे हैं। हालांकि, रोगियों की जरूरत को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने सरकारी लैब की टाइमिंग बढ़ा दी है। साथ इमरजेंसी में 24 घंटे टेस्ट करने के निर्देश दिए हैं। बताया का रहा है कि क्रस्ना डायग्नोस्टिक लैब बिजली बोर्ड के करीब एक लाख रुपए का बिजली बिल का भुगतान नहीं कर रहा है। पहले तो कई बार बिजली बोर्ड कर्मियों ने लैब को नोटिस जारी किए, लेकिन कंपनी ने किसी की न सुनी। इसके बाद अचानक से बिजली बोर्ड के कर्मियों ने मौके पर आकर कंपनी की लाइन ही काट दी। लिहाजा, पिछले कुछ दिनों से कंपनी के ऑफिस सहित लैब में अंधेरा पसर गया। हालांकि, बताया जा रहा है कि जल्द ही कंपनी के कर्मी बिजली बिल का भुगतान कर देंगे और एक बार फिर से लैब में टेस्ट होने शुरू हो जाएंगे, लेकिन बिल न जमा करने के चलते क्रस्ना डायग्नोस्टिक लैब की कार्य प्रणाली पर भी सवाल खड़े हुए हैं।


सोलन अस्पताल में उपचार को पहुंचे लोग।

> लैब मैनेजमेंट ने जल्द ही बिजली बिल का भुगतान करने की बात मानी है। इसके बाद रोगियों को लैब में सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। लोगों को परेशानी न हो इसके लिए सरकारी लैब में टेस्ट करवाने के समय को बढ़ाया गया है। इमरजेंसी टेस्ट हर समय अस्पताल में हो सकते हैं।
>
> **डॉ. राकेश पंवर, एमएस, सोलन हॉस्पिटल।**

## 24 घंटे इमरजेंसी टेस्ट लेने के आदेश

**मरीजों** को सुविधा देने के लिए सोलन हॉस्पिटल मैनेजमेंट ने एक बड़ा कदम लिया है। हॉस्पिटल मैनेजमेंट ने सरकारी लैब को टेस्ट करवाने की समय सीमा बढ़ाने के आदेश जारी किए हैं, ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। दरअसल हॉस्पिटल में कार्यरत क्रस्ना डायग्नोस्टिक लैब पिछले तीन दिनों से बंद पड़ी हुई है। लिहाजा मरीजों को टेस्ट करवाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर 12 बजे तक तो सरकारी लैब में ही टेस्ट हो जाते हैं, लेकिन उसके बाद मरीजों को टेस्ट करवाने के लिए निजी क्लीनिकों का सहारा लेना पड़ रहा है। इस समस्या को देखते हुए हॉस्पिटल मैनेजमेंट ने फैसला लिया है कि वह अब शाम तक सभी मरीजों के टेस्ट को करेगा। इसके अलावा इमरजेंसी टेस्ट 24 घंटे लिए जा सकते हैं। इस फैसले के बाद मरीजों को राहत मिलने वाली है। सोलन हॉस्पिटल में कार्यरत क्रस्ना डायग्नोस्टिक लैब पिछले तीन दिनों से बंद पड़ी है। इस लैब में 24 घंटे टेस्ट हुआ करते थे, लेकिन यहां लगे ताले मरीजों को परेशान कर रहे हैं। बता दें कि सोलन हॉस्पिटल में उपचार के लिए जिला सोलन ही नहीं, बल्कि शिमला और सिरमौर के मरीज भी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। ऐसे में यहां क्रस्ना डायग्नोस्टिक लैब में टेस्ट न होने के चलते मरीज इधर-उधर भटक रहे हैं।

## प्रदेश स्वास्थ्य मंत्री का अपना गृह क्षेत्र

**हैरानी** की बात यह है कि प्रदेश स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर कर्नल धनीराम शांडिल सोलन विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। ऐसे में उनके अपने विधानसभा क्षेत्र में स्थित सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में कार्यरत क्रस्ना डायग्नोस्टिक कंपनी ने बिल का भुगतान नहीं किया है, जो कि समझ से परे है। शहर के ही बुद्धिजीवी तबके का कहना है कि मंत्री को इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए और कंपनी को निर्देश देने चाहिए कि वह बिल का भुगतान जल्द करें, ताकि लोगों को सुविधा मिल सके।

# सोलन में रेहड़ी-फड़ी धारकों को मिला स्थायी ठिकाना

अनंत ज्ञान, सोलन

नगर निगम सोलन ने आखिरकार शहर में रेहड़ी-फड़ी धारकों को स्थायी ठिकाने दे दिए। निगम ने कुल 108 रेहड़ी-फड़ी धारकों को वेंडिंग जोन आवंटित किए हैं। अब यह छोटे कारोबारी निर्धारित स्थानों पर अपनी रेहड़ी-फड़ी लगाकर कारोबार कर सकते हैं।

इससे अब रेहड़ी-फड़ी धारक अतिक्रमण व चालान की कार्रवाई से भी बच गए हैं। यह बेरोजगारी की दिशा में एक बड़ा कदम है। नगर निगम के हॉल में पर्ची के माध्यम से ड्रा निकाले गए। संयुक्त आयुक्त बिमला देवी की निगरानी में यह ड्रा निकाले गए। शहर के 10 स्थानों पर वेंडर जोन चयनित किए गए हैं। नगर निगम ने सभी लाभार्थियों से 3 प्राथमिकताएं ली हुई थीं। उनकी पहली प्राथमिकता के अनुसार ही वेंडर जोन आवंटित करने का प्रयास किया गया। ड्रा के माध्यम से पर्यटन कार्यालय के समीप बाइपास कथेड़ में बनाए गए वेंडिंग जोन में 14 रेहड़ी-फड़ी धारकों को स्थान आवंटित किया गया। बिजली सब स्टेशन कथेड़ के पास घाटी के 7 लाभार्थियों को स्थान आवंटित किया गया है। गुरुकुल स्कूल के सामने बाइपास में रेन शैल्टर 3 के पास रेहड़ी-फड़ी लगाने का नाथ मंदिर के समीप समीप मोहन पार्क में 11 लाभार्थियों को स्थान आवंटित किया गया। चंबाघाट से पुराना बस निशान वर्कशॉप के पास सुबाथू रोड 30, कोटलानाला 6, पार्किंग समीप 7 और पुराना बस स्टैंड से चंबाघाट में 18 रेहड़ी-फड़ी के लिए स्थान आवंटित किए गए। वेंडिंग जोन का लाभ 163 रेहड़ी-फड़ी धारकों को मिलेगा। नगर निगम आयुक्त एकता कापटा ने बताया कि रेहड़ी-फड़ी लगाकर अपने परिवार का गुजर-बसर करने वाले सभी वेंडर को अब अपना एक स्थायी स्थान मिल गया है। निगम ने इन सभी लाभार्थियों को वेडिंग जोन में रेहड़ी-फड़ी लगाने के लिए स्थान आवंटित किया है। इससे अब सभी को स्थायी रोजगार दिया गया है, अब वे आराम से अपना कारोबार कर सकते हैं। 163 रेहड़ी-फड़ी धारकों को वेडिंग जोन में स्थान मिलेगा। पहले चरण में 108 को वेडिंग जोन में स्थान आवंटित हुए है। अब वेंडर मार्केट के लेंटर पर 55 रेहड़ी-फड़ी के लिए वेडिंग जोन बनाया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### 11.6 ग्राम चिट्टे सहित तीन युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन/राजगढ़।** सिरमौर जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। एसआईयू नाहन की टीम ने सोलन-राजगढ़ सड़क पर रतौली नाला के पास एक संदिग्ध ऑल्टो कार को जांच के लिए रोका और तीन युवकों को 11.6 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा रोकी गई कार की तलाशी के दौरान चालक की तरफ के सनशेड फ्लैप में एक काले रुमाल में लिपटा हुआ नशीला सामान बरामद हुआ। इसमें चार इंसुलिन सिरिंज, एक जला हुआ 10 रुपए का नोट और हल्के भूरे रंग का डलीनुमा पदार्थ मिला। मौके पर एनडीपीएस किट से जांच में यह चिट्टा पाया गया। पकड़े गए आरोपियों में 25 वर्षीय सचिन ठाकुर (गांव डिब्बर), 22 वर्षीय राहुल राणा (गांव सलेच) और 23 वर्षीय अंशुल राणा (गांव सरोट) शामिल हैं। तीनों आरोपी तहसील राजगढ़ से संबंधित हैं। पुलिस ने इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस पूरे मामले की जांच एसआईयू नाहन के मुख्य आरक्षी राकेश कुमार द्वारा की जा रही है। पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई नशे के कारोबार पर कड़ा प्रहार है और आगे जांच के जरिए इस नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है।

### शूटिंग प्रतियोगिता में युवा दिखा रहे जौहर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन में जिला राइफल एसोसिएशन द्वारा तीन दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता शुक्रवार से आरंभ हो गई। यह प्रतियोगिता चार कैटेगरी में करवाई जा रही है। युवा इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेकर शूटिंग में अपना जौहर दिखा रहे हैं। जिला राइफल एसोसिएशन द्वारा इस प्रतियोगिता को करवाया जा रहा है। प्रतियोगिता के संयोजक विनय गौतम ने बताया कि तीन दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता शुक्रवार से आरंभ हो गई। इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता को करवाने का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को इस खेल के प्रति रुचि पैदा करना है, ताकि वह राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपना जौहर दिखा सकें।

### जैव विविधता के मूल उद्देश्यों के बारे में बताया



**अनंत ज्ञान, नाहन।** डीएवी स्कूल नाहन के छात्रों ने विश्व जैव विविधता दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक मजबूत संदेश दिया। विद्यालय के पाइन ग्रो ईको क्लब के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा पांच से नौ तक के 30 विद्यार्थियों ने नाहन के विला राउंड में प्रकृति की सुंदरता का अनुभव किया और एक प्रभावी स्वच्छता अभियान चलाया। हर वर्ष 22 मई को मनाया जाने वाला यह विशेष दिन जैव विविधता के महत्व के साथ-साथ इसके संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम के आरंभ में ईको क्लब के प्रभारी नरदेव सिंह ने छात्रों को विश्व जैव विविधता दिवस के मूल उद्देश्यों और इसकी महत्ता से अवगत कराया। इस दौरान भव्या, शानवी, अनय सेठी और अनमोल आदि छात्रों ने भी अपने विचारों को साझा करते हुए जैव विविधता के संरक्षण की तात्कालिक आवश्यकता पर अपने विचार रखे।

### प्रशासन ने अवैध कब्जे पर चलाई जेसीबी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मानपुरा थाने के तहत कृष्णपुरा में एक शामलात भूमि पर प्रशासन ने अवैध कब्जे पर जेसीबी चला दी। बताया जा रहा है कि उक्त व्यक्ति बार-बार चिट्टा तस्करी में संलिप्त पाया जा रहा था। इसके बाद राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जे को गिरा दिया है। मौके पर पहुंचे मानपुर थाने के एसएचओ श्याम लाल ने बताया कि उक्त व्यक्ति बार-बार चिट्टे की सप्लाई करने में पाया जा रहा था, जिसके बाद इसका अवैध कब्जे को हटाने के लिए न्यायालय को लिखा गया था। वहीं, कोर्ट के आदेशों के बाद यह कार्रवाई की गई है।

# दोषियों पर कार्रवाई कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे सरकार

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान पांवटा साहिब।** बिजली कर्मी एवं समस्त बिजली कर्मचारी संघ ने सिरमौर के उपमंडल पुरुवाला में बिजली बोर्ड के कनिष्ठ अभियंता और फील्ड स्टाफ के कर्मचारी के साथ उपभोक्ताओं के द्वारा बिल जमा न करने पर मारपीट की निंदा की है। साथ ही सरकार से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस घटना का बिजली विभाग के कर्मचारियों, अधिकारियों और यूनियन के समस्त पदाधिकारियों ने कड़ा विरोध किया और भविष्य में पुलिस प्रशासन से कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की गुहार लगाई, ताकि भविष्य में इस प्रकार की अप्रिय घटनाएं न हों। तकनीकी कर्मियों ने विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि भविष्य में किसी भी उपभोक्ताओं के कनेक्शन को डिस्कनेक्ट करने के लिए उनको पुलिस की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

# ट्रांस-हिमालय की जैव विविधता पर 28 मई को सोलन में हैकथॉन

अनंत ज्ञान, सोलन

भारतीय प्राणि सर्वेक्षण के 110 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जैव विविधता संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन के अंतर्गत भारतीय प्राणि सर्वेक्षण, उच्च उच्छाय क्षेत्रीय केंद्र, सोलन मे ट्रांस-हिमालय की जैव विविधता पर 28 मई को हैकथॉन का आयोजन हो रहा है।

इसमें ट्रांस-हिमालय क्षेत्र जैसे लेह-लद्दाख, स्पीति वैली, श्रीनगर, कारगिल आदि से लगभग 48 प्रतिभागी और 140 से अधिक रिसर्च स्कालर और फैकल्टी मेंबर विभिन्न-विभिन्न यूनिवर्सिटी जैसे हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला, डॉ. वाईएस परमार यूनिवर्सिटी नौणी, इटरनल यूनिवर्सिटी बरु साहिब, शूलिनी विश्वविद्यालय सोलन आदि भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पृथ्वी की जैव विविधता के सामने आने वाली तत्काल चुनौतियों के लिए अभिनव, प्रौद्योगिकी-संचालित समाधान विकसित करना है। इसमें सभी पृष्ठभूमियों जैसे जीवविज्ञानी, डिजाइनर, डेवलपर्स, पर्यावरणविद और बहुत कुछ-हमारे साथ ऐसे ऐप, एल्गोरिदम, मॉडल, प्रोटोटाइप और यहां तक कि नीति प्रस्ताव बनाने में योग्य प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया है, यह हमारी प्राकृतिक दुनिया की रक्षा के लिए लड़ाई में अपनी रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच और समस्या-समाधान कौशल दिखाने का अवसर है। प्रभारी अधिकारी डॉ. अवतार कौर सिद्धू ने बताया कि भारतीय प्राणि सर्वेक्षण के हैकथॉन प्रथम लेवल के कार्यक्रम का पूरे देश भर के 16 क्षेत्रीय केंद्रों में पर आयोजन हो रहा है। द्वितीय स्तर के लिए प्रथम लेवल के विजेताओं की प्रतियोगिता होगी और अंतिम व तृतीय स्तर का आयोजन 30 जून को कोलकाता में होगा।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाएं लगाएंगी पौधे

## एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ, महिला समूहों को मिलेगा आर्थिक संबल

अनंत ज्ञान, नाहन

वूमेन फॉर ट्रीज स्लोगन के साथ भारत सरकार के आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय तथा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष पर्यावरणीय अभियान की शुरुआत की जा रही है।

इस अभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण है, बल्कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की आर्थिक स्थिति को भी सुदृढ़ बनाना है। अमृत मित्र इनिशिएटिव के तहत शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सक्रिय भागीदारी करेंगी। ये महिलाएं न केवल पौधरोपण करेंगी, बल्कि अगले तीन वर्षों तक इन पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी भी निभाएंगी। इसके बदले उन्हें आर्थिक सहायता भी प्रदान की


अमृत मित्र इनिशिएटिव के तहत शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान में मौजूद महिलाएं।

जाएगी, जिससे उनकी आजीविका को बढ़ावा मिलेगा। नगर परिषद नाहन ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए तैयारी शुरू कर दी है।

नगर क्षेत्र में तीन स्थानों का चयन पौधरोपण के लिए किया गया है, जहां स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पौधे लगाएंगी। इन महिलाओं को कीटनाशक एवं अन्य आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है और उन्हें अभियान के बारे में जागरूक किया गया है। कार्यक्रम प्रभारी अखिलेश कुमार ने जानकारी दी कि यह अभियान जिले के शहरी क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। महिलाओं को इससे जोड़ने के पीछे का उद्देश्य यह है कि महिलाएं प्रकृति के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

# क्रैक अकादमी की आयोजित परीक्षा में प्रश्न पत्रों से परीक्षा संचालन तक रहा कुप्रबंधन: सुरेंद्र

अनंत ज्ञान, नाहन

हाल ही में जिला सिरमौर के सरकारी व गैर-सरकारी स्कूलों में आयोजित मेरे शहर के 100 रत्न छात्रवृत्ति परीक्षा कटघरे में आ गई है। परीक्षा के संचालन में ड्यूटी पर लगे शिक्षकों के अनुसार परीक्षा आयोजित करने वाली क्रैक अकादमी ने सभी छात्रों यानी 6 से लेकर 12वीं क्लास तक एक ही प्रश्न पत्र जारी किया।

इस परीक्षा में हजारों छात्रों ने भाग लिया। क्रैक आकदमी के इस प्रश्न पत्र पर जिला प्रवक्ता संघ ने भी कई सवाल प्रश्न पत्र के स्टैंडर्ड, अकादमी की कार्यप्रणाली को लेकर खड़े किए हैं। इनका जवाब सरकार को अकादमी के संचालकों से लेना चाहिए। प्रवक्ता संघ के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र पुंडीर ने इस मामले में कहा कि क्रैक अकादमी द्वारा आयोजित परीक्षा के प्रश्न पत्रों से लेकर परीक्षा संचालन तक कुप्रबंधन रहा। यह संभवत: पहली परीक्षा होगी। इसमें छठी कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए एक ही प्रश्न पत्र डाला गया है। परिणाम स्वरूप जहां छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों पर विपरीत मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ा। वहीं बड़े विद्यार्थियों ने भी इस परीक्षा को अत्यंत सरला समझ कर लापरवाही से लिया, लेकिन प्रश्नपत्रों का स्टैंडर्ड इतना था, जैसे मानो कोई सेवा परीक्षा दे रहे हों। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा से पूर्व प्रश्न पत्रों से संबंधित न तो कोई कार्यशाला आयोजित की गई न ही कोई विशेष निर्देश दिए गए, यहां तक की कोई सैंपल पेपर तक नहीं दिया गया। अधिकतर विद्यार्थी केवल ओएमआर शीट में अपना रोल नंबर तक भी ठीक से नहीं भर पाए। इसके अतिरिक्त परीक्षा संचालन के लिए शत प्रतिशत केवल स्थानीय विद्यालय का स्टाफ नियुक्त किया गया, वह भी निशुल्क। सुरेंद्र पुंडीर ने कहा कि कुल मिलाकर लाखों विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों का आधा दिन इस परीक्षा संचालन में बर्बाद हुआ।

# जिला परिषद के निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम अधिसूचना जारी

अनंत ज्ञान, सोलन

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने जिला परिषद सोलन के निर्वाचन क्षेत्रों के वार्ड संख्या 1 से 17 के लिए वर्ष 2025 में होने वाले सामान्य निर्वाचन के लिए अधिसूचना अंतिम रूप से जारी कर दी है। यह अधिसूचना हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 9 तथा अन्य आवश्यक नियमों का पालन करते हुए जारी की गई है।

अधिसूचना के अनुसार जिला परिषद संख्या 1 दाड़ला में कुनिहार विकास खंड की ग्राम सभा बेरल, चाखड़, दाड़ला, रौडी, बरायली, दसेरन, क्यारड़, ग्याणा, कश्लोग, कोटलु, मांगल, बागा, मांगू, नवगांव, पारनु, संघोई, संयाड़ी मोड़ और सेवड़ा चंडी को सम्मिलित किया गया है। जिला परिषद संख्या 2 धुंधन में कुनिहार विकास खंड की ग्राम सभा हनुमान बड़ोग, बखालग, बलेरा, साईं, बड़ोग, बंसतपुर, धुंधन, कुंहर, जघून, मटेरनी, पट्टा, घनागुघाट, सारमा, सरयांज, शहरोल, सूरजपुर, दावंटी और दानोघाट को सम्मिलित किया गया है। जिला परिषद संख्या-3 भूमती में कुनिहार विकास खंड की ग्राम सभा सरली, भूमती, सानण, चम्यावल, समोग, डुमैहर, बनोह, मान, पलानियां, चइयां धार, रोहांज जलाना, देवरा, कोटली, पलोग, खनलग, दधोगी, बातल, कुनिहार और कोठी को सम्मिलित किया गया है। जिला परिषद संख्या 4 वाकना में कंडाघाट की ग्राम सभा कनैर, जधाणा, ममलीग, सतड़ोल, सायरी, काहला, कोट, वाकना, पौधना, छावशा, देलगी और क्वारग को सम्मिलित किया गया है। 5 दंघील में कंडाघाट की ग्राम सभा सिरीनगर, मही, बीशा, सैंज, तुंदल, बांजणी, सकोड़ी, चायल, नगाली, झाजा, हिन्नर, रहेड़, दंघील और बाशा को सम्मिलित किया गया है। 6 सलोगड़ा में सोलन की ग्राम सभा बसाल, धरोट, जौणाजी, कोठों, मशीवर, ओच्छघाट, पड़ग, सलोगड़ा, सन्होल, सेरबनेड़ा, सेरी, शामती, नौणी मंझगांव, शमरोड़, डांगरी, आंजी और सपरुन को सम्मिलित किया गया है। 7 चेवा में सोलन की ग्राम सभा अन्हेच, बड़ोग, सुल्तानपुर, भोजनगर, बोहली, चामत भड़ेच, चेवा, देवठी, रणों, काबाकलां, नेरीकलां, शडियाणा, तोप की बेड़, कोरों, हरिपुर, भारती, जाबल जमरोट, जाड़ली, कक्कड़हट्टी और पट्टा बरावरी को सम्मिलित किया गया है।

जिला परिषद संख्या 8 धर्मपुर की ग्राम सभा आंजी मातला, बनासर, मेहलों, चम्मों, धर्मपुर, गुल्हाड़ी, हुड़ंग, जाबली, कोटी नांब, प्राथा, रौड़ी, कोटला और नारायणी को सम्मिलित किया गया है। 9 टकसाल में विकास खंड धर्मपुर की ग्राम सभा चामियां, गनोल, गड़खल सनावर, कसौली गड़खल, सनवारा, कोट, कोटबेजा, नाहरी, निचली गांगुडी, जंगेशु और टकसाल को सम्मिलित किया गया है। 10 दाड़वा में विकास खंड पट्टा की ग्राम सभा कृष्णगढ़, बढ़लग, बाडियां, भावगुड़ी, बुघार कनैता, चंडी, दाड़वां, ढकरियाणा, घड़सी, गोयला, जाड़ला, मंढेसर और जगजीतनगर को सम्मिलित किया गया है। 11 मंधाला में विकास खंड पट्टा की ग्राम सभा बरोटीवाला, सूरजपुर, हरिपुर संढोली, गुल्लरवाला, भटोली कलां, नालका, कालूझिंडा, मंधाला, पट्टानाली, कैंडोल, साई और सौडी को सम्मिलित किया गया है।12 खेड़ा में नालागढ़ की ग्राम सभा ढेला, थाना, लेही, किशनपुरा, नंदपुर, मलपुर, मानपुरा, सुनेहड़, लोधीमाजरा और खेड़ा को सम्मिलित किया गया है। जिला परिषद संख्या 13 रड़ियाली में विकास खंड नालागढ़ की ग्राम सभा किरपालपुर, भाटियां, ढांगनिहली, मंझोली, गागुवाल, प्लासीकलां, रड़ियाली और राजपुरा को सम्मिलित किया गया है। जिला परिषद संख्या 14 दभोटा में विकास खंड नालागढ़ की ग्राम सभा बरूणा, भोगपुर, माजरा, रेडु उपरला, गोलजमाला, कश्मीरपुर, रिया, दभोटा, नवागांव और पंजैहरा को सम्मिलित किया गया है। 15 बारियां में विकास खंड नालागढ़ की ग्राम सभा बारियां, बधोखरी, बेहड़ी, बायला, चमदार, छियाछी, दिग्गल, मनलोगकलां, चिल्लड, मटूली, बवासनी और रामशहर को सम्मिलित किया गया है।

**आकर्षण** गिरि नदी की अविरल जलधारा और शनि मंदिर आकर्षण का केंद्र

# पर्यटकों की पसंद बना यशवंतनगर

बीआर चौहान, अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** राजगढ़-सोलन सड़क पर गिरि नदी के किनारे एक सुंदर कस्बा यशवंतनगर बसा है, जो कि पर्यटकों के लिए एक नया गंतव्य बड़ी तेजी के साथ उभर रहा है। यशवंतनगर अतीत से ही मछली आहार के लिए प्रदेश में प्रसिद्ध है। दूर-दूर से लोग यहां स्पेशल मछली खाने का स्वाद लेने आते हैं। बता दें कि अतीत से यशवंत नगर गिरिपुल के नाम से विख्यात है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार के नाम पर इस स्थल का नामकरण यशवंतनगर किया गया था।

इस स्थल के साथ बहती गिरि नदी की अविरल जलधारा और शनि मंदिर पर्यटकों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। विशेषकर गर्मियों में चिलचिलाती धूप से निजात पाने के लिए असंख्य लोग परिवार सहित गिरि नदी के पानी में अठखेलियां करते हुए नजर आते हैं। सोलन के बड़ोग व चायल आने वाले पर्यटक यशवंतनगर आना नहीं भूलते हैं।



दूसरी ओर गिरि नदी के किनारे स्वामी संगम गिरि द्वारा स्थापित शनि मंदिर भी श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है। यूं तो हर शनिवार को शनि मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है, लेकिन महीने के जेठे शनिवार को बहुत भीड़ रहती है। संक्रांति, अमावस्या, पूर्णमासी आदि विशेष पर्व पर गिरि गंगा में असंख्य लोग स्नान करते हैं। गिरि नदी के किनारे पुराने पुल की ऊपरी सतह पर लोगों के बैठने की सुविधा के लिए पार्क भी बनाया गया है, जहां लोग गिरि नदी में तैराकी करने के उपरांत आराम करते हैं। पार्क के दोनों ओर ओर खान-पान के लिए दो छोटे इटिंग प्वाइंट भी हैं। यशवंतनगर से करीब तीन किलोमीटर आगे राजगढ़ रोड पर सनौरा में शिव मंदिर स्थित है, जहां पर श्रद्धालु 11 शिवलिगों के दर्शन करते हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर के बारे में दी जानकारी

**आशीष, अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सेना के शौर्य के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सेना मेडल से सम्मानित पूर्व सैनिक कैप्टन रमेश कुमार ठाकुर ने भाग लिया और विद्यार्थियों को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य का वर्णन किया और कहा कि देश के लोगों ने एकजुट होकर सेना का मनोबल बढ़ाय। इससे ऑपरेशन को सफल बनाया जा सका। विद्यालय के प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने कहा कि सीमाओं पर तैनात सैनिकों के कारण ही हम सुरक्षित हैं। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों ने विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए जयघोष के नारे लगाए और हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया। इस अवसर पर कैप्टन जगदेव राठौर, रोशन लाल, लाल सिंह, कैप्टन जगजीत सिंह, नरेश कुमार, एसएमसी अध्यक्ष सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# मिल्ला स्कूल के अमन ने चमकाया नाम

**हेमराज, अनंत ज्ञान, शिलाई।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की तरफ से जारी संशोधित बारहवीं के परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मिल्ला जिला सिरमौर के छात्र अमन राणा ने 500 में से 471 अंक लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा कर गिरिपार क्षेत्र का नाम रोशन किया। वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मिल्ला के छात्रों ने सीमित संसाधनों और शिक्षकों के कमी के बावजूद चार सौ से अधिक अंक लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसमें अमन राणा ने 471, कुमारी प्रीति ने 458, तमन्ना ने 457, अनु ने 435, शगुन ने 431, समीक्षा देवी ने 417 अंक हासिल किए।

## कार्यालय ग्राम पंचायत रोपड़ी कलेहड़ू
विकास खंड चौंतडा, जिला मंडी (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रोपड़ी कलेहड़ू विकास खण्ड चौंतडा, जिला-मण्डी, हि.प्र. के अंतर्गत फर्नीचर खरीदने हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 28/05/2025 को अपराह्न 03:00 (PM) बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत रोपड़ी कलेहड़ू में व्यक्तिगत रूप या डाक के माध्यम से पहुँच जानी चाहिए। निविदाएँ दिनांक 30/05/2025 को पंचायत के समक्ष निविदादाताओं / उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी । **सामग्री विवरण:**-1. ऑफिस टेबल (स्टील, लकड़ी) 2. ऑफिस अलमारी (स्टील) 3. लाकर अलमारी स्टील) 4. रिवोल्विंग कुर्सी 5. कुर्सी (प्लास्टिक, स्टील) 6. सोफा सेट 7.सेण्टर टेबल 8. दरी 9. रैक (स्टील) 10.गददा

**नियम व शर्तें:**- 1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, GST NO तथा गाडी का होना आवश्यक है। 2. निविदादाता को निविदा अपने लैटर पैड पर ग्राम पंचायत रोपड़ी कलेहड़ू के नाम पर भेजनी होगी 3. निर्माण सामग्री कार्य स्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 4. निविदादाता का रेट कॉन्ट्रैक्ट भी होना चाहिए । 5. निविदादाता यदि सप्लाई आर्डर जारी होने उपरान्त निर्धारित अवधि में सामग्री आपुर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गई सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा । 6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, सामान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएँ किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत/विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 7. सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य/निर्णय बिभाग की JUSTIFICATION व पारित निविदादाता के साथ NEGOTIATION अनुसार/उपरान्त किया जायेगा। **नोट:**- उपरोक्त लिखित शर्तो को जो सपलायर पूरा नहीं करता है उस की निविदा रद्द कर दी जाएगी।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत रोपड़ी कलेहड़ू
विकास खंड चौन्तडा जिला मंडी हि.प्र.

# नाहन में जल्द शुरू होगा 53 करोड़ का अंडरग्राउंड बिजली परियोजना कार्य

अनंत ज्ञान, नाहन

**सिरमौर जिला** मुख्यालय नाहन को अब लटकती बिजली की तारों से मुक्ति मिलने जा रही है। साथ ही लोगों को कम वोल्टेज जैसी समस्याओं से भी निजात मिलेगी और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

यह कार्य केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 24×7 पावर फॉर ऑल के अंतर्गत किया जा रहा है। इसके तहत नाहन शहर को एक विशेष प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है। करीब 53 करोड़ की लागत से इस परियोजना में नाहन शहर के लगभग 4.2 किलोमीटर क्षेत्र में बिजली की तारों को अंडरग्राउंड किया जाएगा। इस परियोजना के लिए बिजली विभाग द्वारा सर्वे कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है और विभाग की टीमें विभिन्न क्षेत्रों में सर्वेक्षण कर चुकी हैं। बिजली विभाग नाहन के एक्सइएन मुकेश कुमार ने जानकारी दी कि अंडरग्राउंड केबलिंग कार्य जल्द शुरू किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस परियोजना से न केवल कम वोल्टेज की समस्या का समाधान होगा, बल्कि बिजली आपूर्ति भी अधिक विश्वसनीय और उच्च गुणवत्ता वाली होगी। साथ ही, बिजली चोरी की घटनाओं में भी कमी आएगी। उन्होंने बताया कि यह परियोजना बड़े शहरों की तर्ज पर नाहन में शहर के सौंदर्यीकरण में भी मददगार होगी क्योंकि अंडरग्राउंड केबलिंग से खुले तारों से छुटकारा मिलेगा और शहर की दृश्यता भी सुधरेगी।

# किसानों को मिलेगा एसटीपी का पानी, बढ़ेगी क्षमता : राव

## 30 गांवों को सिंचाई के लिए उपलब्ध कराया जाएगा एसटीपी का शोधित पानी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि गुरुग्राम जिले में फर्रुखनगर व पटौदी क्षेत्र के किसान सरकार के जल संरक्षण के प्रयासों में सहभागी बनकर अपनी महती भूमिका निभाएं। इसके लिए क्षेत्र के करीब 30 गांवों को एसटीपी का शोधित पानी किसानी व बागवानी के लिए उपलब्ध कराने की योजना पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस सार्थक प्रयास में सभी लोग सहभागी बने, इस संदर्भ में अगले सप्ताह वे स्वयं क्षेत्र के किसानों के साथ संवाद करेंगे।

पर्यावरण मंत्री शुक्रवार को गुरुग्राम से झज्जर के बीच एसटीपी चैनल का निरीक्षण करने के उपरान्त संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। राव ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि क्षेत्र में गिरते भूजल स्तर के प्रति किसानों को जागरूक कर उन्हें एसटीपी का शोधित पानी इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि नहरी पानी को क्षेत्र की पीने के पानी की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप इस्तेमाल में लाया जा सके।

उन्होंने अपने निरीक्षण दौरे की जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने आज गुरुग्राम से झज्जर तक एसटीपी चैनल का निरीक्षण किया है। 500 एमएलडी की क्षमता वाली इस ड्रेन में अभी धनवापुर की कुल 218 एमएलडी क्षमता में से 75 एमएलडी पानी छोड़ा जा रहा है, जो कि झज्जर जिला में किसानों द्वारा खेती में इस्तेमाल किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आधुनिक शोधित जल तकनीकों के माध्यम से अब एसटीपी का जल खेती के लिए सुरक्षित और उपयोगी हो चुका है। इससे भूजल स्तर में गिरावट को रोका जा सकेगा और किसानों को सिंचाई के लिए वैकल्पिक स्रोत भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे किसानों को इस जल के उपयोग के लिए जागरूक करें और आवश्यक तकनीकी सहायता भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हुए किसानों की उत्पादकता में वृद्धि हो और जल संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

# नगर निगम ने गांव बड़ैल और सेक्टर 45 में हटाए अतिक्रमण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



सार्वजनिक भूमि को पुन: प्राप्त करने के एक निर्णायक कदम के तहत, नगर निगम चंडीगढ़ ने शुक्रवार को बड़ैल गांव और सेक्टर 45 में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। अमित कुमार, आईएएस, आयुक्त, नगर निगम चंडीगढ़ के निर्देशानुसार, यह अभियान निगम की भूमि पर किए गए अवैध कब्जों और वाहनों की अनधिकृत डंपिंग के खिलाफ चलाया गया।

इस अभियान के दौरान, 23 परित्यक्त कारें, 2 मोटरसाइकिल और कार की सीटें, दरवाजे, जैक सहित विभिन्न अन्य वाहन के पुर्जे हटाए गए। ये वस्तुएं या तो अवैध रूप से फेंकी गई थीं या लावारिस हालत में छोड़ दी गई थीं, जिससे सार्वजनिक स्थान पर कब्जा हो रहा था और स्थानीय निवासियों को असुविधा हो रही थी।

बड़ैल गांव और सेक्टर 45 में कुल 42 चालान संबंधित नगर निगम नियमों के तहत उल्लंघनकर्ताओं को जारी किए गए। नगर आयुक्त ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे प्रवर्तन अभियान जारी रहेंगे और बार-बार उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी। आयुक्त ने कहा कि शहर के सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ और सभी के लिए सुलभ बनाए रखना आवश्यक है। किसी को भी निजी लाभ के लिए सार्वजनिक भूमि के दुरुपयोग का अधिकार नहीं है। यह अभियान शहर भर में व्यवस्था बनाए रखने, शहरी सौंदर्यीकरण सुधारने और सार्वजनिक संपत्ति के न्यायसंगत उपयोग को सुनिश्चित करने की व्यापक पहल का हिस्सा है।

## न्यूज ब्रीफ

### सीआईएसएफ यूनिट को 4.97 लाख मिला दान



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक ने बैंक की सीएसआर गतिविधि के तहत हवाई अड्डे के पास सीआईएसएफ इकाई एएसजी चंडीगढ़ कर्मियों के परिवार के सदस्यों के लिए संरक्षिका केंद्र स्थापित करने हेतु 4.97 लाख रुपए का दान दिया। यह फंड यूनिट की स्वास्थ्य और फिटनेस संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए दिया गया।संरक्षिका केंद्र का उद्घाटन मनोरंजन पांडा, महाप्रबंधक नेटवर्क - एक, भारतीय स्टेट बैंक, चंडीगढ़ मंडल और जी भुवनेश कुमार, वरिष्ठ कमांडेंट सीआईएसएफ यूनिट एएसजी चंडीगढ़ की उपस्थिति में किया गया। इस कार्यक्रम में बैंक के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। मनोरंजन पांडा ने सामुदायिक कल्याण में कॉर्पोरेट भागीदारी के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि एसबीआई में, हम सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने और सीआईएसएफ इकाई और उनके परिवारों की भलाई में योगदान देने वाली पहल का समर्थन करते हैं।

### मतदान के लिए मानदंडों को बनाया युक्तिसंगत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने और मतदान दिवस की व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के अपने निरंतर प्रयासों के अनुरूप, भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने दो नए व्यापक निर्देश जारी किए हैं: एक मतदान केंद्रों के पास मतदाताओं के लिए मोबाइल डिपॉजिट सुविधा शुरू करना और दूसरा प्रचार के लिए मानदंडों को युक्तिसंगत बनाना। ये उपाय जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 और चुनाव संचालन नियम, 1961 के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार हैं। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मोबाइल फोन के व्यापक उपयोग को स्वीकार करते हुए - और मतदाताओं, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग व्यक्ति) मतदाताओं द्वारा सामना की जाने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को देखते हुए- आयोग ने मतदान केंद्रों के ठीक बाहर मोबाइल फोन जमा करने की सुविधा देने का निर्णय लिया है। मतदाताओं को मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार के पास रखे गए साधारण पिजनहोल बॉक्स या जूट बैग में अपने मोबाइल फोन जमा करने होंगे।

### सुरक्षा राशि न लौटाने पर कैशियर पर लगाया जुर्माना

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सेवा अधिकार आयोग ने उपभोक्ता को सेवा प्रदान करने में देरी और लापरवाही के गंभीर मामलों को संज्ञान में लेते हुए विद्युत विभाग, उप-मंडल शहरी, सोनीपत के अधिकारियों के विरुद्ध कठोर निर्णय लिए हैं। सोनीपत निवासी श्रीमती अल्का गुलाटी ने आयोग को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने विद्युत विभाग, सोनीपत में अतिरिक्त जमा सुरक्षा राशि 4 हजार 500 रुपये की वापसी के लिए आवेदन किया था, लेकिन विभाग द्वारा न तो यह राशि समय पर वापस की गई और न ही कोई स्पष्ट जानकारी दी गई। आयोग के प्रवक्ता ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आयोग ने जांच में पाया कि अशोक कुमार, कैशियर द्वारा उपभोक्ता की अतिरिक्त सुरक्षा राशि 4 हजार 500 रुपए की वापसी में अत्यधिक देरी की गई, जो स्पष्ट रूप से उनकी लापरवाही को दर्शाता है। इस लापरवाही के लिए आयोग ने अशोक कुमार पर 3 हजार रुपए का सांकेतिक जुर्माना लगाया है तथा 1 हजार उपभोक्ता को मुआवजे के रूप में देने का आदेश दिया है।

### एमसीसी की वित्त और अनुबंध समिति ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ की वित्त और अनुबंध समिति (एफएंडसीसी) की 352वीं बैठक आज शहर की महापौर हरप्रीत कौर बबला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नवाचारी राजस्व सृजन उपायों और नगर अवसंरचना में सुधार को लेकर प्रमुख चर्चाएं हुईं। समिति ने सप्ताहांत में सेक्टर 17 प्लाजा में कला और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का प्रस्ताव रखा। बैठक का समापन समिति द्वारा कुशल शासन और जनसेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया।

# पार्क ग्रेशियन अस्पताल ने कोर्ट में लगाया मेगा हेल्थ चेकअप कैंप

**अनंत ज्ञान, पंचकूला**



न्याय की सेवा में दिन-रात लगे अधिवक्ता और न्यायाधीश अब स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी जागरूक हो रहे हैं। इसी उद्देश्य को साकार करते हुए डिस्ट्रिक्ट कोर्ट, सेक्टर-1, पंचकूला में पार्क ग्रेशियन अस्पताल, मोहाली दुवारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 300 से अधिक अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया।

इस विशेष शिविर की एक खास बात रही कि पंचकूला के सेशन जज वेदप्रकाश सिरोही ने भी इस मौके पर उपस्थित होकर अपना हेल्थ चेकअप करवाया, जिससे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का एक सशक्त संदेश गया।

शिविर में नेत्र रोग, इंटरनल मेडिसिन और ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी पर एक्सपर्ट मेडिकल कंसल्टेशन दिया गया। हड्डियों की मजबूती, ईसीजी, ब्लड शुगर और बीएमआई की निशुल्क जांच निशुल्क जांच की गई। सेवा संस्था के ऑनर रमेश ने भी अपना योगदान दिया, जिन्होंने सभी प्रतिभागियों के लिए दवाइयां निशुल्क उपलब्ध कराईं।

# वुमन फॉर ट्रीज अभियान के तहत स्थल चयन पूरा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** अमृत मित्र पहल-'वुमन फॉर ट्रीज' के अंतर्गत आज चंडीगढ़ में डिग्गियां और मल्यौया स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) के आसपास पौधरोपण अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' के लिए स्थल चयन की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की गई। अमित कुमार, आईएएस, आयुक्त, नगर निगम चंडीगढ़ ने कहा कि यह हरित पहल विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के माध्यम से शहरी हरित आवरण को सशक्त बनाने और पर्यावरणीय चेतना को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है।

यह अभियान माताओं को पौधरोपण के माध्यम से समर्पित है और यह एएमआरयूटी (अटल मिशन फॉर रीजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन) योजना के तहत टिकाऊ शहरी जीवन की राष्ट्रीय पहल के अनुरूप है। चंडीगढ़ नगर निगम की टीमों ने स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों और पर्यावरण स्वयंसेवकों के साथ मिलकर एसटीपी परिसरों और उनके आस-पास के क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया और स्वदेशी एवं पर्यावरण-अनुकूल वृक्ष प्रजातियों के रोपण के लिए उपयुक्त स्थलों की पहचान की। चयन पारिस्थितिकीय स्थायित्व, पर्याप्त धूप, मिट्टी की गुणवत्ता और रखरखाव की सुविधा को ध्यान में रखकर किया गया।

# रेडक्रॉस सोसायटी यूटी चंडीगढ़ ने लगाया रक्तदान शिविर

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, यूटी शाखा चंडीगढ़ ने श्री शिव कंवर महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से शुक्रवार को डीलक्स बिल्डिंग (पुराना यूटी सचिवालय), सेक्टर-9, में रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य अभियंता सीबी ओझा और चंडीगढ़ प्रशासन के जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव तिवारी ने किया।

रेडक्रॉस, यूटी चंडीगढ़ की नोडल अधिकारी सुश्री पूनम मलिक ने सोसायटी द्वारा किए गए विभिन्न रक्तदान पहलों के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अब तक रेडक्रॉस सोसायटी, यूटी चंडीगढ़ द्वारा कुल आठ शिविर आयोजित किए गए हैं। इन 8 शिविरों में 600 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। सेक्टर 9 स्थित डीलक्स बिल्डिंग में आयोजित आज के शिविर को उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया मिली, जिसके परिणामस्वरूप 180 यूनिट से अधिक रक्त एकत्रित हुआ।

चैरिटेबल ट्रस्ट ने रक्तदाताओं को उदारतापूर्वक जलपान उपलब्ध कराया, जिससे कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान मिला। सोसायटी ने रक्तदाताओं, श्री शिव कांवड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट और उन गणमान्य व्यक्तियों का हार्दिक आभार व्यक्त करता है जिनके सहयोग से यह नेक पहल सफल हुई।

### भोपाल में पेड़ से टकराई कार, तीन की मौत

**एजेंसी, भोपाल।** भोपाल के खजूरी सड़क थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य घायल है। मृतकों की पहचान प्रीत आहूजा, विशाल डाबी और पंकज सिसोदिया के रूप में हुई है। प्रीत कपड़े की दुकान चलाता था। विशाल उसी की दुकान में काम करता था।



हादसे में घायल राहुल कंडारे को चिरायु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक्सीडेंट चिरायु अस्पताल के पास वीरवार-शुक्रवार की दरमियानी रात हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि पुलिस और एंबुलेंस सूचना देने के करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंची। पुलिस का अनुमान है कि हादसे के समय कार की स्पीड 120 किमी प्रति घंटे से ज्यादा रही होगी। आम तौर पर स्पीड 100 से 120 किमी प्रति घंटे पर होती है तो हादसे के वक्त एयरबैग फटते नहीं है। इस हादसे में कार के एयरबैग तक फट गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### कोर्ट ने पोक्सो एक्ट के दोषी को नहीं दी सजा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक ऐसे व्यक्ति को सजा नहीं दी, जिसे पोक्सो एक्ट के तहत दोषी ठहराया गया था। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल करते हुए यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा, 'जांच रिपोर्ट के मुताबिक, यह सच है कि कानून की नजर में यह एक अपराध है, लेकिन पीड़ित को ऐसा महसूस नहीं हुआ। उसे सबसे ज्यादा तकलीफ इस बात से हुई कि उसे लगातार पुलिस और कोर्ट में जाना पड़ा और आरोपी को सजा से बचाने की कोशिशें करनी पड़ीं।' दरअसल, मामले में युवक को उस समय दोषी ठहराया गया था, जब उसने एक नाबालिग लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। हालांकि, लड़की के बालिग होने पर दोनों ने शादी कर ली और अब वे अपने बच्चे के साथ रह रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### मंत्री विजय शाह ने तीसरी बार मांगी माफी

**एजेंसी, भोपाल।** सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकियों की बहन बताने वाले एमपी के मंत्री कुंवर विजय शाह ने एक बार फिर माफी मांगी है। उन्होंने कहा, 'यह मेरी भाषाई भूल थी। इसके लिए मैं बहन सोफिया कुरैशी और देशवासियों से माफी मांगता हूं।' मंत्री विजय शाह ने शुक्रवार को एक वीडियो जारी किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि किसी को ठेस पहुंचाना मेरा उद्देश्य नहीं था। भूल वश कहे शब्दों के लिए फिर से हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं। बता दें कि मंत्री विजय शाह की कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी के बाद हाईकोर्ट के आदेश पर उन पर एफआईआर दर्ज की गई थी। शाह ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, लेकिन वहां भी उन्हें राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी माफी को नामंजूर कर उनके बयान को लेकर एसआईटी गठित कर जांच के आदेश दे दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# राहुल गांधी ने विदेश मंत्री जयशंकर से पूछे 3 सवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



राहुल गांधी ने 22 मई को ऑपरेशन सिंदूर पर पीएम मोदी से भी 3 सवाल किए थे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार विदेश मंत्री एस. जयशंकर से 3 सवाल पूछे। एक दिन पहले राहुल ने पीएम मोदी से भी ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाकिस्तान सीजफायर को लेकर 3 सवाल पूछे थे। राहुल ने पार्टी की एक्स पोस्ट जिसमें जयशंकर डच ब्रॉडकास्टर NOS को इंटरव्यू दे रहे हैं, उसकी क्लिप अपने एक्स हैंडल पर शेयर की है। इसमें जयशंकर ने पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव पर सवालों के जवाब दिए थे। (अनंत ज्ञान)

**राहुल के तीन सवाल**

- **भारत को पाकिस्तान के साथ क्यों जोड़ा गया?**
- **पाकिस्तान की निंदा करने में एक भी देश ने हमारा साथ क्यों नहीं दिया?**
- **ट्रंप से भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा?**

### राहुल गांधी आज करेंगे पुंछ का दौरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 24 को जम्मू-कश्मीर के पुंछ का दौरा करेंगे। इस दौरान वो पाकिस्तान की गोलीबारी से हुए नुकसान का जायजा लेंगे। राहुल गांधी के इस कदम का मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने स्वागत किया है। सीएम ने कहा, 'राहुल गांधी पुंछ का दौरा करेंगे। वहां लोगों से मिलेंगे और हमदर्दी दिखाएंगे। मैं टीएमसी का शुक्रगुजार हूं कि शुरुआत उन्होंने की। उनके पांच सदस्य आए और रोड से गए। पुंछ गए और अब राजौरी में हैं। फिर जम्मू जाएंगे। चुनी ही सरकार और लोगों का फर्ज है कि वे लोगों तक पहुंचे. लोगों के मुश्किल को सुने और हल करने की कोशिश करे। उनका आना और लोगों की बातें सुनना अच्छी बात है।' (अनंत ज्ञान)

### आतंकी हाफिज सईद की भाषा बोल रही पाकिस्तानी सेना

# लेफ्टिनेंट जनरल अहमद चौधरी की धमकी पानी रोका, तो हम आपकी सांसें रोक देंगे

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तानी सेना ने एक बार फिर जाहिर कर दिया है कि वह आतंकियों की बोली बोलती है। सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने लश्कर ए तैयबा (एलईटी) के आतंकी हाफिज सईद की ही तरह सिंधु जल समझौते को लेकर भारत के खिलाफ जहर उगला है। चौधरी ने एक सार्वजनिक सभा में सिंधु जल संधि स्थगित करने के फैसले पर चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि यदि आप हमारा पानी रोकेंगे, तो हम आपकी सांसें रोक देंगे। यह अंदाज और बोल ठीक वैसे ही हैं जैसे हाफिज सईद ने हाल ही में उगले थे।



शरीफ चौधरी सिंधु जल संधि को तब तक स्थगित रखने के भारत के फैसले पर बोल रहे थे। दरअसल, भारत पहले ही कह चुका है कि जब तक इस्लामाबाद आतंकवाद को समाप्त नहीं कर देता और अपनी धरती से उत्पन्न होने वाले आतंकवादी समूहों को सहायता, वित्त पोषण और समर्थन बंद नहीं कर देता, तब तक सिंधु जल संधि स्थगित ही रहेगी। (अनंत ज्ञान)

**हाफिज मुंबई आतंकवादी हमलों का मास्टरमाइंड**

**चौधरी** का बयान लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद द्वारा इस्तेमाल की गई बयानबाजी से हूबहू मेल खाता है। सईद 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों का मास्टरमाइंड है। वह भारत और अमेरिका के खिलाफ अपने भड़काऊ भाषणों के लिए जाना जाता है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में हाफिज सईद को यही शब्द कहते हुए सुना जा सकता है। ये बयान ऐसे समय में आए हैं जब भारत ने 23 अप्रैल को सिंधु जल संधि के कुछ हिस्सों को निलंबित कर दिया था।

# सेंसेक्स 769 अंक चढ़कर 81,721 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

हफ्ते के आखिरी कारोबार दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 769 अंक चढ़कर 81,721 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 243 अंक की तेजी रही। यह 24,853 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में तेजी, जबकि दो में गिरावट रही। जोमैटो, पावर ग्रिड, ITC और बजाज फिनसर्व के शेयरों में 3.5 प्रतिशत तक की तेजी रही। नेस्ले इंडिया समेत कुल 14 शेयरों में 1.8 प्रतिशत तक की तेजी रही। सनफार्मा और एयरटेल 1.8 प्रतिशत तक फिसले।

**निफ्टी 243 अंक चढ़कर 24,853 के स्तर पर बंद**


वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 46 में तेजी और 4 में गिरावट रही। NSE के FMCG इंडेक्स में 1.63 प्रतिशत, प्राइवेट बैंक में 1.08 प्रतिशत, IT इंडेक्स में 0.95 प्रतिशत, मेटल में 0.76 प्रतिशत और रियल्टी में 0.64 प्रतिशत की तेजी रही। फार्मा और हेल्थ केयर में मामूली गिरावट रही। (अनंत ज्ञान)

### सोना 300, चांदी 1135 रुपए महंगी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 23 मई को तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 299 रुपए बढ़कर 95,516 रुपए पर पहुंच गया है। वीरवार को यह 95,516 रुपए प्रति 10 ग्राम था। वहीं, चांदी की कीमत भी 1,135 रुपए बढ़कर 97,654 रुपए पर पहुंच गई है। कल चांदी 96,519 रुपए किलो थी। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था। (अनंत ज्ञान)

# भारत में अब तक कोरोना के 257 मामले पंजीकृत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत में अब तक कोरोना के 257 मामले मिले हैं। केरल में सबसे ज्यादा 95 मामले मिले हैं, तमिलनाडु में 66 और महाराष्ट्र में 56 नए केस मिले हैं। नए मामलों के लिए कोरोना के JN1 वैरिएंट को वजह माना जा रहा है। एक्सपर्ट्स कोरोना की इस नई लहर को असामान्य बता रहे हैं, क्योंकि कोरोना एक श्वसन रोग है, जो आमतौर पर सर्दियों में ज्यादा फैलता है, लेकिन इस बार गर्मियों में, जब दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा है, तब भी मामले बढ़ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका में कमाए पैसे भारत भेजने पर अब लगेगा 3.5 फीसदी टैक्स

## अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में 'वन बिग, ब्यूटीफुल बिल एक्ट' पारित

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका में कमाए पैसों को भारत भेजने पर 3.5 प्रतिशत टैक्स लगेगा। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने 22 मई को 'वन बिग, ब्यूटीफुल बिल एक्ट' पारित कर दिया है। इस बिल में विदेशी कामगारों द्वारा अमेरिका में कमाए गए पैसों को अपने देश भेजने पर टैक्स लगाने का प्रावधान है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस नई पॉलिसी का सबसे बड़ा प्रभाव भारत पर पड़ सकता है। भारतीय प्रवासी वहां बड़ी संख्या में काम करते हैं। इसलिए भारतीय प्रवासी अमेरिका से सबसे अधिक रेमिटेंस भेजते हैं। रेमिटेंस का मतलब प्रवासियों द्वारा अपने देश को भेजे जाने वाला धन है। सीनेट की मंजूरी के 1 जनवरी, 2026 से यह लागू हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**क्या है वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट ?**




**यह** एक टैक्स बिल है, जिसके तहत अमेरिका में काम करने वाले विदेशी कामगारों द्वारा अपने देश भेजे जाने वाले धन (रेमिटेंस) पर टैक्स लगाया जाएगा। शुरुआत में टैक्स की दर 5 प्रतिशत थी, लेकिन अब इसे घटाकर 3.5 प्रतिशत कर दिया गया है।

**प्रयास** पाक के खिलाफ एफएटीएफ के समक्ष मजबूत मामला रखेगा भारत

# पाकिस्तान को फिर से ग्रे लिस्ट में डालने की कवायद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। भारत का मानना है कि पाकिस्तान अपने क्षेत्र से उत्पन्न आतंकवाद पर कार्रवाई करने में विफल रहा है और वह बहुपक्षीय एजेंसियों से प्राप्त धनराशि को हथियार और गोला-बारूद खरीदने में लगा रहा है। जो देश धन शोधन, आतंकवादी वित्तपोषण और प्रसार वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिए अपने शासन में रणनीतिक कमियों को दूर करने में विफल रहते हैं, और जिन पर कड़ी निगरानी रखी जाती है, उन्हें एफएटीएफ की ग्रे सूची में रखा जाता है।

अब भारत एफएटीएफ के समक्ष पाकिस्तान को धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण रोधी नियमों का पालन करने में विफल रहने के कारण उसे अपनी ग्रे सूची में वापस लाने के लिए मजबूत मामला रखेगा। एक सरकारी सूत्र ने यह जानकारी दी है। जब सूत्र से पूछा गया कि क्या भारत वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) के समक्ष पाकिस्तान को ग्रे सूची में रखने का मामला रखेगा, तो उन्होंने कहा, 'हम इस मुद्दे को (एफएटीएफ के समक्ष) उठाएंगे।'

जब एफएटीएफ किसी क्षेत्र को को बढ़ी हुई निगरानी के अधीन रखता है, तो इसका अर्थ है कि उस देश ने निर्धारित समय-सीमा के भीतर पहचानी गई रणनीतिक कमियों को शीघ्रता से हल करने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई है और अब उस पर बढ़ी हुई निगरानी लागू होगी। (अनंत ज्ञान)

**2022 में ग्रे लिस्ट से हटा था पाकिस्तान**

एफएटीएफ, जो कि एक निर्णय लेने वाली संस्था है, की पूर्ण बैठक साल में तीन बार-फरवरी, जून और अक्तूबर में होती है। 2018 में पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में रखा गया था और उसने मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी वित्तपोषण पर लगाम लगाने के लिए एक कार्ययोजना दी थी। इसके बाद 2022 में एफएटीएफ ने पाकिस्तान को इस सूची से हटा दिया था। भारत ने इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान को आईएमएफ के बेलआउट पैकेज की किश्त जारी करने का विरोध किया था।

### दिल्ली में 121 अवैध बांग्लादेशी गिरफ्तार

**दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर भारत में अवैध रूप से रह रहे 121 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है, जिन्हें डिपोर्ट किया जाएगा। दिल्ली में पकड़े गए अवैध बांग्लादेशियों को लेकर उनके निर्वासन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के माध्यम से की जा रही है। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि एक सप्ताह में अवैध प्रवासियों को हिरासत में लिया गया है। इन सभी से पूछताछ की जा रही है। कैसे भारत में एंट्री मिली और कैसे यहां तक पहुंचे हैं। (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड

गुजरात टाइटंस





ऑरेंज कैप
**साई सुदर्शन**
638

राजस्थान रॉयल्स





पर्पल कैप
**प्रसिद्ध कृष्णा**
21

लखनऊ सुपर जायंट्स





सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
40

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात | 13 | 09 | 04 | 00 | 18 |
| 2. | बेंगलुरु | 12 | 08 | 03 | 01 | 17 |
| 3. | पंजाब | 12 | 08 | 03 | 01 | 17 |
| 4. | मुंबई | 13 | 08 | 05 | 00 | 16 |
| 5. | दिल्ली | 13 | 06 | 06 | 01 | 13 |
| 6. | लखनऊ | 13 | 06 | 07 | 00 | 12 |
| 7. | कोलकाता | 13 | 05 | 06 | 02 | 12 |
| 8. | हैदराबाद | 12 | 04 | 07 | 01 | 09 |
| 9. | राजस्थान | 14 | 04 | 10 | 00 | 08 |
| 10. | चेन्नई | 13 | 03 | 10 | 00 | 06 |

## स्पोर्ट्स विंडो

### इंडियन ओपन सर्फिंग 30 मई से



**एजेंसी, मंगलुरू।** राष्ट्रीय सर्फिंग चैंपियनशिप सीरिज का दूसरा चरण इंडियन ओपन सर्फिंग का छठा सत्र 30 मई से एक जून तक खेला जाएगा। भारतीय सर्फिंग महासंघ ने कहा कि इसका आयोजन सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन और मंत्रा सर्फ क्लब करेगा। तीन दिवसीय स्पर्धा में भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले सर्फर चार वर्गों पुरुष ओपन, महिला ओपन, अंडर 16 लड़के और अंडर 16 लड़कियों के वर्ग के मुकाबले होंगे। भारतीय सर्फिंग महासंघ के अध्यक्ष अरुण वासु ने कहा,''2024 में हमारे सर्फर ने पहली बार एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई करके इतिहास रचा था जो देश में इस खेल के विकास के लिये मील का पत्थर साबित हुआ।'' (अनंत ज्ञान)

### मारिया का खूबसूरत टेनिस अंदाज

**रूस।** मारिया क्रिलिंकोवा का जिक्र आते ही 2009 में कराए गए हॉट फोटोशूट (स्विमसूट एडिशन) का यादें फैंस के जेहन में ताजा हो जाती हैं। तब उनकी तस्वीरों ने दुनियाभर में तहलका मचा दिया था। उन्होंने वोग्स सहित कई बड़ी मैगजीन के लिए फोटोशूट कराए।



### दीक्षा, अवनि व हिताशी जबरा लेडीज टूर्नामेंट में संयुक्त 36वें स्थान पर



दीक्षा डागर

**एजेंसी, इविन लेस बेंस (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर, अवनि प्रशांत और हिताशी बक्षी जबरा लेडीज टूर्नामेंट में एक ओवर 72 के स्कोर के साथ पहले दौर के बाद संयुक्त 36वें स्थान पर हैं । भारत की ही त्वेसा मलिक की शुरुआत खराब रही और चार ओवर 75 के स्कोर के साथ वह संयुक्त 84वें स्थान पर हैं । स्वीडन की मोआ फोल्के बढ़त बनाए हुए हैं जिन्होंने आठ बर्डी लगाए और एक बोगी किया । (अनंत ज्ञान)

**आईपीएल** 11 साल में पहली बार शीर्ष दो में रहने पर पंजाब किंग्स की नजरें

# पंजाब और दिल्ली कैपिटल्स आज होंगे आमने-सामने

**एजेंसी, जयपुर**

एक दशक की नाकामी के बाद सफलता की नई दास्तान लिख रही पंजाब किंग्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी, तो उसकी नजरें 11 साल में पहली बार शीर्ष दो में जगह बनाने पर लगी होंगी।

इससे पहले 2014 सत्र में पंजाब टीम लीग में शीर्ष पर रही थी, लेकिन फाइनल में हार गई। पंजाब पिछले 18 साल के लीग के इतिहास में एक बार और ही प्लेऑफ में पहुंच सकी है। 11 वर्ष का इंतजार खत्म करने के बाद अब पंजाब की नजरें शीर्ष दो में रहने पर ही नहीं बल्कि एक और फाइनल खेलकर पहला खिताब जीतने पर लगी है। आत्मविश्वास से ओत-प्रोत पंजाब टीम के हौसले और बढ़ गए जब उसके विदेशी खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस, आरोन हार्डी और काइल जैमीसन तीन दिन पहले टीम से जुड़े है। ये चारों चयन के लिए उपलब्ध होंगे, जब उनकी टीम मुंबई इंडियंस से हारकर यहां पहुंची दिल्ली का सामना करेगी।

**आत्मविश्वास से ओत-प्रोत पंजाब टीम के हौसले बुलंद**



भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण लीग एक सप्ताह के लिए स्थगित होने के बाद ये विदेशी खिलाड़ी स्वदेश लौट गए थे। पंजाब और दिल्ली के बीच आठ मई को धर्मशाला में मैच पहली पारी के बाद बीच में रद्द कर दिया गया था। टूर्नामेंट बहाल होने के बाद पंजाब टीम ने अपने विदेशी खिलाड़ियों को वापस बुला लिया। आईपीएल प्लेऑफ में तीन अलग अलग टीमों की कप्तानी करने वाले पहले कप्तान बने पंजाब के श्रेयस अय्यर पर काफी दारोमदार होगा, जो बतौर कप्तान अपना शानदार फॉर्म कायम रखना चाहेंगे। पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाने वाले अय्यर 2019 और 2020 में दिल्ली को प्लेआफ तक ले जा चुके हैं। दिल्ली की टीम 2020 में उनकी कप्तानी में फाइनल में पहुंची थी।

पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह (458 रन), अय्यर (435 रन), प्रियांश आर्य (356 रन ), अर्शदीप सिंह (11 विकेट) और युजवेंद्र चहल (13 विकेट) ने शानदार प्रदर्शन किया है। दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स को कई मौके मिले, लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव साफ नजर आया। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के लौट जाने से भी उसके प्रदर्शन पर असर पड़ा। अब टीम जीत के साथ टूर्नामेंट से विदा लेना चाहेगी। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**पंजाब किंग्सः** श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, नेहल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बराड़, विष्णु विनोद, मार्को जानसन, लॉकी फर्ग्यूसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई।

**दिल्ली कैपिटल्सः** अक्षर पटेल (कप्तान), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, लोकेश राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकंडे, डोनोवन फरेरा, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।

## बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच के बाद टेस्ट को अलविदा कहेंगे मैथ्यूज

**एजेंसी, कोलंबो**

श्रीलंका के अनुभवी हरफनमौला एंजेलो मैथ्यूज ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ अगले महीने पहले टेस्ट के बाद वह पांच टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। 37 वर्ष के मैथ्यूज हालांकि, सफेद गेंद का क्रिकेट खेलते रहेंगे। उनका आखिरी टेस्ट 17 से 21 जून के बीच गॉल में खेला जाएगा।



मैथ्यूज ने 'एक्स' पर लिखा,''कृतज्ञ हृदय और अविस्मरणीय यादों के साथ। अब समय आ गया है कि मैं खेल के सबसे अद्भुत प्रारूप से विदा लूं , अंतरराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट। बांग्लादेश के खिलाफ जून में पहला टेस्ट देश के लिए मेरा आखिरी टेस्ट होगा।'' उन्होंने कहा,''मैं टेस्ट प्रारूप से विदा ले रहा हूं, लेकिन सफेद गेंद के प्रारूप में खेलने के लिए उपलब्ध रहूंगा। अब समय आ गया है कि युवा पीढी टेस्ट क्रिकेट में बागडोर संभाले।''


मैथ्यूज ने 2009 में पदार्पण के बाद से 118 टेस्ट में 8167 रन बनाए हैं और श्रीलंका के इतिहास में कुमार संगकारा (12400) और माहेला जयवर्धने (11814) के बाद सबसे ज्यादा रन उन्हीं के नाम है। श्रीलंका क्रिकेट ने उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा,''श्रीलंका क्रिकेट के असल सेवक। 17 वर्ष तक नेतृत्व कुशलता, प्रतिबद्धता और लाल गेंद के क्रिकेट में अविस्मरणीय यादों के लिए शुक्रिया। आपके समर्पण और जुनून ने एक पूरी पीढ़ी को प्रेरित किया। भविष्य के लिए शुभकामनाएं। सफेद गेंद के क्रिकेट में आपका योगदान जारी रहने का इंतजार।'' (अनंत ज्ञान)

## हैदराबाद को बेंगलुरु ने दिए शुरुआती झटके

**एजेंसी, बेंगलुरु**

आईपीएल का 65वां मैच रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला गया। बेंगलुरु ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। रजत पाटीदार की जगह जितेश शर्मा टीम की कप्तानी कर रहे हैं। रजत बतौर इम्पेक्ट प्लेयर के रूप में खेलेंगे। पहले बल्लेबाजी करने आए हैदराबाद के ओपनर बल्लेबाजी अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने थोड़ी देर पारी पारी को संभाला और बेंगलुरु के गेंदबाजी की धुनाई शुरू कर दी।





हेड का विकेट लेने के बाद खुशी मनाते रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु बेंगलुरु के खिलाड़ी तथा (इनसेट) शॉट खेलता अभिषेक शर्मा।

अभिषेक शर्मा ने 17 गेंदों में 34 रन बनाए और जिन्हें लंगी एनगिडी ने फिल सॉल्ट के हाथों कैच करवाया। ट्रेविस हेड भी अभिषेक के बाद जल्दी ही चलते बने। हेड ने 10 गेंदों में 17 रन बनाए और रोमारियो शेफर्ड को कैद दे बैठे। ईशान किशन के साथ हेनिरिक क्लासेन ने पारी को संभाला, लेकिन क्लासेन भी 13 गेंदों में 24 रन बनाकर चलते बने। क्लासेन को सुयश शर्मा ने शेफर्ड के हाथों कैच करवाया। समाचार लिखे जाने तक हैदराबाद ने 12 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 148 रन बना लिए थे। ईशान किशन (42) और अंकित वर्मा (26) रन पर खेल रहे थे। (अनंत ज्ञान)

## रोहित-विराट के बिना कठिन, लेकिन दूसरों के लिए यह मौका : गंभीर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने स्वीकार किया कि विराट कोहली और रोहित शर्मा की गैर मौजूदगी टीम के लिये बड़ी चुनौती होगी, लेकिन कहा कि टेस्ट क्रिकेट से उनके संन्यास ने दूसरे खिलाड़ियों के लिये आगे बढ़कर जिम्मेदारी लेने का मौका बनाया है।

रोहित और विराट ने एक सप्ताह के भीतर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। दोनों ने अगले महीने पांच टेस्ट के इंग्लैंड दौरे से पहले यह घोषणा की। गंभीर ने कहा,''मेरा मानना है कि आप कब खेलना शुरू करते हैं और कब खत्म करना चाहते हैं, यह व्यक्तिगत फैसला है। किसी और को हक नहीं है। कोच हो, चयनकर्ता या देश में कोई और, क्या किसी को किसी को भी यह बताने का अधिकार है कि उसे कब संन्यास लेना है और कब नहीं। यह खुद का फैसला होता है।'' दोनों के जाने के



बाद भारत को नये टेस्ट कप्तान की जरूरत भी होगी और गंभीर ने स्वीकार किया कि इन दोनों की जगह लेना आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा,''हम अपने दो सबसे सीनियर अनुभवी खिलाड़ियों के बिना जाएंगे। कई बार मुझे लगता है कि यह दूसरे खिलाड़ियों के पास अपनी उपयोगिता साबित करने का मौका भी है।'' गंभीर ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत से इसकी तुलना की जो जसप्रीत बुमराह की गैर-मौजूदगी में मिली थी।

उन्होंने कहा,''यह कठिन होगा, लेकिन ऐसे खिलाड़ी होंगे जो जिम्मेदारी लेने को तैयार होंगे। यह सवाल मुझे चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भी पूछा गया था।'' गंभीर ने कहा,''जब जसप्रीत बुमराह नहीं था, तब भी मैंने यही बात कही थी। किसी के नहीं होने से दूसरे खिलाड़ी को कुछ खास करने का मौका मिलता है। उम्मीद है कि ऐसे खिलाड़ी होंगे जो इस मौके का इंतजार कर रहे होंगे।'' (अनंत ज्ञान)

## किदाम्बी श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में



**एजेंसी, कुआलालंपुर**

भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने शुक्रवार को यहां चुनौतीपूर्ण पुरुष एकल मुकाबले में अपने से ऊंची रैंकिंग के फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव पर तीन गेम में जीत दर्ज कर मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

65वीं रैंकिंग पर काबिज श्रीकांत ने क्वार्टर फाइनल में दुनिया के 18वें नंबर के पोपोव को कड़ी टक्कर देते हुए एक घंटे 14 मिनट में 24-22, 17-21, 22-20 से शिकस्त दी। अब पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत का सामना अंतिम चार में जापान के युशी टनाका से होगा। इस तरह विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारतीय का यह एक साल में पहला सेमीफाइनल होगा।

टनाका ने शनिवार को पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में टोमा जूनियर के भाई क्रिस्टो पोपोव को 21-18, 16-21, 21-6 से पराजित किया था। पुरुष एकल का दूसरा सेमीफाइनल जापान के चौथे वरीय कोडाई नारोका और चीन के दूसरे वरीय लि शि फेंग के बीच खेला जाएगा। ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गई थी, जिससे श्रीकांत बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय बचे हैं।

कपिला और क्रास्टो ने चीन के शीर्ष वरीय जियांग झेन बांग और वेई या जिन की जोड़ी को पहले गेम में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन लय गंवा बैठे और 35 मिनट तक चले मुकाबले में 22-24, 13-21 से हारकर बाहर हो गए। (अनंत ज्ञान)

## सुदर्शन का फोकस फिलहाल आईपीएल पर

**एजेंसी, अहमदाबाद**



गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन इंग्लैंड दौरे के लिए भारत ए टीम में चयन से खुश हैं, लेकिन फिलहाल उनका पूरा फोकस आईपीएल क्वालीफायर और फाइनल पर टिका है। सर्रे के लिए खेलकर एक शतक जमा चुके 23 वर्ष के सुदर्शन को भारत ए टीम में चुना गया है और टेस्ट टीम में चयन के भी वह दावेदार हैं।

उन्होंने मीडिया से कहा,''मानसिक तौर पर पहले हमें आईपीएल पर फोकस करना है। एक बार वह खत्म हो जाए, फिर भारत ए दौरे के बारे में सोचेंगे, लेकिन मुझे खुशी है कि यह मौका मिला और मुझे यकीन है कि प्रदर्शन अच्छा रहेगा।'' अभी तक 13 मैचों में 638 रन बनाकर आरेंज कैप की दौड़ में शीर्ष पर काबिज सुदर्शन ने कहा,''इस समय सबसे अहम शीर्ष दो में रहना है ताकि हमें अतिरिक्त मौका (दूसरा क्वालीफायर खेलने का) मिल सके।'' उन्होंने कहा,'' फोकस उसी पर है। इन 13 मैचों में काफी कु छ सीखा है और कमियों पर मेहनत करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। हम प्लेआफ के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।'' (अनंत ज्ञान)

## डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए जवागल श्रीनाथ होंगे मैच रैफरी

**एजेंसी, दुबई।** भारतीय टीम भले ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में नहीं पहुंची हो, लेकिन पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ मैच रैफरी की भूमिका में भारत की मौजूदगी दर्ज कराएंगे, जबकि नितिन मेनन चौथे अंपायर के तौर पर डब्ल्यूटीसी में पदार्पण करेंगे। इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ और न्यूजीलैंड के क्रिस गाफाने लार्ड्स पर होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में मैदानी अंपायर होंगे। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 11 से 15 जून तक पहली दफा फाइनल में पहुंची दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। (अनंत ज्ञान)



## पहला हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 18 जून से चेन्नई में

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्व खिलाड़ियों के लिए पहला हॉकी इंडिया मास्टर्स कप-2025 18 से 27 जून तक चेन्नई में खेला जाएगा। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को आयोजन स्थल और तारीखों की घोषणा की। इस टूर्नामेंट में पुरुष और महिला खिलाड़ी भाग लेंगे।



हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा कि लीग के नियमों के तहत पुरुष वर्ग में 40 या उससे अधिक उम्र के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे, जबकि महिला वर्ग में यह सीमा 35 वर्ष है। दोनों श्रेणियों में टीमों की घोषणा जल्दी की जाएगी। इसमें भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को अपनी प्रदेश इकाइयों के पास पंजीयन कराना होगा। टूर्नामेंट लीग सह नॉकआउट आधार पर खेला जाएगा।

भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान असुंथा लाकड़ा ने इस बारे में कहा ,''पहले हॉकी इंडिया मास्टर्स कप का हिस्सा होना मेरे लिए भावनात्मक और रोमांचक पल है। हॉकी ने ही मुझे बनाया है और अब मुझे अपने साथ खेल चुके खिलाड़ियों के साथ फिर खेलने का मौका मिलेगा जो खास है।'' (अनंत ज्ञान)

**क्रिकेट** कोहली और रोहित के संन्यास के बाद भारतीय क्रिकेट में बदलाव की शुरुआत

# इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट कप्तानी की दौड़ में गिल सबसे आगे

**एजेंसी, मुंबई**

विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बाद भारतीय क्रिकेट में बदलाव के नए दौर की शुरुआत होगी जब पांच टेस्ट मैचों के इंग्लैंड दौरे के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ता शनिवार को नए टेस्ट कप्तान का चयन करेंगे।

इंग्लैंड दौरे के साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नये चक्र का आगाज होगा और 25 वर्ष के शुभमन गिल कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे हैं। आस्ट्रेलिया के पिछले दौरे पर जसप्रीत बुमराह उपकप्तान थे और उन्हें ही कप्तानी सौंपी जानी चाहिए थी, लेकिन उनकी फिटनेस और कार्यभार प्रबंधन को देखते हुए वह दौड़ में पिछड़ सकते हैं।

ऋषभ पंत आईपीएल में पूरी तरह से नाकाम रहे, लेकिन टेस्ट प्रारूप में बदलाव के दौर से गुजरने जा रही भारतीय टीम का वह अभिन्न अंग होंगे और उन्हें उपकप्तान बनाया जा सकता है।



कप्तान के अलावा टीम में ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं है। विराट और रोहित के जाने से खालीपन पैदा हुआ है, जिससे केएल राहुल जैसे बल्लेबाजों से उम्मीदें बढ़ जाएंगी। राहुल और यशस्वी जायसवाल 20 जून से लीड्स में शुरू हो रहे पहले टेस्ट में पारी का आगाज कर सकते हैं। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले साई सुदर्शन रिजर्व सलामी बल्लेबाज हो सकते हैं।

अब देखना यह है कि अतिरिक्त विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर करुण नायर, सरफराज खान या श्रेयस अय्यर में से किसी को चुना जाता है क्या। रविचंद्रन अश्विन के संन्यास के बाद रविंद्र जडेजा प्रमुख स्पिनर होंगे, लेकिन यह भी देखना होगा कि इंग्लैंड के हालात को देखते हुए क्या दो या तीन स्पिनरों को उतारा जा सकता है।

अगर दो को चुना जाता है तो वॉशिंगटन सुंदर को कुलदीप यादव पर तरजीह मिल सकती है। विकेटकीपिंग में पंत पहली पसंद होंगे और रिजर्व के तौर पर ध्रुव जुरेल को चुना जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

### बुमराह क्या पांच मैचों तक रह पाएंगे फिट



तेज गेंदबाजी में बुमराह क्या पांच मैचों तक फिट रह पाएंगे, यह एक सवाल है। मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर भी संदेह है। मोहम्मद सिराज तीसरे तेज गेंदबाज होंगे, लेकिन अगर पांच तेज गेंदबाजों को चुना जाता है तो प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप और अर्शदीप सिंह चुने जा सकते हैं।